

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा



WWW.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन-जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 83 | बुधवार, 06 मई 2026 | ज्येष्ठ कृष्णा पंचमी विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रुपया


## एक नजर



### पाकिस्तान में बड़े मौलाना की गोली मारकर हत्या

**दिल्ली।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मंगलवार, 5 मई को एक प्रमुख मौलाना की निशाना बनाकर गोली मारकर हत्या कर दी गई। न्यूज एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार यह जानकारी स्थानीय पुलिस ने दी है। पुलिस के अनुसार, अज्ञात हमलावरों ने शेख-उल-हदीस मौलाना मोहम्मद इदरीस की गाड़ी पर चारसद्दा जिला के उत्मानजई इलाके में घात लगाकर हमला किया। इस हमले में उनके साथ चल रहे दो सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, हमलावरों ने उस समय फायरिंग की जब मौलाना दारुल उलूम उत्मानजई में दरस-ए-हदीस (धार्मिक भाषण) देने जा रहे थे। उन्हें गंभीर चोटें आईं और जिला मुख्यालय अस्पताल ले जाते समय उनकी मौत हो गई। बाद में उनका शव उनके पैतृक गांव तुरंगजई, चारसद्दा जिले में ले जाया गया। उनकी मौत की खबर सुनकर बड़ी संख्या में उनके समर्थक अस्पताल पहुंच गए।

### सुप्रीम कोर्ट में बढ़ेगी जजों की संख्या, अब होंगे कुल 38 न्यायाधीश

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट ने एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस फैसले के तहत सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या बढ़ाई जाएगी। वर्तमान में मुख्य न्यायाधीश सहित कुल 34 जज हैं। अब इस संख्या को बढ़ाकर 38 करने का लक्ष्य रखा गया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस निर्णय की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा, 'वर्तमान में शीर्ष अदालत में 33 जज और एक सीजेआई हैं। जजों की संख्या में चार की बढ़ोतरी करने के लिए संसद के अगले सत्र में एक विधेयक लाया जाएगा।' संसद से मंजूरी मिलते ही सुप्रीम कोर्ट में प्रधान न्यायाधीश समेत कुल 38 जज हो जाएंगे।

## टीवीके विधायकों की बैठक में विजय को चुना गया विधायक दल का नेता

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद नई सरकार के गठन को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मंगलवार को अपना इस्तीफा दे दिया है। इस बीच विजय को टीवीके विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। सभी नए विधायकों के दस्तखत लिए जा रहे हैं। अब तक 90 विधायकों ने दस्तखत कर दिए हैं।



तमिलनाडु में इस बार टीवीके सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है. टीवीके ने राज्य की 234 में से 107 सीटें जीती हैं। हालांकि, बहुमत से अभी भी 11 सीटें कम हैं। वहीं, डीएमके को 59 सीटें मिली हैं. जबकि, AIADMK ने 47 सीटों पर जीत हासिल की है। टीवीके भले ही सबसे बड़ी पार्टी बनी है, लेकिन सरकार बनाने के लिए उसके पास जरूरी सीटें नहीं हैं। ऐसे में विजय के पास अब दो रास्ते हैं। पहला- गठबंधन सरकार बनाना। या फिर दूसरा- कुछ पार्टियों के बाहरी समर्थन से अल्पमत सरकार बनाने की कोशिश करना। अब इस बात की पूरी संभावना है कि तमिलनाडु में एक बार फिर गठबंधन की ही सरकार बनेगी। इससे विजय की ही स्थिति मजबूत होगी। अपने चुनाव प्रचार के दौरान भी उन्होंने कई साफ तौर पर कहा था कि वह सत्ता में हिस्सेदारी देने के लिए तैयार हैं। अपनी सरकार बनाने के लिए विजय को छोटी पार्टियों को अपने साथ लाना होगा। तमिलनाडु में वीसीके के 2, लेफ्ट के 4, कांग्रेस के 5 और IUML के 2 विधायक हैं. PMK के पास भी 4 विधायक हैं और वह गठबंधन के लिए पूरी तरह तैयार है।

## ट्रंप की सुरक्षा में फिर लगी सेंध! व्हाइट हाउस के पास हथियारबंद ने चलाई गोलियां

**वाशिंगटन।** एक बार फिर अमेरिका में राष्ट्रपति की पूरी सुरक्षा पर सवाल उठ गया है। अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन में व्हाइट हाउस के पास अचानक गोलियों की आवाज गूंज उठी और इलाके में अफरा-तफरी मच गई। वजह थी कि एक हथियारबंद व्यक्ति यहां पहुंच गया था जिसने सीक्रेट सर्विस एजेंट्स पर गोलियां चलाईं और जवाब में उसे गोली मार दी गई, सुरक्षा एजेंसियां तुरंत सतर्क हो गईं। बड़ी बात यह थी कि घटना उस समय हुई जब उपराष्ट्रपति का काफिला अभी-अभी वहां से गुजरा था।



अभी कुछ दिन पहले ही एक इवेंट में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर जानलेवा हमले की कोशिश हुई थी (दो साल में तीसरी ऐसी कोशिश)। फिर सवाल उठने लगे हैं कि क्या यह हमला किसी बड़े नेता को निशाना बनाने के लिए था या सिर्फ एक संदिग्ध गतिविधि? इस घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं और जांच एजेंसियां अब हर पहलू को ध्यान से खंगाल रही हैं।

न्यूज एजेंसी एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास, व्हाइट हाउस के पास एक हथियारबंद आदमी को यूएस सीक्रेट सर्विस (यूएसएसएस) के एजेंट्स ने गोली मार दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना सोमवार को वॉशिंगटन शहर के बीचों-बीच हुई। इस वजह से कुछ समय के लिए पास में मौजूद व्हाइट हाउस को बंद (लॉकडाउन) कर दिया गया। यूएस सीक्रेट सर्विस के डिप्टी डायरेक्टर मैथ्यू क्विन ने बताया कि यह गोलीबारी नेशनल मॉल के पास हुई। यह घटना उस समय हुई जब उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का काफिला वहां से गुजर चुका था।

# चीन की पटाखा फैक्ट्री में मिसाइल हमले जैसा जोरदार धमाका, 21 लोगों की मौत

### मध्य चीन के हुनान प्रांत के लियुयांग में घटना, 61 घायल, कंपनी के अधिकारी हिरासत में

**बीजिंग।** मध्य चीन के हुनान प्रांत के लियुयांग में एक पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट होने से 21 लोगों की मौत हो गई और 61 लोग घायल हो गए। सोमवार शाम हुए इस हादसे के बाद 482 जवानों और रेस्क्यू रोबोट्स को बचाव कार्य में लगाया गया है। खतरे को देखते हुए 3 किलोमीटर के इलाके को खाली करा लिया गया है।

मध्य चीन के हुनान प्रांत से एक बेहद दर्दनाक और खौफनाक खबर सामने आई है। यहां की एक पटाखा फैक्ट्री में अचानक हुए भयानक विस्फोट ने पूरे इलाके को दहला कर रख दिया है। इस दिल दहला देने वाले हादसे में अब तक 21 लोगों की जान जा चुकी है, जबकि 61 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। धमाका इतना जोरदार था कि आसपास के इलाकों में भारी तबाही मच गई और आसमान में धुएं का गुबार छा गया। इस भीषण त्रासदी के बाद प्रशासन ने तुरंत मोर्चा संभाल लिया है और राहत व बचाव कार्य युद्ध स्तर पर जारी है।



**प्रशासन ने क्या कड़े कदम उठाए?**

इस भयंकर विस्फोट के बाद भी खतरा पूरी तरह से टला नहीं है। प्लांट के अंदर काले बारूद (ब्लैक पाउडर) के दो बड़े गोदाम मौजूद हैं, जिनसे एक और बड़ा धमाका होने का भारी जोखिम बना हुआ है। इस खतरे को देखते हुए बचाव कमान ने घटनास्थल के 1 किलोमीटर के दायरे को 'कोर रेस्क्यू जोन' (मुख्य बचाव क्षेत्र) और 3 किलोमीटर के दायरे को 'कंट्रोल जोन' (नियंत्रण क्षेत्र) घोषित कर दिया है। एहतियात के तौर पर इस खतरनाक इलाके में रहने वाले सभी स्थानीय निवासियों को वहां से निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया है।

**रोबोट की मदद से कैसे चल रहा है रेस्क्यू ऑपरेशन?**

- राहत और बचाव कार्य को तेजी से पूरा करने के लिए घटनास्थल पर 20 अलग-अलग बचाव केंद्र बनाए गए हैं।
- रिपोर्ट के मुताबिक, इस मुश्किल अभियान में इंसानों के साथ-साथ मशीनों की भी पूरी मदद ली जा रही है।
- बचाव दल तीन अत्याधुनिक रेस्क्यू रोबोट से लैस हैं।
- इंसान और रोबोट मिलकर ग्रिड-स्टाइल (जालीदार तरीके) में पूरे इलाके का चप्पा-चप्पा छान रहे हैं।
- मलबे में फंसे अन्य लोगों की तलाश के लिए फिर पूरे इलाके की सघन जांच की जा रही है।

अंतर्राष्ट्रीय समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, यह भयानक हादसा हुनान प्रांत के लियुयांग इलाके में सोमवार शाम करीब 4:40 बजे हुआ। पटाखा फैक्ट्री में हुए इस विस्फोट के तुरंत बाद हुनान प्रांत के प्रशासन ने अपना आपातकालीन प्रतिक्रिया प्लान (इमरजेंसी रिस्पॉन्स प्लान) लागू कर दिया। हालात की गंभीरता को देखते हुए तुरंत पांच बचाव दलों को घटनास्थल पर भेजा गया। इन बचाव दलों में कुल 482 जवान शामिल हैं। मंगलवार सुबह 8 बजे तक इस हादसे में 21 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है और सभी 61 घायलों को इलाज के लिए तुरंत अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

## मैं हारी नहीं हूं, इस्तीफा नहीं दूंगी... बंगाल चुनाव परिणाम पर बोलीं ममता बनर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के चुनाव नतीजे आने के बाद ममता बनर्जी ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें उन्होंने ऐलान किया कि वह मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगी। ममता ने कहा कि वह हारी नहीं हैं, इसलिए राजभवन नहीं जाएंगी।

पश्चिम बंगाल में चुनाव में हार के बाद ममता बनर्जी ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें उन्होंने ऐलान किया कि वह मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगी। उन्होंने अपनी हार के लिए चुनाव आयोग को जिम्मेदार ठहराया। साथ ही यह भी कहा कि 'मैं हारी नहीं हूं, मैं इस्तीफा नहीं दूंगी।'

ममता बनर्जी ने एक बार फिर बीजेपी पर 100 सीटें चुराने का आरोप लगाया। उन्होंने चुनाव आयोग पर भी कई आरोप लगाए। ममता बनर्जी ने यह भी आरोप लगाया कि जब वह काउंटिंग सेंटर पहुंची थी, तो वहां उनके साथ मार-पीट हुई। प्रेस कॉन्फ्रेंस की शुरुआत में ममता बनर्जी ने कहा कि हम हारे नहीं हैं। हमारी 100 सीटें चुरा ली गई हैं। हमारी लड़ाई बीजेपी से नहीं, बल्कि चुनाव आयोग से थी। ममता ने आखिरी में जाते-जाते कहा, 'मैं हारी नहीं हूं, इसलिए मैं राजभवन नहीं जाउंगी। मैं इस्तीफा नहीं दूंगी।' ममता बनर्जी ने चुनाव नतीजों पर कहा कि कल जो हुआ, वह बंगाल के इतिहास में काला अध्याय था। उन्होंने कहा कि 'अगर BJP निष्पक्ष तरीके से जीती होती, तो मैं कुछ भी नहीं कहती। अगर केंद्रीय बल इस तरह का बर्ताव कर सकते हैं, तो मेरे पास देखने के लिए कुछ नहीं बचा है। मैंने केंद्र में पहले भी BJP की सरकारें देखी हैं, लेकिन ऐसा कुछ कभी नहीं देखा। लोकतंत्र इस तरह से काम नहीं करता है।'




**ममता बोलीं- ऐसा कभी नहीं देखा**

ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि इस समय जो हो रहा है, वैसा उन्होंने कभी नहीं देखा। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस तरह महाराष्ट्र, हरियाणा और बिहार में चुनाव चुराया था, वैसे ही बंगाल में चुनाव चुराया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरे सिस्टम पर कब्जा करने के लिए लोकतंत्र की हत्या की गई। उन्होंने कहा, 'सीआरपीएफ के लोग तो गुंडे जैसे व्यवहार कर रहे थे। वो कैंडिडेट तक को काउंटिंग सेंटर के अंदर नहीं जाने दे रहे थे। सेंटर फोर्स ऐसा व्यवहार कर सकती है, मैंने कभी नहीं सोचा था। मैंने मनमोहन, देवगौड़ा, गुजराल सरकार को भी देखा लेकिन मैंने ऐसा अत्याचार कभी नहीं देखा। क्या आप देश को लूटना चाहते हैं?' उन्होंने कहा कि 'न्यायपालिका नहीं है, चुनाव आयोग बायस है, भारत सरकार एक पार्टी रूल देखना चाहती है तो लोग कैसे न्याय करेगी। आप सबकुछ जोर जबरदस्ती से कब्जा करना चाहते हैं। हम बाउंस बैक करेंगे। हम लड़ाई जारी रखेंगे।'

## पंजाब सरकार कर रही मशीनरी का दुरुपयोग : राघव चड्ढा

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार पर ''प्रतिशोध की राजनीति'' करने और राज्यसभा में हाल में पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले सांसदों को निशाना बनाने के लिए सरकारी तंत्र का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। राघव चड्ढा ने तीन अन्य सांसदों के साथ मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और एक ज्ञापन प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने आप से बाहर निकलने के बाद उनके खिलाफ उत्पीड़न और ''राजनीतिक रूप से प्रेरित'' कार्रवाई का आरोप लगाया।



राघव चड्ढा ने बैठक के बाद यहां पत्रकारों से कहा, ''आम आदमी पार्टी से असहमति जताने का अपना संवैधानिक अधिकार प्रयोग करने वाले सभी सांसदों, जिन्होंने पार्टी छोड़ने का फैसला किया, उनके संबंध में तथा इन सभी घटनाओं व घटनाक्रमों को आज राष्ट्रपति के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। मैं आम आदमी पार्टी को यह भी बताना चाहता हूं कि जब तक हम आज्ञाकारी रहे, हमें संस्कारी माना गया। जैसे ही हमने पार्टी छोड़ी, हमें भ्रष्ट करार दे दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए कई पूर्व आप सांसदों को राज्य एजेंसियों द्वारा धमकाया और दबाव डाला जा रहा है। उन्होंने कहा, ''आम आदमी पार्टी, जो दूसरों पर बदले की राजनीति का आरोप लगाती है।

## ईरान में फिर भड़का तनावः होर्मुज में जंग जैसे हालात अमेरिकी रक्षा मंत्री बोले- सीजफायर अभी भी लागू

**वॉशिंगटन/तेहरान।** पश्चिम एशिया में तनाव एक बार फिर बढ़ता दिख रहा है, जहां ईरान और अमेरिका के बीच स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर स्थिति बेहद संवेदनशील बनी हुई है। हालात ऐसे हैं कि सीजफायर की घोषणा के बावजूद दोनों पक्षों की सैन्य गतिविधियां जारी हैं।

अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने स्पष्ट किया है कि सीजफायर अभी भी लागू है और इसे खत्म नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में जहाजों की सुरक्षा के लिए चलाया जा रहा अभियान अलग और सीमित प्रकृति का है। उन्होंने यह भी कहा कि यह ऑपरेशन केवल वाणिज्यिक जहाजों की सुरक्षा के लिए अस्थायी व्यवस्था है।



रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप को युद्ध जारी रखने के लिए कांग्रेस से मंजूरी लेने की आवश्यकता नहीं है। प्रशासन का मानना है कि अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष विराम अभी भी लागू है।

रक्षा मंत्री हेगसेथ ने पेंटागन ब्रीफिंग में कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों को निकालने का अमेरिकी प्रयास 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' से अलग है।

## यूपी चुनाव में लागू हो महिला आरक्षण भाजपा सरकार करे ऐलान : अखिलेश

**लखनऊ।** सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को केंद्र की भाजपा नीत सरकार से वर्ष 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए महिलाओं का आरक्षण तुरंत लागू करने की मांग की। पूर्व मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर की गई एक पोस्ट में भाजपा को चुनौती दी कि या तो वह उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव के लिए महिला आरक्षण लागू करें या फिर खुले तौर पर स्वीकार करे कि वह महिलाओं के हितों के खिलाफ है।



उन्होंने पोस्ट में कहा, "पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) की मांग है कि जो 'महिला आरक्षण' समस्त विपक्ष ने मिलकर संसद में सहर्ष पास किया है उसे 2027 के उप्र विधानसभा चुनाव में लागू करने की घोषणा भाजपा सरकार तत्काल करे या कह दे कि पुरुषवादी भाजपाई और उनके सामंती संगी-साथी महिलाओं को आरक्षण के खिलाफ हैं। अखिलेश यादव ने कहा, "जब तक यह घोषणा नहीं होगी तब तक हम यह बात हर हफ़्ते जगह-जगह उठाते रहेंगे।" उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एक वीडियो भी पोस्ट किया, जिसमें वह समाजवादी पार्टी पर संसद में महिला आरक्षण को रोकने का इल्जाम लगा रहे हैं। अखिलेश यादव की यह मांग उनकी पार्टी की व्यापक 'पीडीए' रणनीति का हिस्सा है जिसके तहत साल 2027 के उप्र विधानसभा चुनाव से पहले पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वोट बैंकों को मजबूत करने का मंसूबा है। साल 2011 की जनगणना पर आधारित परिसीमन प्रक्रिया के बाद 2029 के लोकसभा चुनावों से पहले महिला आरक्षण कानून को 'लागू करने' के लिए लोकसभा सीटों को मौजूदा 543 से बढ़ाकर 816 किया जाना था।

## इंडिगो विमान में पावर बैंक में लगी आग इमरजेंसी एक्जिट से निकाले गए यात्री

**नई दिल्ली।** हैदराबाद से चंडीगढ़ जा रहे इंडिगो के एक विमान को मंगलवार को लैंडिंग के बाद आपातकालीन स्थिति में खाली कराना पड़ा। बताया गया कि विमान के रनवे पर रुकने के दौरान एक यात्री के पावर बैंक में आग लग गई, जिसके बाद तुरंत अलर्ट जारी किया गया। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी यात्रियों को सुरक्षित तरीके से विमान के इमरजेंसी एक्जिट से तुरंत बाहर निकाला गया।

जानकारी के मुताबिक, यह घटना इंडिगो की फ्लाइट 6E 108 में हुई. लैंडिंग के बाद जब विमान पार्क किया गया, तभी एक यात्री के निजी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण में आग लगने की सूचना मिली। हालात को समझते हुए क्रू मेंबर्स ने तुरंत आपात प्रक्रिया अपनाई और यात्रियों को बाहर निकालने की कार्रवाई शुरू की।



इंडिगो की ओर से जारी जानकारी में कहा गया है कि सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी यात्रियों को सुरक्षित रूप से टर्मिनल तक पहुंचाया गया है। एयरलाइन ने यह भी बताया कि यात्रियों की सहायता और देखभाल के लिए एयरपोर्ट पर टीम तैनात की गई है। घटना के समय विमान में मौजूद सभी यात्री सुरक्षित हैं और किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। इंडिगो के प्रवक्ता के अनुसार, विमान की आवश्यक तकनीकी जांच की जाएगी और सभी सुरक्षा मानकों को पूरा करने के बाद ही फ्लाइट ऑपरेशन को दोबारा शुरू किया जाएगा।

**नाराजगी** कहा-अब निजी हित याचिका बन गई है जनहित याचिका

## सबरीमाला मामले में सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता को लगाई फटकार

**नई दिल्ली।** जनहित याचिकाओं के दुरुपयोग पर टिप्पणी करते हुए उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि जनहित याचिका (पीआईएल) अब 'निजी (प्राइवेट) हित याचिका', 'प्रचार (पब्लिसिटी) हित याचिका', 'पैसा हित याचिका' और 'राजनीतिक (पॉलिटिकल) हित याचिका' बन गई है।

यह टिप्पणी नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने उस वक्त की जब वे केरल के सबरीमाला मंदिर सहित धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव और विभिन्न धर्मों में धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई कर रहे थे। पीठ में प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना,



न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश, न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, न्यायमूर्ति अरविंद कुमार, न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह, न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले, न्यायमूर्ति आर महादेवन और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची शामिल थे। शीर्ष अदालत ने केरल के सबरीमाला मंदिर में 10 से 50 वर्ष की महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध को चुनौती देने वाली 'इंडियन यंग लॉयर्स एसोसिएशन' की 2006 की जनहित याचिका के उद्देश्य पर सवाल उठाया। 'इंडियन यंग लॉयर्स एसोसिएशन' का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिवक्ता रवि प्रकाश गुप्ता ने दलील दी कि जनहित याचिका जून 2006 में प्रकाशित चार समाचार पत्रों के लेखों पर आधारित थी।

इस पर प्रधान न्यायाधीश ने टिप्पणी की कि जनहित याचिका को सीधे खारिज कर देना चाहिए था। पीठ ने कहा, ''यह लेख जनहित याचिका दायर करने का आधार कैसे देता है? जनहित याचिकाएं दायर करवाने के लिए लेख लिखवाना आसान है।'' न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा, ''हम उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय में आम जनता के लिए जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते रहे हैं, न कि अखबारों में छपे लेखों के लिए। उन्होंने कहा, ''जनहित याचिका अब निजी हित याचिका, प्रचार हित याचिका, पैसा हित याचिका और राजनीतिक हित याचिका बन गई है। इन सभी को जनहित याचिका कहा जाता है, लेकिन हम केवल वास्तविक और प्रामाणिक जनहित याचिकाओं पर ही सुनवाई करते हैं।''

## मोदी कैबिनेट का बड़ा फैसला गन्ने की नई कीमतें तय

**नई दिल्ली।** सरकार ने मंगलवार को अक्टूबर से शुरू होने वाले 2026-27 सत्र के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य 10 रुपये बढ़ाकर 365 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में गन्ने के उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) पर यह फैसला किया गया।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं को बताया, ''10.25 प्रतिशत की मूल प्राप्ति (रिकवरी) दर के लिए एफआरपी 365 रुपये प्रति क्विंटल होगा।'' हर 10.25 प्रतिशत से ऊपर रिकवरी में 0.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी पर, एफआरपी में 3.56 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी होती है। इससे ज्यादा रिकवरी को प्रोत्साहन मिलता है। मंत्री ने कहा कि एफआरपी



उत्पादन लागत (अखिल भारतीय भारित लागत) का 200.5 प्रतिशत है। मंत्री ने कहा, ''किसानों को एक लाख करोड़ रुपये से ज्यादा मिलने की उम्मीद है।''

सरकार कृषि लागत और मूल्य आयोग (सीएसीपी) की सिफारिशों के आधार पर गन्ने का एफआरपी तय करती है। चीनी मिलों के लिए यह अनिवार्य है कि वे किसानों से गन्ना एफआरपी या उससे अधिक कीमत पर खरीदें।

# बड़ा मंगल: शिप्रा पाठक ने पत्तलों के जरिए दिया पर्यावरण संदेश

## भंडारों में प्लास्टिक की जगह हरे पत्तलों का वितरण, गोमती नदी को प्रदूषण से बचाने का लिया संकल्प, शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर चलाया जागरूकता अभियान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** आस्था के पर्व बड़े मंगल पर इस बार पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी पूरे जोर-शोर से गूंजा, जब 'वाटर वूमेन' के नाम से प्रसिद्ध दातागंज भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. शैलेश की बेटी शिप्रा पाठक ने 55 हजार हरे पत्तलों का निःशुल्क वितरण कर एक नई मिसाल पेश की। उनका यह अभियान न केवल धार्मिक आयोजनों को पर्यावरण के अनुकूल बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है, बल्कि आम लोगों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का प्रभावी माध्यम भी बना।

▸ पंचतत्व संस्था हर मंगलवार करेगी नि:शुल्क वितरण, सामाजिक संगठनों और मीडिया से सहयोग की अपील

बड़े मंगल के अवसर पर लखनऊ में हर वर्ष हजारों श्रद्धालुओं के लिए भंडारों का आयोजन किया जाता है। इन आयोजनों में बड़ी मात्रा में प्लास्टिक के दोने और पत्तलों का उपयोग होता है, जो बाद में कचरे के रूप में शहर और जलस्रोतों को प्रदूषित करते हैं। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए शिप्रा पाठक ने यह अभिनव पहल शुरू की। सुबह से ही उन्होंने अपनी संस्था 'पंचतत्व' के सदस्यों के साथ शहर के विभिन्न हिस्सों में भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने प्रेस क्लब, दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर, हजरतगंज, इंदिरानगर, गोमती नगर और हनुमान सेतु सहित




कई स्थानों पर आयोजित भंडारों में पहुंचकर आयोजकों और श्रद्धालुओं को हरे पत्तल वितरित किए। साथ ही उन्हें प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शिप्रा पाठक ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्लास्टिक की पत्तलों में गर्म भोजन परोसने से हानिकारक रसायन निकलते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक होते हैं। उन्होंने चेताया कि यही प्लास्टिक कचरे के रूप में नालियों और नदियों में पहुंचकर जल प्रदूषण का कारण बनता है। विशेष रूप से उन्होंने गोमती नदी का जिक्र करते हुए कहा कि "यदि हम अभी नहीं जागे, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ जल मिलना कठिन हो जाएगा।" इस अभियान की शुरुआत उन्होंने लखनऊ प्रेस क्लब से की, जहां मीडिया कर्मियों से संवाद कर उन्होंने अपने मिशन को व्यापक बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि मीडिया के सहयोग से यह संदेश समाज के हर वर्ग तक पहुंच सकता है और लोगों की सोच में बदलाव लाया जा सकता है।इसके बाद उन्होंने शहर के विभिन्न भंडारा स्थलों पर जाकर न केवल हरे पत्तल वितरित किए, बल्कि लोगों को यह संकल्प भी दिलाया कि वे भविष्य में प्लास्टिक युक्त पत्तलों का उपयोग नहीं करेंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने इस पहल का समर्थन किया और इसे एक सकारात्मक बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। शिप्रा पाठक ने घोषणा की कि उनकी संस्था 'पंचतत्व' इस अभियान को निरंतर जारी रखेगी। उन्होंने बताया कि हर मंगलवार को इसी प्रकार निःशुल्क हरे दोना-पत्तल का वितरण किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक लोग इस मुहिम से जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति या संस्था इस अभियान में भाग लेना चाहती है, वह उनसे संपर्क कर सकती है। उन्होंने सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और स्वयंसेवी संस्थाओं से भी अपील की कि वे इस अभियान में सहयोग करें। उनका मानना है कि सामूहिक प्रयासों से ही लखनऊ को प्लास्टिक मुक्त शहर बनाया जा सकता है। इस पहल के दौरान कई स्थानों पर लोगों ने शिप्रा पाठक के प्रयासों की सराहना की और इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम बताया। भंडारा आयोजकों ने भी आश्वासन दिया कि वे भविष्य में प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और पर्यावरण अनुकूल विकल्पों को अपनाने का प्रयास करेंगे। विशेषज्ञों के अनुसार, हरे पत्तल पूरी तरह जैविक होते हैं और आसानी से नष्ट हो जाते हैं, जिससे पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं पहुंचता। इसके विपरीत, प्लास्टिक कचरा लंबे समय तक पर्यावरण में बना रहता है और भूमि तथा जल दोनों को प्रदूषित करता है। इससे पूर्व में भी वाटर वुमन एक थैला एक थाली का अभियान महाकुंभ में चलाकर कचरे के प्रबंध को नियोजित कर चुकी है। इस अभियान को धरातल पर उतारने के लिए पंचतत्व संस्था के लोग गोरखपुर,कानपुर, प्रयाग, कन्नौज, अयोध्या, हरदोई, सुल्तानपुर, राय बरेली से पहुँचे।

### एक नजर

## दो दिन तक पेड़ पर लटकी रही चील, दमकल ने बचाई जान

**बरेली।** बारादरी इलाके की रेजिडेंट्स कॉलोनी में मांझे में फंसकर दो दिनों से पेड़ की ऊंची डाल पर उल्टी लटकी चील को अग्निशमन दल ने नया जीवन दिया। सीएफओ मनु शर्मा को मंगलवार दोपहर सूचना मिली थी कि एक चील घायल अवस्था में तड़प रही है। एफएसओ संजीव कुमार के नेतृत्व में दो गाड़ियां तत्काल मौके पर पहुंचीं ।पेड़ की अत्यधिक ऊंचाई के कारण फायर इंजन की विशेष सीढ़ी का उपयोग कर कर्मचारी चील तक पहुंचे और उसे सुरक्षित नीचे उतारा। मांझे से चील के पंख और पैर बुरी तरह जख्मी थे। प्राथमिक उपचार और पानी पिलाने के बाद उसे आईवीआरआई इज्जतनगर भेज दिया गया। अग्निशमन दल की इस त्वरित और मानवीय कार्रवाई की स्थानीय लोगों ने खूब सराहना की।

# मुंह बोले बेटे ने ली शारदा यादव की जान

## चौथा बेटा बनकर जीता भरोसा, मंदिर ले जाने के बहाने रच दी खौफनाक साजिश


महिला का फाइल फोटो।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** सुभाषनगर इलाके में भरोसे और रिश्तों को झकझोर देने वाली सनसनीखेज वारदात सामने आई है। उम्र के आखिरी पड़ाव पर धर्म-कर्म में लीन रहने वाली 65 वर्षीय शारदा यादव की हत्या किसी और ने नहीं, बल्कि उनके ही मुंहबोले बेटे वरुण पाराशरी ने कर दी। जिस बेटे को वह अपने सगे बेटों से बढ़कर मानती थीं, उसी ने संपत्ति के लालच में उनका जीवन छीन लिया।

शारदा यादव का परिवार संपन्न और व्यवस्थित था। उनके पति एलआईयू के सेवानिवृत्त दरोगा गजराज सिंह हैं और तीन बेटे हैं, जिनमें एक मुरादाबाद में शिक्षक, दूसरा निजी नौकरी में और तीसरा पढ़ाई कर रहा है। अक्तूबर 2025 में नगर निगम में टैक्स जमा करने के दौरान शारदा की मुलाकात वरुण पाराशरी से हुई थी। एक रिश्तेदार ने उसे परिवार के काम का भरोसेमंद व्यक्ति बताकर मिलवाया। धीरे-धीरे वरुण घर में घुल-मिल गया। वह शारदा को मम्मी कहकर बुलाता और उनकी देखभाल करता। शारदा भी उसे अपने चौथे बेटे जैसा स्नेह देने लगीं, यहां तक कि कई बार अपने सगे बेटों की तुलना में वरुण की तारीफ कर देती थीं।

### मंदिर ले जाने का बहाना, रास्ते में रच दी साजिश

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि वरुण अक्सर शारदा को मंदिर और सत्संग के बहाने बाहर ले जाता था। घटना वाले दिन भी उसने 'बांके बिहारी मंदिर' घुमाने का बहाना बनाया। परिवार की नाराजगी से बचने के लिए शारदा बैंक जाने की बात कहकर घर से निकलीं, लेकिन उन्हें नहीं पता था कि यह सफर उनकी जिंदगी का आखिरी सफर होगा। वरुण ने सुनियोजित तरीके से कार में ही उनकी हत्या कर दी और शव को पीलीभीत जिले के जहानाबाद इलाके में झाड़ियों में छिपा दिया।

### सर्विलांस और सीसीटीवी से खुला राज

दो मई को शारदा के लापता होने के बाद परिवार ने रिश्तेदारों में तलाश शुरू की। जब कोई सुराग नहीं मिला तो सुभाषनगर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई। पुलिस ने सर्विलांस और सीसीटीवी कैमरों की मदद से जांच शुरू की। जांच में शारदा का फोन पुलिस लाइन के पास बंद होना मिला और कॉल डिटेल में वरुण का नंबर सामने आया। शक गहराने पर पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की। सख्ती करने पर वह टूट गया और हत्या की बात कबूल कर ली।

### कार से मिला खून, पाना बना हत्या का हथियार

एसओजी टीम ने वरुण की कार की तलाशी ली, जिसमें खून के निशान मिले ।साथ ही टायर बदलने वाला पाना बरामद हुआ, जिससे हत्या की गई थी। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने जहानाबाद से शारदा का शव बरामद कर लिया। बताया जा रहा है कि शारदा करीब ढाई लाख रुपये के जेवर पहनकर घर से निकली थीं, जो अभी तक बरामद नहीं हुए हैं।

### संपत्ति के लालच में की निर्मम हत्या

पुलिस के अनुसार, वरुण को उम्मीद थी कि शारदा उसे अपनी संपत्ति में चौथा हिस्सा देंगी, लेकिन जब ऐसा नहीं हुआ तो उसने लालच में आकर इस जघन्य अपराध को अंजाम दिया। एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि आरोपी ने मां-बेटे के रिश्ते का फायदा उठाकर वारदात को अंजाम दिया। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# गोली चलाकर भाग रहा गोकश गिरफ्तार

### पैर में गोली लगी, अस्पताल में भर्ती


मुठभेड़ में घायल गोकश को ले जाती पुलिस।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** गौकशी की वारदातों पर लगाम कसने के लिए बरेली पुलिस का अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में बारादरी पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली। मंगलवार सुबह तड़के हारुनगला-भरतौल रोड स्थित एफसीआई गोदाम के पास वाहन चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक पुलिस को देखते ही सकपका गया और रास्ता बदलकर तेजी से निकलने लगा। उसकी हरकतों ने पुलिस का शक और गहरा कर दिया।

पुलिस टीम ने जब उसे रोकने की कोशिश की तो वह नहीं रुका और तेज कदमों से भागने लगा। पीछा तेज हुआ तो बदमाश बौखला गया और उसने जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर दो राउंड फायर कर दिए। अचानक हुई फायरिंग से इलाके में सनसनी फैल गई, लेकिन पुलिस टीम ने मोर्चा संभाले रखा ।पुलिस ने आत्मरक्षा में तुरंत जवाबी कार्रवाई की। सटीक निशाना लगते ही बदमाश के पैर में गोली जा लगी और वह गिर पड़ा। इसके बाद पुलिस ने उसे मौके पर ही दबोच लिया। मुठभेड़ के बाद इलाके में देर तक हलचल बनी रही।पूछताछ में आरोपी की पहचान वसीम अहमद निवासी सेमलखेड़ा, थाना बारादरी के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक वह शातिर गौकश है और लंबे समय से वारदातों को अंजाम दे रहा था। उसके खिलाफ गौकशी, लूट, डकैती, गैंगस्टर एक्ट और आर्म्स एक्ट समेत बरेली व शाहजहांपुर में कुल 14 गंभीर मुकदमे पहले से दर्ज हैं। मुठभेड़ में घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अब उसके आपराधिक नेटवर्क और साथियों की तलाश में जुट गई है। इस कार्रवाई के बाद साफ संकेत है कि गौकशी जैसे अपराधों में लिप्त बदमाशों पर पुलिस का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है।

# लोन दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बैंक से बड़ा लोन दिलाने का झांसा देकर एक युवक से लाखों रुपये ठगने का मामला सामने आया है। बारादरी पुलिस ने एसएसपी के निर्देश पर तीन आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की है।कालीबाड़ी निवासी उत्कर्ष अग्रवाल के अनुसार, जून 2025 में यूनियन बैंक (नरकूलागंज) में उनकी मुलाकात नवनीत, अनुराग कक्कड़ और विजय से हुई थी।

आरोपियों ने खुद को बैंक से जुड़ा बताकर पीड़ित को दो करोड़ रुपये का लोन दिलाने का भरोसा दिया। झांसे में आकर पीड़ित ने अपने और परिवार के जरूरी दस्तावेज उन्हें सौंप दिए।आरोपियों ने फाइल

### तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

प्रोसेसिंग और अन्य शुल्कों के नाम पर उत्कर्ष से करीब 2.05 लाख रुपये बैंक ट्रांसफर और 1.50 लाख रुपये नकद, यानी कुल 3.55 लाख रुपये ऐंठ लिए। अगस्त 2025 में आरोपियों ने कुछ कागजों पर हस्ताक्षर भी कराए। लंबे समय तक लोन न मिलने पर जब पीड़ित ने संबंधित बैंक शाखा में पूछताछ की, तो पता चला कि तीनों आरोपी पांच महीने पहले ही नौकरी छोड़ चुके हैं। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने एसएसपी से गुहार लगाई। पुलिस ने तीनों नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## जिम में महिला डॉक्टर को नशा देकर दुष्कर्म

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** सिविल लाइंस इलाके में एक जिम ट्रेनर द्वारा महिला डॉक्टर को डराने-धमकाने और अवैध वसूली करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी अकरम खान और उसके भाई आलम को गिरफ्तार कर लिया है।जांच के अनुसार, आरोपी ने पीड़िता का वीडियो बनाकर उसे सार्वजनिक करने की धमकी दी और उससे लाखों रुपयों की मांग की। मानसिक दबाव और धमकियों से परेशान होकर पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। सीओ सिटी आशुतोष शिवम ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर साक्ष्य जुटाए गए हैं। पुलिस इस मामले में कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित कर रही है।

# सपा कार्यकर्ताओं की बड़ी बैठक, 2027 चुनाव का लक्ष्य तय

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** समाजवादी पार्टी कार्यालय बहेड़ी पर ज़ोन प्रभारियों, सेक्टर प्रभारियों व सह सेक्टर प्रभारियों की एक बड़ी बैठक आयोजित की गई, जिसमें भारी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में संगठन को मजबूत करने और 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव व बहेड़ी विधायक, पूर्व मंत्री अता उर रहमान ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पूरी शिद्दत के साथ चुनावी तैयारियों में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता आपसी तालमेल बनाकर पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाएं और अधिक से अधिक लोगों को समाजवादी पार्टी से जोड़ें। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार को हटाने के लिए सभी वर्गों को एकजुट होना होगा और 2027 में पीडीए की सरकार बनाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाना है, तभी आम जनता को राहत मिल सकेगी।


समाजवादी कार्यालय में बैठक में बोलते हुए विधायक अता उर रहमान। –जागरण मोर्चा

विधानसभा अध्यक्ष नासिर रजा खां ने कहा कि संगठन में यदि कोई कमी है तो उसे समय रहते दूर किया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि बहेड़ी का संगठन पहले भी विधानसभा, लोकसभा और जिला पंचायत चुनावों में भाजपा के मजबूत नेताओं को पराजित कर चुका है और आगे भी पूरी ताकत से मैदान में उतरेगा।दमखोदा ब्लॉक के पूर्व प्रमुख हाजी वफा उर रहमान ने कहा कि विधायक अता उर रहमान ने अपनी निधि का उपयोग सभी समाज के विकास में समान रूप से किया है। उन्होंने बताया कि मंदिर, मस्जिद, श्मशान घाट, कब्रिस्तान और अंबेडकर पार्कों में सोलर लाइट लगाने जैसे कार्य कराए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विधायक धर्म और जाति की राजनीति से ऊपर उठकर सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास रखते हैं।बैठक में कई अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखे और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस दौरान जरेल मवई निवासी सेवानिवृत्त फौजी प्रेमशंकर गंगवार ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की, जिनका विधायक अता उर रहमान ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष नासिर रजा खां ने की, जबकि संचालन विधानसभा महासचिव हर स्वरूप मौर्य ने किया। बैठक में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

# शिक्षामित्रों को मिला बढ़े मानदेय का लाभ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** विकास भवन सभागार मंगलवार को शिक्षामित्रों के सम्मान और खुशी का गवाह बना, जब जिले के 2824 शिक्षामित्रों को बढ़े हुए मानदेय के तहत 18 हजार रुपये के प्रतीकात्मक चेक देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। लंबे समय से मानदेय बढ़ाने की मांग कर रहे शिक्षामित्रों के लिए यह दिन किसी उत्सव से कम नहीं रहा।



कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि। –जागरण मोर्चा

कार्यक्रम की शुरुआत मंडलायुक्त भूपेंद्र एस चौधरी और जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने दीप प्रज्वलित कर की। इसके बाद जैसे ही मंच से शिक्षामित्रों को बुलाकर प्रतीकात्मक चेक सौंपे गए, सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। शिक्षामित्रों के चेहरों पर संतोष और खुशी साफ नजर आई।उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षामित्रों का मानदेय बढ़ाने के फैसले के बाद यह समारोह उनके योगदान को सम्मान देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। प्रतीकात्मक रूप से 18 हजार रुपये का चेक सौंपकर सरकार के निर्णय को जमीनी स्तर पर लागू करने का संदेश दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षामित्र प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था की मजबूत नींव हैं।

कार्यक्रम में सांसद छत्रपाल गंगवार, वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधायक डीसी वर्मा, डॉ. एमपी आर्या, एमएलसी बहोरन लाल मौर्य और कुंवर महाराज सिंह ने शिक्षामित्रों को चेक वितरित किए। सभी जनप्रतिनिधियों ने शिक्षामित्रों की भूमिका को अहम बताते हुए कहा कि उनके बिना शिक्षा व्यवस्था की कल्पना अधूरी है। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी देवयानी समेत कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि सरकार शिक्षामित्रों के हितों को लेकर संवेदनशील है और उनके कल्याण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। समारोह के अंत में शिक्षामित्रों ने सरकार के इस फैसले पर आभार जताया और उम्मीद जताई कि आगे भी उनके हितों का ध्यान रखा जाएगा।

### 2824 को 18 हजार के चेक देकर किया सम्मानित, चेहरों पर खुशी

## एसबीआई बहेड़ी ने खोले दो नए ग्राहक सेवा केंद्र

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** भारतीय स्टेट बैंक ने स्थानीय निवासियों को सुगम बैंकिंग सेवाएं देने के लिए दो नए ग्राहक सेवा केंद्र (मिनी ब्रांच) शुरू किए हैं। होली चौक के पास रेहान राजा खान और नगर पालिका कंपाउंड में कफील अहमद के केंद्रों का उद्घाटन शाखा प्रबंधक विनीत कुमार ने किया।इन केंद्रों पर खाता खोलना, 30 हजार तक जमा-निकासी, केवाईसी, एफडी और विभिन्न सरकारी बीमा योजनाओं का लाभ मिलेगा। ये केंद्र प्रतिदिन सुबह 8 से रात 8 बजे तक और अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे। इस पहल से ग्रामीणों और स्थानीय जनता को मुख्य शाखा के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। स्थानीय लोगों ने बैंक की इस पहल की सराहना की है।

# मकान हड़पने को बनाए फर्जी दस्तावेज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** पुराने शहर क्षेत्र में संपत्ति हड़पने और फर्जी कागजात तैयार करने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर बारादरी थाना पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रबड़ी टोला निवासी साहिब हुसैन ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत करते हुए बताया कि उसके पिता स्वर्गीय जुल्फिकार हुसैन ने वर्ष 1992 में पशुपति इन्क्लेव, जगतपुर में 80 वर्ग मीटर का प्लॉट खरीदा था। इस प्लॉट पर उन्होंने अपने खर्च से दो मकानों का निर्माण कराया था। बाद में जरूरत के चलते उन्होंने अपने परिचित मोहम्मद शफीक और उनके भाई मोहम्मद रफीक को देखरेख के लिए एक-एक मकान रहने को दे दिया था। पीड़ित के अनुसार, समय के साथ दोनों की मृत्यु हो गई, जिसके बाद उनके परिवार के लोग मकानों में रहने लगे। एक मकान को उसके पिता ने अपने जीवनकाल में बेच दिया था, जिसकी विधिवत रजिस्ट्री भी कराई गई। आरोप है कि पिता के निधन के बाद जब उसने दूसरे मकान को खाली कराने की बात कही, तो मोहम्मद रफीक के परिजनों ने फर्जी दस्तावेज पेश कर दिए।साहिब हुसैन का आरोप है कि आरोपियों ने उसके पिता के फर्जी हस्ताक्षर से मुख्तारनामा और हिबानामा तैयार कर लिया और उसी के आधार पर मकान पर कब्जा बनाए हुए हैं। विरोध करने पर आरोपी उग्र हो गए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने पूरे मामले की शिकायत एसएसपी अनुराग आर्य से की। एसएसपी के निर्देश पर बारादरी थाना पुलिस ने मोहम्मद अतीक, मोहम्मद तौफीक, परवेज, मो. आसिफ और अरशद के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की भूमिका की पड़ताल की जा रही है।



**आवश्यकता है**

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर
7906815587, 9758444242


## एक नजर

### बिजली संकट पर भड़का उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल

**स्वार।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल स्वार की एक अहम बैठक का आयोजन आज किया ।जिसमें क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की ।बैठक में मौजूद पदाधिकारियों और व्यापारियों ने अपने-अपने विचार रखते हुए समस्याओं के समाधान की मांग उठाई ।बैठक में सबसे प्रमुख मुद्दा बिजली विभाग की लापरवाही और अव्यवस्था का रहा। पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की स्थिति बेहद खराब है। लाइनों की सही तरीके से मरम्मत न होने के कारण मामूली हवा चलने पर भी फाल्ट हो जाता है। प्रतिनिधिमंडल ने बिजली विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द बिजली लाइनों को दुरुस्त किया जाए ।क्षेत्र में नियमित व पर्याप्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल को मजबूर होकर धरना-प्रदर्शन करना पड़ेगा ।बैठक में नगर व तहसील अध्यक्ष अनवर अली ने मजबूती के साथ व्यापारियों की समस्याओं को उठाया। इस दौरान उपाध्यक्ष अजेन्द्र राठौर, हाशिम शान, फुरकान अली, सरफराज अली, इरफान अली, मतलूब हुसैन, शकील सलमानी सहित अन्य पदाधिकारी और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे

# महिला सिपाही और बच्ची को जलाकर मारने में चार्जशीट दाखिल

- गंज पुलिस ने पति सहित छह लोगों को बनाया था आरोपी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**रामपुर।** महिला सिपाही और उसकी बच्ची को कार में जलाकर मारने के मामले में गंज पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट दाखिल कर दी है। विवेचना के दौरान पुलिस ने छह लोगों को आरोपी बनाया है। मामला पुलिस महकमे में चर्चा का विषय बना हुआ था।

कि गंज थाना क्षेत्र में 25 फरवरी को काशीपुर गांव के पास एक कार में आग लगने से श्रावस्ती में तैनात महिला सिपाही लता और उसके तीन वर्षीय बेटे लड्डू की मौत हो गई थी। शुरुआत में पुलिस ने इसे हादसा बताया था, लेकिन जांच में मामला हत्या का निकला था। जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में मिलक क्षेत्र के बेहटरा गांव निवासी दान सिंह समेत पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। उसके बाद पुलिस ने धीरे-धीरे करके सभी पांच आरोपियों को जेल भेज दिया था। जबकि विवेचना के दौरान पुलिस के सामने डंपर चालक का नाम प्रकाश में आया था। जिसके बाद पुलिस ने उसको को भी पकड़ने के बाद कोर्ट में पेश किया था ।जहां से उसको जेल भेज दिया था। विवचेक गंज इंस्पेक्टर पवन कुमार शर्मा ने गहनता एक एक बिन्दु पर जांच करने के बाद आखिरकार दो दिन पहले कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी है।

### मामला क्षेत्र में बन गया था चर्चा का विषय

**रामपुर।** महिला सिपाही और उसके बच्चे का कार में जल जाने का मामला चर्चा का विषय बन गया था। जिसके बाद पुलिस भी सक्रिय हो गई थी। पुलिस ने धीरे धीर करके जब जांच करना शुरू की,तो केस का रुख ही बदलता चला गया। हादसा लगने वाली घटना हत्या में तब्दील हो गई थी। इस दौरान पुलिस ने बताया था कि महिला सिपाही के पति दान सिंह ने अपने साथी प्रदीप को बताया था कि वह अपनी पत्नी से परेशान है और उसे व बच्चे को मारकर बीमा की रकम हासिल करना चाहता है। इसके लिए दो लाख रुपये में सौदा तय हुआ था। जिसमें से एक लाख रुपये एडवांस दिए गए थे। उसके बाद घटना को अंजाम दिया गया था। पुलिस ने मिलने वाली धनराशि के बारे में भी उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया था।

# शहर विधायक ने शिक्षामित्रों को बांटे चेक

## गांधी समाधि स्थित रंगोली मंडप में हुए कार्यक्रम में सभी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सुना संबोधन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वाधान में मुख्यमंत्री द्वारा शिक्षा मित्रों के सम्मान एवं बढ़े हुए मानदेय वितरण समारोह का गोरखपुर से सजीव प्रसारण किया। इस उपलक्ष्य पर जनपद स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन रंगोली मंडप निकट गांधी समाधि में किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ नगर विधायक आकाश सक्सेना, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, विधानसभा मिलक की विधायक राजवाला द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण करके किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी ने अतिथियों के स्वागत के बाद सभी शिक्षा मित्रों के कार्यों की सराहना करते हुए मानदेय वृद्धि का स्वागत किया। उसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बाबा गोरखनाथ प्रेक्षागृह गोरखपुर से शिक्षा मित्र के बढ़े मानदेय 18000 हजार रुपये का प्रतीकात्मक चेक वितरण एवं संबोधन का सीधा प्रसारण दूरदर्शन एवं एलईडी के माध्यम से लाइव देखा गया। उसके बाद मुख्य अतिथि आकाश सक्सेना द्वारा बढ़े मानदेय 18000 रुपये के प्रतीकात्मक चेक प्रदान कर शिक्षा मित्रों को सम्मानित किया।



बढ़े मानदेय के शिक्षामित्रों को प्रतीकात्मकचेक देते विधायक एवं अन्य।



कार्यक्रम में मौजूद अतिथि एवं संबोधित करती बीएसए। -जागरण मोर्चा

उन्होंने अपने वक्तव्य में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में शिक्षा मित्रों के हितार्थ की गई घोषणा का स्वागत करते हुए जनपद के सभी शिक्षा मित्रों को बधाई दी। सभी शिक्षा मित्रों द्वारा जनपद के परिषदीय विद्यालयों में पढ़ रहे बालक और बालिकाओं के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। राजबाला सिंह ने सरकार द्वारा विद्यालय विकास के कार्यक्रमों के साथ-साथ पंचायत और ब्लॉक स्तर पर चल रहे जनपद के बेसिक शिक्षा विभाग और शिक्षा मित्रों के कार्यों की सराहना की ।इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी मिलक बबीता सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### इन शिक्षा मित्रों को किया सम्मानित

नरेश कुमार ,रमेश चन्द्र , नरेश कुमार कुमार, अंजीव कुमार, रमेश चन्द्र, राम अवतार सिंह, सौरभ कुमार, भूपेंद्र कुमार, किरण पाल सिंह, कमल कुमार, बचन सिंह, बलवीर सिंह, हेमलता शर्मा, गीता,राफिया खानम, सैफद जावेद मियां, हरीश कुमार गंगवार, अरविन्द कुमार कश्यप, सुनील कुमार, पूजा सक्सेना और हरप्यारी मौजूद रही।

### यह रहे मौजूद

जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार,सुभाष भटनागर, बबीता सिंह, पीएल निरंकारी, अशोक कुमार,राहुल सक्सेना,अंकित सक्सेना,डीसी सुनील, शुभम चौहान,डीसी राहुल कुमार,सुनील श्रीवास्तव,सतेंद्र शर्मा,डीसी जानिसार अख्तर,प्रिति प्रभाकर, वेलेंटीना विक्टर, कुशल राणा, मोहित सक्सेना, जफर बेग, मोइन मियां,आशीष वशिष्ठ, प्रदीप भटनागर, सरफराज अहमद, भुजवीर सिंह, पंकज, उमेश पाल, नरेश कुमार, गुरप्रीत सिंह, राकेश विश्वकर्मा, सैयद अफाक, रितु,विशाखा, सैयद जावेद मियां, होरी लाल आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र सिंह यादव द्वारा किया गया।

### मारपीट के मामले में मां- बेटियों पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहबाद।** पति द्वारा मकान का बैनामा कराने का विरोध करते हुए मां बेटियों ने तहसील में हंगामा कर दिया। हंगामे के दौरान तहसील परिसर में अधिवक्ता के साथ भी हाथापाई हो गई। अधिवक्ता सतेंद्र कुमार ने शाहबाद थाने पर तहरीर देकर मारपीट करने के मामले में मां बेटियों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। सत्येन्द्र प्रताप सिंह ने तहरीर में बताया कि वह सोमवार को अपने चैंबर में काम कर रहे थे, तभी उनके मुवक्किल मुनेश कुमार गुप्ता बैनामे की प्रक्रिया पूरी करने के लिए अंगूठा लगाने तहसील परिसर आए। मुनेश को देखते ही वहां पहले से मौजूद उनकी पत्नी अल्का रानी और बेटियां प्रियंल, प्रियांशी व अलपिका वकील के चैंबर में आ गईं। सत्येन्द्र प्रताप सिंह का आरोप है कि मुनेश कुमार गुप्ता को चैंबर में देखते ही अल्का रानी और उनकी बेटियों ने उन्हें गंदी-गंदी गालियां देना शुरू कर दिया। जब उन्होंने गाली देने से मना किया, तो उन महिलाओं ने लात-घूसों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने अधिवक्ता की तहरीर के आधार पर मां बेटियों पर रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी।

# अनियंत्रित होकर बाइक फिसली, युवक ज़ख्मी

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**शाहबाद।** मंगलवार को शाहबाद ढकिया रोड पर अनियंत्रित होकर बाइक फिसलने से बाइक सवार युवक सड़क पर गिरकर बुरी तरह जख्मी हो गया। जिसको शाहबाद के सीएचसी पर उपचार दिया गया ।मिली जानकारी के अनुसार सिरौली थाना क्षेत्र के खुर्द गांव निवासी अर्जुन शाहबाद तहसील क्षेत्र स्थित खंजीपुरा के ईट के भट्टे पर ईट भराई का कार्य करता है। अर्जुन कुछ जरूरी सामान खरीदने बाइक से खंजीपुरा गांव जा रहा था, रास्ते में उसकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया और बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर जा गिरी, जिसके चलते बाइक सवार अर्जुन गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को उपचार के लिए एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी शाहबाद भेजा। जहां डॉक्टर ने घायल को प्राथमिक उपचार दिया और अर्जुन की गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।



शाहबाद में सड़क हादसे में घायल युवक। -जागरण मोर्चा

### युवतियों को किया जागरूक

**रामपुर।** मिशन शक्ति फेस पांच अभियान के द्वितीय चरण तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिले के सभी थानों से महिला सुरक्षा दल द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। जिसमें महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा से जुड़े आवश्यक उपाय, कानूनी अधिकार, नारी सम्मान से संबंधित प्रावधान एवं हेल्पलाइन सेवाओं 1090 महिला शक्ति हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन,112 आपातकालीन सेवा,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता तथा घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, ऑनलाइन उत्पीड़न तथा इनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया आदि के बारें में बताया। इसके अलावा मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं, बालिकाओ को पंपलेट, कॉमिक्स एवं जागरूकता सामग्री वितरित की गई।

# छात्र को पीटने में ग्रीनवुड के प्रधानाचार्य-शिक्षिका को नोटिस

- कक्षा तीन का है छात्र, अभिभावकों ने डीआईओएस से की शिकायत

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** ग्रीनवुड सीनियर सेकेण्डरी स्कूल के छात्र को पीटने के मामले में शिक्षक, प्रधानाचार्य को नोटिस जारी हो गया है। इसमें सप्ताह भर में जवाब भी मांगा गया है। शिक्षक- अभिभावक के बीच हुई वार्ता का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

कक्षा तीन 9 साल के छात्र के अभिभावकों ने जिला विद्यालय निरीक्षक को दिए पत्र में आरोप लगाया है कि उनके बेटे को शिक्षिका-प्रधानाचार्य आरती ने बुरी तरह से इतनी पिटाई की जिससे पैंट गीली हो गई। साथ ही उसे दो घंटे धूप में खड़ा कर दिया। इससे छात्र की हालत बिगड़ गई। घर पहुंचने पर छात्र ने पूरे वाक्यात के बारे में बताया।



इस पर अभिभावक स्कूल पहुंचकर प्रबंधक से मिले। जहां पर छात्र ने सारी बात खुद प्रबंधक को बताई कि क्लास के छात्र ने उसकी झूठी शिकायत शिक्षिका से कर दी तो इस पर मैम, प्रधानाचार्य ने बुरी तरह मारा पीटा।

इस मामले में अभिभावक-शिक्षिका से बातचीत का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। डीआईओएस अंजलि अग्रवाल ने बताया कि मेल के माध्यम से शिकायती पत्र मिला है कि इस मामले में शिक्षिका-प्रधानाचार्य को नोटिस जारी कर सप्ताह भर जवाब भी मांगा है।

# 77 छात्र-छात्राओं ने दी अरबी परीक्षा

- फुरकानिया अरबी सेंटर में हुई सफलतापूर्वक परीक्षा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** फुरकानिया अरबी सेंटर में फंक्शनल अरबी डिप्लोमा कोर्स की देशव्यापी परीक्षा प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक हुई। सेंटर के प्रभारी डॉ. शायर उल्ला खां वजीही ने बताया कि भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत प्रतिष्ठित संस्था राष्ट्रीय परिषद उर्दू भाषा संवर्धन के तहत संचालित इस दो वर्षीय अरबी बोलचाल पाठ्यक्रम की वार्षिक परीक्षा पिछले 22 वर्षों से निरंतर इस सेंटर पर आयोजित की जा रही है।

उन्होंने बताया कि यह कोर्स विशेष रूप से उन लोगों के लिए अत्यंत उपयोगी है, जो रोजगार के लिए अरब देशों में जाते हैं। इस वर्ष परीक्षा में कुल 77 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। परीक्षा के लिए परीक्षक के रूप में प्रोफेसर जुल्फिकार अली सिद्दीकी संस्थापक, फहद कोचिंग सेंटर उपस्थित रहे। परीक्षा प्रक्रिया की संपूर्ण निगरानी मौलवी मोहम्मद मारिफुल्लाह खान, मौलवी शकील अहमद स्टाफ, मदरसा जामे-उल-उलूम फुरकानिया महजबीन साहिबा प्राचार्या, फुरकानिया जामे अतुल बनात, अंसा फिरदौस जहां तथा अंसा खदीजा बी, फुरकानिया जामे अतुल बनात द्वारा की गई।



मदरसा फुरकानिया में परीक्षा देतीं छात्राएं। -जागरण मोर्चा

### 50 ग्राम स्मैक के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर।** थाना खजुरिया पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान रवि कुमार पुत्र बच्छराज सिंह निवासी ग्राम दरियावगंज थाना पटयाली जिला कासगंज को धावनी बुजुर्ग के पास से 50 ग्राम नाजायज स्मैक के साथ गिरफ्तार किया ।गिरफ्तारी के आधार पर थाना खजुरिया पर एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। उसके बाद पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया। आरोपी जेल चला गया।



# स्वार-रामपुर मार्ग पर बारिश में उखड़ गए पैच, बह गईं गिट्टियां

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** बारिश में रामपुर-स्वार रोड पर पैच कार्य उखड़ गए है और गिट्टियां भी बह गई है पैच कार्य गायब है। कहीं ऊबड़-खाबड़ सड़क तो कहीं बिखरी गिट्टियों पर दो पहिया या अन्य हल्के वाहनों का संतुलित चलना संभव नहीं हो पा रहा है। जान जोखिम में डालकर ही सड़कों पर यात्रा करनी पड़ रही है। गड्ढों में बिछाई गई गिट्टियां बारिश की वजह से बाहर आ गई हैं।

स्वार-रामपुर मार्ग की स्थिति काफी बद से बदत्तर हो गई है। बारिश होने से पैच कार्य उखड़ गए है। जिस पर लोगों का चलना मुश्किल हो गया है। खासतौर पर खौद चौराहे से लेकर करीब 80-100 मीटर तक की दूरी में गड्ढे ही गड्ढे है। मालूम हो कि पिछले दिनों ही इस मार्ग की मरम्मत कराई गई थी। लेकिन उसके बाद भी सड़क की स्थिति काफी जर्जर हो गई है।

सोमवार को हुई बारिश से दो राहगीरों के वाहन फंस गए वाहन निकालने के प्रयास में लोग चोटिल हो गए। सहायक अभियंता अभिषेक यादव ने बताया कि शासन को भेजे प्रस्ताव को मंजूरी नहीं मिली। जल्द ही पैचवर्क कराया जाएगा।



रामपुर-स्वार मार्ग में हुए गड्ढे। -जागरण मोर्चा

### अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

**रामपुर।** अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह द्वारा मंगलवार की परेड की सलामी लेकर पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परेड में मौजूद कर्मचारियों का टर्नआउट चेक कर रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में स्थित भोजनालय, रीडिंग रुम (लाइब्रेरी), कैन्टीन, मनोरंजन कक्ष, म्यूजियम, जिम, आरटीसी कार्यालय, कैश कार्यालय, परिवहन शाखा की व्यवस्थाओं आदि का देखा ।पुलिस लाइन परिसर की साफ-सफाई आदि को चेक कर संबंधित को दिशा-निर्देश दिए गये ।



पुलिस लाइन का निरीक्षण करते एएसपी।

**अनदेखी** पोस्टमार्टम हाउस के सामने जिला क्षय रोग केंद्र भी


# पोस्टमार्टम हाउस का शौचालय जर्जर, टूटी सीटें, उठ रहीं दुर्गंध

- शौचालय की टूटी सीटें, सांस लेना भी हुआ दुश्वार

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जिला अस्पताल में बने पोस्टमार्टम हाउस के शौचालय पूरी तरह से जर्जर हो गया है साथ ही शौचालय की सीटें भी टूट गई है। आलम यह है कि यहां पर दुर्गंध उठ रही है साथ ही सांस लेना भी दुश्वार हो गया है। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कोई सुध नहीं ले रहे हैं।

जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम हाउस बना है। इसके सामने जिला क्षय रोग केंद्र भी है। यहां पर रोजाना सड़क हादसे में मृतकों के शव आते हैं। लेकिन पोस्टमार्टम हाउस शौचालय की हकीकत किसी से छिपी नहीं हैं। शौचालय का आलम यह है कि सीटे, पाइप टूटे हुए और दुर्गंध उठ रही है स्थिति यह है कि यहां पर एक मिनट के लिए कोई भी खड़ा नहीं हो सकता है। सडक हादसों में मृतकों के परिजनों को शौच के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मालूम हो कि जिला अस्पताल स्थित शव विच्छेदन गृह को शासन स्तर से 39.34 लाख रुपये की मंजूरी मिल चुकी है। लेकिन इसके बाद भी शौचालय की हालत जस की तस है।



जिला अस्पताल में बने शौचालय की टूटी हुई सीटे। -जागरण मोर्चा

## एक नजर

### 10 मई को होगा आंदोलन

**रामपुर।** राष्ट्रीय किसान यूनियन मजदूर संगठन के कार्यालय पर बैठक की गई। जिसमें जिलाध्यक्ष संजोर अली पाशा ने कहा कि परमिट के नाम पर वसूली हो रही है सरकारी लकड़ी को वन विभाग और माफियाओं की मिली भगत से लूटा जा रहा है। कहा कि क्रोकोडाइल पार्क, पीपली वन बिलासपुर डांडिया, पटवाई से शाहबाद रोड पर हुए कटान की जांच आज तक नहीं हुई है। इनकी जांच के लिए 24 अप्रैल को प्रशासन की मौजूदगी में डीएफओ को ज्ञापन सौंपा गया। दूसरे दिन वन विभाग ने अवैध कामों, सरकारी लकड़ी कटवाने के कार्यों पर लेकर दबाव बनाकर सिविल लाइंस में मुकदमा दर्ज करा दिया। इसलिए 10 मई को विभाग की मनमानी को लेकर आंदोलन किया जाएगा।




**किशनपुर-अटारिया, रवन्ना के रास्ते में बनी पुलिया का निर्माण**

# लापरवाही: आधा-अधूरा पुलिया का निर्माण कराकर बेफिक्र अफसर



गांव किशनपुर-अटारिया रवन्ना मार्ग पर बनाई गई पुलिया। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** लोक निर्माण विभाग के अधिकारी किशनपुर-अटारिया से गांव रवन्ना के रास्ते में आधी अधूरी पुलिया का निर्माण कराकर बेफिक्र हो गए है। विभाग की लेटलतीफी क्षेत्रीय जनता को भुगतना पड़ रही है। लेकिन ओर किसी का भी ध्यान नहीं है। पुलिया तो बनाकर तैयार करा दी। लेकिन पुलिया से सटे मार्ग को समतल नहीं कराया गया है जिसके कारण ग्रामीणों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

पुलिया का निर्माण किशनपुर मार्ग से होकर रवन्ना को जाने वाले रास्ते पर किया गया है। निर्माण के चलते क्षेत्रीय ग्रामीणों की आवाजाही बराबर से बने खेत से हो रही थी। लेकिन निर्माण को हुए तीन-चार माह का समय गुजर चुका है लेकिन निर्माण कार्य को भी पूरा नहीं किया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कराए जाने से सिर्फ लापरवाही बरती गई है साथ ही कार्य धीमी गति से हुआ है। आए दिन दुपहिया वाहन फिसल रहे है जिससे लोग चोटिल हो रहे हैं। सहायक अभियंता गुरमीत सिंह ने बताया कि पुलिया के रास्ते को सही कराने के लिए ठेकेदार से बोला गया है जल्द ही पुलिया को सही कराया जाएगा।

### बोले लोग



रवन्ना के रास्ते में बनी पुलिया का निर्माण आधा अधूरा कराकर छोड़ दिया गया है, कोई भी आकर नहीं झांका है लैबर भी चली गई है। **-जयप्रकाश।**



पुलिया का निर्माण कार्य कछुआ की चाल से, वह भी पूरा नहीं किया गया है। जिससे आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। **- धर्म सिंह।**



सही तरीके से निर्माण न होने पर दुपहिया वाहन फिसल रहे है साथ ही चोटिल भी हो रहे हैं। लेकिन जिम्मेदारों को इसकी कोई सुध नहीं हैं। **- महेंद्र।**



रवन्ना के रास्ते पर बनी पुलिया काफी जर्जर हालत में थी। इसे सही कराए जाने के लिए अधिकारियों ने सिर्फ खानापूरी की है। इसका खामियाजा उठाना पड़ रहा है। **-आसिफ।**

# महिला की मौत के मामले में आउटसोर्सिंग स्टॉफ को क्लीन चिट

- मौत होने पर स्टॉफ कर्मियों को अस्पताल प्रशासन ने दिया था नोटिस

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जिला अस्पताल में पिछले दिनों हुई महिला की मौत के मामले में प्रशासन ने स्टॉफ को क्लीन चिट दे दी है। जबकि अस्पताल प्रशासन ने जल्द ही स्टॉफ कर्मियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। नोटिस की कार्रवाई सिर्फ ठंडे में बस्ते में चली गई है।

17 अप्रैल को जिला अस्पताल में शनिवार को भोट बक्काल निवासी सत्यप्रकाश की पत्नी चंद्रावती की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। मौत होने पर अस्पताल में गुस्साएं परिजनों में जमकर हंगामा किया था। हंगामे की सूचना मिलने पर चौकी पुलिस और शहर कोतवाल भी पहुंचे थे। जहां उन्होंने गुस्साएं परिजनों ने पुलिस ने समझा बुझाकर शांत कराया था। परिजनों का आरोप था कि चिकित्सक पीते रहे चाय, नहीं किया इलाज। इस मामले में अस्पताल प्रशासन ने तीन आउटर्सोसिंग स्टॉफ को नोटिस जारी किया था। जिसमें सरोज कुमारी, अमित कुमार मेल स्टॉफ और राहुल वर्मा वार्ड ब्वॉय शामिल है। महिला की मौत के मामले आउटसोर्सिंग स्टॉफ को क्लीन चिट दे दी गई है।

### जिला अस्पताल में हुई मॉकड्रिल

**रामपुर।** जिला अस्पताल में आग से बचाव और आपदा प्रबंधन को लेकर सोमवार को मॉकड्रिल की गई। कार्यक्रम में दमकल विभाग की टीम ने अस्पताल के डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और अन्य कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति में कार्रवाई करने का प्रशिक्षण दिया। मॉकड्रिल के दौरान आग लगने की काल्पनिक स्थिति तैयार की। मरीजों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने और अग्निशमन यंत्रों के सही उपयोग की जानकारी दी। कर्मचारियों ने शॉर्ट सर्किट, गैस सिलेंडर और अन्य कारणों से लगने वाली आग पर काबू पाने के तरीके विस्तार से समझाए।

# सांसद ने जनता दरबार लगाकर सुनीं समस्याएं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** सांसद मौलाना मोहिब्बुल्लाह नदवी ने जनता दरबार लगाकर जनता की समस्याओं को सुना। इस दौरान काफी लोग समाजवादी पार्टी में शामिल हुए। समाजवादी पार्टी के सांसद मौलाना मोहिब्बुल्लाह नदवी अपने लोकसभा क्षेत्र के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। अपने दौरे के क्रम में सांसद प्रातः ग्राम धनपुर शाहदरा पहुंचे।

जहां धनपुर शाहदरा निवासी नासिर और उनकी पत्नी हाल ही में एक सड़क हादसे का शिकार हो गए थे। इस दर्दनाक दुर्घटना में नासिर का इंतकाल हो गया, जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। सांसद ने मरहूम नासिर की नमाजे -ए--जनाज़ा और तदफीन में शिरकत की।आवास पर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। सांसद ने मरहूम की मगफिरत के लिए दुआ की और घायल पत्नी के जल्द सेहतयाब होने की कामना की। सांसद महोदय के इस दौरे के दौरान क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक और प्रमुख व्यक्तित्व उनके साथ मौजूद रहे। मुख्य रूप से अय्यूब हाजी, हाफिज नूरी,बदन सिंह यादव ,डॉ. मकतूब मुन्ना, शुऐब किंग,जमील सैफी, नासिर शेख, जुबैर,सैफ अली, सोहेल,अरबाज अली और

सलीम मामू मौजूद रहे। इसके पश्चात सांसद ने कैंप कार्यालय पर जनता दरबार लगाया। जिसमें ग्राम खौद टांडा के पूर्व प्रधान मोहम्मद रफी ने विद्युत संबंधी समस्याओं से अवगत कराया। सांसद ने तत्काल अधिशासी अभियंता से वार्ता कर त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।ग्राम परशुपूरा करीमपुर के पूर्व प्रधान राशिद और ग्राम किशनपुर के वर्तमान प्रधान राहत जान ने नई सड़कों के निर्माण की मांग रखी, जिसका निस्तारण हेतु सांसद जी ने आश्वासन दिया।

इसके बाद बिलासपुर क्षेत्र के वरिष्ठ किसान नेताने सांसद का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।सांसद ने स्वार निवासी हबीब मेंबर के भतीजे के निकाह समारोह में भी शिरकत की। उन्होंने नवविवाहित जोड़े को मुबारकबाद देते हुए उनके सुखद मुस्तकबिल के लिए दुआएं दीं। जानकारी सांसद प्रतिनिधि एडवोकेट महबूब अली पाशा ने दी।




कैंप कार्यालय पर ज्ञापन लेते सांसद। -जागरण मोर्चा

## सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

**रामपुर।** कार की चपेट में आने से बाइक सवार घायल हो गया। उसको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गंज थाना क्षेत्र निवासी मन्ने किसी काम से बाइक से स्वार को जा रहा था कि खौद के पास पीछे से आ रहे कार सवार ने बाइक सवार को टक्कर मारकर घायल कर दिया। हादसे के बाद आस पास के लोग मौके पर दौड़ पड़े। उसको पास के ही अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां काफी देर तक मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।




# एलएनएस क्लब ने की पिकनिक



वाटिका रिसोर्ट में खड़ी एलएनएस क्लब की पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

- प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान आने पर दिया इनाम

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** एलएनएस क्लब आफ रामपुर ग्रेटर द्वारा क्लब में सामाजिक कार्य करते-करते सभी सदस्यों का मनोरंजन करने के लिए एक पिकनिक का आयोजन किया गया। जो रामपुर के पास ही वाटिका रिसोर्ट में रखी गई। यह पिकनिक पूरे दिन की थी। सबके बीच पहले बस में पंक्चुअलिटी निकाली गई।

इसके बाद हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए सब रिजॉर्ट पहुंचे, वहां जाकर सब ने मिलकर नाश्ता किया। नाश्ते के बाद कैटवॉक की गई। जिसमें पिकनिक की थीम को फॉलो किया गया। पिकनिक की थीम रेट्रो रखी गई थी। इसमें प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आने वालों को इनाम दिया गया। इसके बाद 1 मिनट गेम, तंबोला, रेट्रो टाइम के गानों पर डांस किया गया, उसके बाद लंच किया गया। फिर सरप्राइज के बाद सब ने स्विमिंग पूल का मजा लिया। स्विमिंग करके जब सब थक गए उसके बाद हाई टी पीकर घर के लिए वापसी से पहले सबको एक-एक गिफ्ट हैम्पर भी दिया गया।

# भाकियू पदाधिकारियों ने कोतवाल के रवैये की सीओ से की शिकायत,सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने प्रभारी निरीक्षक पर अभद्र व्यवहार और उत्पीड़न के आरोप लगाते हुए क्षेत्राधिकारी टांडा को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि किसान नेताओं के साथ थाने में सम्मानजनक व्यवहार नहीं किया जाता तथा यूनियन की टोपी और झंडे को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां की जाती हैं।किसान नेताओं ने निष्पक्ष जांचकर कार्रवाई की मांग की है। किसान नेताओं का कहना है कि यदि उचित कार्रवाई नहीं हुई तो कोतवाली परिसर में अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा।इस अवसर पर जिला सचिव साबिर अली, नगर अध्यक्ष मजहर अली लाला,युवा नगर अध्यक्ष फरीद खां, हसीन खां, मोहम्मद रफीक, इंतिज़ार मुल्ला ,जलीस उर्फ भूरा खान, बलजीत सिंह, भगवत शरण, हैप्पी सिंह, राशिद अली, पूरन सिंह, हसीब अहमद, जसवंत सिंह, अहसान, फारूक,इरफान,तौफीक और जावेद मौजूद रहे।



सीओ टांडा को ज्ञापन देते किसान नेता। -जागरण मोर्चा

# भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा के प्रदेश सचिव बने मोहम्मद निजात

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश चौधरी ने डॉक्टर निजात को प्रदेश सचिव बनाया। प्रदेश सचिव का जिलाध्यक्ष मोहम्मद आलिम ओर युवा जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद सैफी ने फूल मालाओं से स्वागत किया। प्रदेश सचिव डाक्टर निजात ने कहा कि जिले के किसानों के लिए हर संभव संघर्ष होता रहेगा। किसानों की हर समस्याओं को जिला मजिस्ट्रेट से लेकर मुख्यमंत्री ओर प्रधानमंत्री तक उठाया जाएगा। डॉक्टर निजात ने कहा कि स्वाति मेंथॉल फैक्ट्री के केमिकल युक्त पानी से शहजादनगर,रोशन बाग, अहमदनगर जागीर के निवासी परेशान है। पिछले कई दिनों हमारे संगठन के लोगों ने शिकायत की थी जिसमें फैक्ट्री को प्रदूषण बोर्ड मुरादाबाद के अधिकारियों ने दोषी पाया गया था,लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई है। अब इस मामले में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। 21 के बाद निर्णय लिया जाएगा। बैठक में मोहम्मद निजात,आलिम, मुवीन जावेद मियां, बाबर अहमद, नासिर,प्यारे खान, शराफत अली आदि ने भाग लिया।



# आईटेंडिटी स्कूल ने सेंट मेरीज को 4-0 से हराया

- महात्मा गांधी स्टेडियम में टीमों ने किया प्रतिभाग

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** रामपुर-स्वार रोड स्थित महात्मा गांधी स्टेडियम में मंगलवार को बालिका वर्ग मे सेंट मेरीज स्कूल और आइडेंटी एजुकेशनल के बीच खेला गया। खेल के मध्यांतर तक आईडेंटी स्कूल 3-0 से आगे थी। खेल के 9 वें मिनट में रोशनी ने गोल किया। इसके साथ ही टीम का दूसरा गोल भी किया। 15 वें मिनट में शीतल ने तीसरा गोल किया। इसी के चलते मध्यांतर तक आईडेंटी स्कूल 3-0 से आगे रही। खेल में चौथा गोल रोशनी ने 21 वें मिनट में किया। बालिका वर्ग में आइडेंटी स्कूल ने सेंट मेरीज स्कूल को 4-0 से हराया। दूसरा मैच बालक वर्ग में आइडेंटी और सनवे स्कूल के बीच खेला गया। जिसमें पहला गोल आइडेंटी स्कूल के वारिस ने 6 वें मिनट कर टीम को 1-0 से आगे कर दिया। इसके बाद वारिस ने दूसरा गोल किया। इसके साथ ही टीम 2-0 से आगे रही। मध्यांतर तक आइडेंटी स्कूल 2-0 से आगे रही। आईडेंटी स्कूल की ओर से तैय्यब ने गोल कर स्कोर 3-0 से कर दिया। मैच के आयोजक ने बताया कि बुधवार को सनवे और ग्रीनवुड स्कूल के बीच खेला जाएगा। इस अवसर पर हाकी सचिव मुख्तार खां, जमशेद आगा, कोच फरहत खां, इशरत अली, आदिल हसनैन और वकार खां आदि मौजूद रहे।



महात्मा गांधी स्टेडियम में मैच खेलती टीमें। -जागरण मोर्चा

**सराहनीय** गंभीर मरीजों के उपचार में प्रशासन बना सहारा

# आयुष्मान कार्ड वितरण से जरूरतमंदों को मिली बड़ी राहत : जिलाधिकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना। जनसुनवाई में स्वास्थ्य, आवास, विद्युत एवं राशन कार्ड से संबंधित प्रकरण प्रमुख रूप से प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने सभी मामलों को प्राथमिकता पर लेते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

विगत जनता दर्शन में मोइस पुत्र रहीस निवासी ग्राम खजुरिया कला बिलासपुर एवं मोहम्मद अयान निवासी ग्राम कनकपुर बिलासपुर आयु 7 वर्ष गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के उपचार के लिए अपने पिता के साथ जिलाधिकारी के समक्ष उपस्थित हुए थे। जिलाधिकारी के निर्देश पर दोनों का आयुष्मान कार्ड बनवाया गया। जनसुनवाई के दौरान पुनः उपस्थित होने पर जिलाधिकारी ने उन्हें अपने हाथों से आयुष्मान कार्ड प्रदान किया तथा उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि धनाभाव के कारण किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गंभीर रोगियों को शासन की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाए। साथ ही, उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समयसीमा में, पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक असुविधा का सामना न करना।



बालक को आयुष्मान कार्ड देते डीएम। -जागरण मोर्चा

# शटडाउन का चार घंटे का, दिनभर गायब रही बिजली

- बिजली निगम के अधिकारियों की मनमानी उपभोक्ताओं पर पड़ रही भारी

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** बिजली निगम की मनमानी उपभोक्ताओं पर काफी भारी पड़ रही है। इसको लेकर उपभोक्ता काफी चिंतित है। अजीतपुर प्रथम उपकेंद्र पर 11 केवी फीडर का वीसीबी को बदलने और तारों के बीच आ रहे पेड़ों की कटाई छटाई के लिए सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक के लिए शटडाउन लिया गया। लेकिन आपूर्ति दिनभर गायब रही।

आपूर्ति शाम 7 बजे ही सुचारू हुई। दरअसल बिजली निगम द्वारा उपकेंद्रों पर मरम्मत कार्य कराया जा रहे हैं। इसलिए कार्य कराए जाने से पहले संबंधित विभाग के ग्रुप में जानकारी साझा करनी होती है जिसके कि कार्य शुरू हो जाए लेकिन उपभोक्ताओं की इसकी जानकारी न हो। इसलिए अजीतपुर प्रथम उपकेंद्र में मरम्मत कराए जाने के लिए जानकारी दी। कि कार्य कराए जाने के लिए आपूर्ति सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक बाधित रहेगी। लेकिन आपूर्ति शाम 7 बजे ही सुचारू हुई।

काफी देर तक आपूर्ति नहीं आने पर उपभोक्ताओं ने निगम के अधिकारियों को फोन घुमाने शुरू किए तो उन्होंने रटा रटाया जवाब दे दिया। बिजलीघर में कार्य कराया जा रहा है जल्द ही आपूर्ति सुचारु होगी।

### इन क्षेत्रों में नहीं आई बिजली

ज्वालानगर, अजीतपुर, इंडस्ट्रियल एरिया अजीतपुर, लक्ष्मीनगर, सांई विहार, आगापुर, मंसूरपुर, कोसी पुल बाइपास रोड, पनवड़िया और अहमदनगर जागीर के उपभोक्ता प्रभावित रहे।

कार्य कराए जाने में कभी-कभी समय लग जाता है बिजलीघर की पुरानी वीसीबी को बदलवाया गया है।
**-अनुराग सिंह, एक्सईएन, तकनीकी नवाबगेट डिवीजन।**

### शेयर मार्केट में पैसा हारा तो दोस्तों ने पीटा

**धमोरा।** शहजादनगर थाना क्षेत्र में दोस्तों के साथ मिलकर शेयर मार्केट में पैसा लगाने के मामले में हुई मारपीट के दौरान तीन दोस्तों के खिलाफ शहजादनगर पुलिस ने मामला दर्ज की कार्रवाई की है। मामला थाना क्षेत्र के जूढिया गांव से जुड़ा है। गांव निवासी शोएब पुत्र इरफान ने थाना पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है। कि उसके तीन दोस्त लाल पुत्र हिलाल, सोनू पुत्र रईस अहमद, अनीश पुत्र मोहम्मद अहमद के साथ मिलकर शेयर मार्केट में पैसा लगाते थे। इस दौरान बताया है कि कई बार सभी दोस्तों ने पैसे जीतकर आपस में बांटे भी थे। साथ ही कई बार सभी ने अपने-अपने पैसे गवाह भी दिए थे। इस दौरान शोएब का आरोप है। कि वह बीते मंगलवार को अपने घर के बाहर खड़ा था। जिसके चलते लाल, सोनू, अनीश आ धमाके और शोएब से अपने शेयर मार्केट में हारे हुए पैसे मांगने लगे। जिसके बाद उसने पैसे देने से इंकार किया तो तीनों ने गाली गलौज शुरू कर दी।

## एक नजर

### आवेदन करने की अंतिम तिथि 13 मई

**रामपुर।** बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण–आरसेटी द्वारा जनपद के गरीब ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से मई माह के द्वितीय सप्ताह में नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। निदेशक देशराज मीणा ने बताया कि संस्थान द्वारा 12 दिवसीय फास्ट फूड स्टॉल उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जाएगा, जिसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 13 मई निर्धारित की गई है। बताया कि प्रशिक्षण के लिए अभ्यर्थी की आयु 18 से 50 वर्ष के बीच होना अनिवार्य है। आवेदक जनपद का गरीब ग्रामीण निवासी होना चाहिए। आवेदन के लिए 5 पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, राशन कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, स्वयं सहायता समूह परिवार प्रमाण पत्र एवं बैंक पासबुक अनिवार्य हैं। संस्थान द्वारा चयनित प्रशिक्षणार्थियों को नि:शुल्क आवास, भोजन, ड्रेस, स्टेशनरी एवं प्रशिक्षण सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। प्रशिक्षण उपरांत स्वरोजगार स्थापित करने के लिए बैंक ऋण दिलाने में भी सहयोग प्रदान किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी एवं पंजीकरण के लिए सामान्य सुविधा एवं हस्तकला केंद्र, नैनीताल रोड, पहाड़ी गेट, स्थित कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### 7 को महिला जनसुनवाई का आयोजन

**रामपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या ने बताया कि महिला उत्पीड़न की घटनाओं की रोकथाम, पीड़ित महिलाओं को त्वरित एवं प्रभावी न्याय उपलब्ध कराने तथा आमजन विशेषकर महिलाओं की समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के उद्देश्य से 7 मई को विकास भवन सभागार में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। बताया कि महिला जनसुनवाई की अध्यक्षता सदस्य, राज्य महिला आयोग सुनीता सैनी द्वारा की जाएगी। जनसुनवाई के दौरान घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, पारिवारिक विवाद, संपत्ति संबंधी विवाद, भरण–पोषण, उत्पीड़न एवं अन्य महिला संबंधित प्रकरणों की सुनवाई कर उनका त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा।

# टैक्स को 50 गुना बढ़ाकर समाज को किया जा रहा है परेशान: संदीप सोनी

## हामिद स्कूल के पास बनाए गए डिवाइडर को हटाना जरूरी, लगता है जाम


सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। –जागरण मोर्चा


कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते व्यापारी। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारी तिलक नगर कॉलोनी कार्यालय से एकत्रित होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। वहां पहुंचकर व्यापारियों ने नगर पालिका के खिलाफ नारे लगाए। ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट सालिग राम को सौंपा।

इस पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा की समस्याओं और व्यापार वृद्धि आर्थिक विकास व प्रगति व शहर के रोजगार के विकास के संबंध में व्यापार मंडल लगातार अनुरोध कर पूर्ण सहमति के साथ अवगत करा चुका है लेकिन नगर पालिका परिषद की लापरवाही व गंभीर पूर्वक जनता व व्यापारी समाज की समस्या को अनदेखी कर समस्याओं का समाधान नहीं करा पा रही है। जिससे शहर का विकास रुक रहा है।मुख्य 24 करोड़ 96 लाख की लागत से तैयार बापू माल जो की 13 वर्ष से तैयार है। उसे नगर पालिका द्वारा शुरू कराया नहीं गया है जिससे शहर का विकास ठप हो रहा है। हाउस टैक्स वाटर टैक्स को 50 गुना बढ़ाकर आम जनता व्यापारी समाज को भारी तादाद में नोटिस बांट दिए गए हैं, जो कि नियमानुसार उचित नहीं है इस पर 50 गुना की रोक लगाया जाना जरूरी है। हामिद स्कूल के सामने बना डिवाइडर बहुत ही छोटी और पतली सड़क पर मनमाने तरीके से नियम विरुद्ध लगा दिया गया है। जिससे जाम की समस्या व दुर्घटना होकर जनता के चोट लग रही हैं। इसको भी हटाया जाना आवश्यक है।जनता का व्यापारी समाज हित में विकास प्रगति और बेरोजगारी दूर करने व मजबूत करने के लिए इन समस्याओं का समाधान होना भी आवश्यक है।

### यह रहे मौजूद

राजीव शर्मा ,अरविंद गुप्ता, महफूज हुसैन, पप्पू खान, अब्दुल बासिक, शाहिद मामू, दिलशाद हुसैन, बाबू, फहीम अहमद, रमेश सैनी, कन्हैया लाल पटवा, आसिफ उल्ला खान, शराफत , हंसराज अरोरा, बाबर खान, प्रवीण गुर्जर, सोहेल खान, संगठन मंत्री आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मिसकाल के माध्यम से ऑनलाइन योग से जुड़ें

- आयुष विभाग द्वारा जारी किया गया टोल फ्री नंबर व लिंक

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** आयुष मंत्रालय की गाइड लाइन के अनुसार योग 365 दिन थीम के अंतर्गत फ्री ऑनलाइन योग सत्र का आयोजन किया जा रहा है। देशभर में योग प्रशिक्षकों के माध्यम से योजना के जुड़ने के लिए प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इस बार आयुष मंत्रालय 12 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने जा रहा है। जिसको लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी है।

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. मनोज आर्य के निर्देशन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय नगर में जगह जगह योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को किला मैदान में योग शिविर का आयोजन किया गया। योग प्रशिक्षक राजीव कुमार व योग प्रशिक्षिका अर्चना गुप्ता द्वारा मैदान में महिलाओं व पुरूषों को सूक्ष्म व्यायाम, आसन, प्राणायाम का अभ्यास कराया गया एवं उनको स्वस्थ रहने के लिए जानकारी दी गई। योग प्रशिक्षक राजीव कुमार ने कहा कि शासन द्वारा जारी लिंक और टोल फ्री नंबर 18003157008 से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ा जा रहा। जिसके माध्यम से लोग ऑनलाइन घर बैठे योगाभ्यास कर सकते है। अपने समय अनुसार लोग चुन सकते है।


किला मैदान में लोगों को जागरूक करते प्रशिक्षक। –जागरण मोर्चा

# गुणवत्तापूर्ण बीज कराए जाएंगे उपलब्ध : राम किशन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** उप्र सरकार द्वारा संचालित मिलेट्स अन्न पुनरोद्धार कार्यक्रम के तहत जनपद में मिलेट्स की खेती को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से निःशुल्क बीज मिनीकिट वितरण के लिए ऑनलाइन बुकिंग प्रारम्भ कर दी गई है। इस योजना के तहत किसान को विभिन्न मिलेट्स फसलों के गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराए जाएंगे। जिससे उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ पोषण सुरक्षा को भी बढ़ावा मिलेगा।

उप कृषि निदेशक राम किशन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद को प्राप्त लक्ष्य के अनुसार संकुल ज्वार के 800, कोदो के 160, मडुआ (रागी) के 440, सावां के 264 तथा संकर बाजरा के 1800 मिनीकिट वितरित किए जाएंगे। यह वितरण पूर्णतः निःशुल्क किया जाएगा। जिससे अधिक से अधिक किसान लाभान्वित हो सकें। इच्छुक किसान कृषि विभाग के आधिकारिक पोर्टल पर जाकर बीज मिनीकिट, सामान्य बीज, संकर बीज बुकिंग प्रारम्भ विकल्प पर क्लिक कर आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए किसान को खरीफ मौसम का चयन करते हुए अपनी पंजीकरण संख्या दर्ज करनी होगी। पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त 6 अंकों के ओटीपी के माध्यम से सत्यापन के पश्चात किसान अपनी इच्छित फसल—उड़द, मूंग, सावां, कोदो, मडुआ (रागी), संकर बाजरा, संकुल ज्वार एवं अरहर—का चयन कर बुकिंग पूर्ण कर सकते हैं।रसीद प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि यदि आवेदन निर्धारित लक्ष्य से अधिक प्राप्त होते हैं, तो लाभार्थियों का चयन ई-लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा। ऑनलाइन बुकिंग की अंतिम तिथि 10 मई निर्धारित की गई है। अतः जनपद के सभी किसान से अपील है कि समय रहते पोर्टल पर पंजीकरण कर योजना का लाभ उठाएं। योजना से संबंधित विस्तृत नियम एवं शर्तें पोर्टल पर उपलब्ध हैं।

# कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव का अधिवक्ताओं ने किया स्वागत

- पांचवीं बार अध्यक्ष बने सतीश चंद्र गंगवार व महासचिव रमेश चंद्र गंगवार का शॉल ओढ़ाकर किया सम्मान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व विधायक संजय कपूर का सोमवार को तहसील मिलक बार सभागार में आगमन हुआ। अधिवक्ताओं ने फूल-माला पहनाकर उनका स्वागत किया। संजय कपूर ने तहसील मिलक बार एसोसिएशन के पांचवीं बार अध्यक्ष बने सतीश चंद्र गंगवार और महासचिव बने रमेश चंद्र गंगवार को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।दोनों पदाधिकारियों को बार एसोसिएशन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की बधाई दी।इस दौरान संजय कपूर ने बार के वरिष्ठ अधिवक्ताओं से मुलाकात कर उनके सुझाव लिए। कहा कि अधिवक्ता समाज का मजबूत स्तंभ हैं और न्याय व्यवस्था की रीढ़ हैं। कांग्रेस हमेशा वकीलों के हितों के साथ खड़ी रही है।कार्यक्रम में वेद राम सिंह यादव, जीबेंद्र सिंह गंगवार, देवकीनंदन गंगवार, कपिल चौधरी, जीवेंद्र सिंह, अर्श राज कपूर, सुरेश गंगवार, बाबूराम गंगवार, सुभाष चंद्र आर्य, जावेद मलिक, नवनीत यदुवंशी, कमलकांत शर्मा, सुधीर शुक्ला, कैलाश वीर सक्सेना, दानिश रजा खान, सहदेव गंगवार, विपिन तिवारी, धर्मेंद्र सक्सेना, देवेंद्र गंगवार, विवेक गंगवार सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।



अध्यक्ष को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करते संजय कपूर। –जागरण मोर्चा

# लू व हीट वेब से निपटने के लिए शाहबाद सीएचसी पर बना कोल्ड रूम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** आने वाले दिनों में गर्मी का पारा हाई रहने की आसार के चलते शाहबाद के स्वास्थ्य विभाग ने भी तैयारियां शुरू कर दी है। लू व हीट वेब से निपटने के लिए शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर चार बेड का कोल्ड रूम बनाया गया है। जिसमें पंखे, कूलर के साथ जीवन रक्षक दवाएं मौजूद है।

सीएचसी अधीक्षक डॉ मोहित रस्तोगी ने जानकारी देते हुए बताया कि लू और हीट वेब से बचाव के लिए लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है, साथ ही साथ लू और हीट वेब से पीड़ित मरीजों की सुविधा के लिए शाहबाद के सीएचसी पर चार बेड का कोल्ड रूम बनाया गया है, जिसमें पंखे, कूलर लगवाए गए है ताकि रूम का तापमान नियत रहें। इसके अलावा आईबी फ्यूल, ग्लूकोज सहित जीवन रक्षक दवाइयों की व्यवस्था की गई है। मरीजों को मच्छरों से बचाने के लिए रूम के अंदर मच्छरदानी की व्यवस्था कराई गई है। मरीजों की सुविधा के लिए चिकित्सक और स्टाफ हर समय मौजूद रहेगा। सीएचसी अधीक्षक डॉ मोहित रस्तोगी ने यह भी बताया कि कोल्ड रूम में एयर कंडीशन लगाए जाने की भी प्रक्रिया चल रही है।



लू और हीट वेब से पीड़ित मरीजों की सुविधा के लिए शाहबाद सीएचसी पर बना कोल्ड रूम। –जागरण मोर्चा

# कक्षा 11 में प्रवेश के लिए करें आवेदन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित तथा सीबीएसई, नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय निकट कोसी पुल में शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 11 में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

प्रधानाचार्य ने बताया कि कक्षा 10 के प्राप्तांकों की मेरिट के आधार पर विज्ञान वर्ग एवं मानविकी वर्ग में प्रवेश दिए जाएंगे। इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑफलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं, जिनकी अंतिम तिथि 20 मई निर्धारित की गई है। बताया कि यह विद्यालय पूर्णतः आवासीय है, जिसमें केवल गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करने वाले अभिभावकों के बच्चों को ही प्रवेश दिया जाएगा। विद्यालय में छात्रों को निःशुल्क आवास, भोजन, नाश्ता, स्कूल ड्रेस, पाठ्य पुस्तकें तथा दैनिक उपयोग की समस्त आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराई जाती हैं।इसके अतिरिक्त, विद्यार्थियों को जेईई एवं नीट की निःशुल्क कोचिंग के साथ-साथ आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं भी प्रदान की जाती हैं। विद्यालय में स्मार्ट क्लास, कम्प्यूटर लैब, विज्ञान प्रयोगशालाएं, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियां एवं व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी किसी भी कार्य दिवस में विद्यालय पहुंचकर आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं तथा निर्धारित तिथि तक जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी सीधे विद्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

# भाजपा की जीत पर शाहबाद तहसील परिसर में बांटी मिठाई


भाजपा की जीत पर शाहबाद तहसील में एक दूसरे को मिठाई खिलाते भाजपाई। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** पश्चिम बंगाल, असम और पडुचेरी में भाजपा की प्रचंड जीत पर शाहबाद के भाजपाई भी गदगद है। मंगलवार को शाहबाद तहसील परिसर में गन्ना समिति के चेयरमैन एडवोकेट विवेक पांडे के चैंबर भाजपाई एकत्र हुए और तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। गन्ना समिति के चेयरमैन विवेक कुमार पांडे ने कहा कि यह नए भारत में विकसित भारत की सोच की जीत है यदि भाजपा जीतेगी तो निश्चित रूप से देश जीतेगा 2026 के परिणाम 2027 एवं 2029 के लिए संदेश है, कि पीएम मोदी के नेतृत्व में हर राज्य में भाजपा का राज होगा। तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर तहसील परिसर में जश्न मनाने वालों में एडवोकेट आनन्द पाल सिंह राजपूत, रामौतार सिंह एडवोकेट, भूकन लाल, अमर सिंह एडवोकेट, एडवोकेट कुमारी माधुरी सक्सेना, संजीव कुमार मिश्रा एडवोकेट, महेश चंद्रवंशी, अनुभव शर्मा, अमित चंद्रवंशी, तेजपाल सिंह लोधी आदि रहे।

# केरल के कुन्नमकुलम में कांग्रेस की जीत पर मिलक में जश्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** केरल के कुन्नमकुलम विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस की जीत पर मंगलवार को मिलक नगर स्थित कांग्रेस कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया।कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए कांग्रेस के पूर्व जिला उपाध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह यदुवंशी ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व में यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट ने केरल में एक दशक बाद सत्ता में जबरदस्त वापसी की है। यह जीत क्षेत्र, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस और वहां की जनता का जनादेश है।इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह यदुवंशी के साथ जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र यादव, सुरेंद्र गंगवार, चौ. विजय सिंह राणा, राहुल शुक्ला, नवीन त्यागी, दलीप त्यागी आदि मौजूद रहे।


एक दूसरे को मिठाई खिलाते कांग्रेसी। –जागरण मोर्चा

**सराहनीय** | व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल के प्ले ग्रुप में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

# रक्तदान कर मानवता की सेवा का दिया संदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** मदद एक आस संस्था की ओर से व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल के प्ले ग्रुप में एक दिवसीय रक्तदान शिविर, डेंटल चेकअप एवं आई चेकअप शिविर का आयोजन किया। जिसका उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं जरूरतमंदों की सहायता करना था।

शिविर का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधन एवं संस्था के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की सेवा का संदेश दिया। वहीं डेंटल चेकअप में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने बच्चों एवं अभिभावकों के दांतों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया।आई चेकअप शिविर में नेत्र विशेषज्ञों द्वारा आंखों की जांच की गई। जरूरतमंदों को मुफ्त परामर्श एवं दवाइयां प्रदान की गईं। इस दौरान विद्यार्थियों को आंखों की देखभाल एवं स्वच्छता के प्रति भी जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में संस्था के सदस्यों ने सभी प्रतिभागियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्य जारी रखने का आश्वासन दिया।इस अवसर पर मदद -एक आस संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतीक शर्मा, जिला अध्यक्ष संचित कपूर, डॉ सुशील कुमार, दीप डेंटल क्लिनिक के चिकित्सक डॉ. विक्रम दीप सिंह ,अलीगढ़ आई केयर सेंटर के विशेषज्ञ, विद्यालय की प्रधानाचार्या क्वीनी फर्नांडीस एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



स्कूल में रक्तदान करती शिक्षिका। –जागरण मोर्चा

# शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह ने बीएसए को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें कहा है कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार के आदेशानुसार वर्तमान में राष्ट्रीय जनगणना-2026-2027 का महत्वपूर्ण कार्य गतिमान है। इस राष्ट्रीय दायित्व के सफल संपादन के लिए परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों की ड्यूटी प्रगणक एवं पर्यवेक्षक के रूप में लगाई गई है। जनगणना कार्य मई और जून के ग्रीष्मावकाश के दौरान कराया जा रहा है, जो शिक्षकों के लिए वैधानिक विश्राम का समय होता है।वित्तीय नियमों का प्रावधानः वित्तीय हस्तपुस्तिका के नियमों के अनुसार, यदि किसी अवकाश विभाग के कर्मचारी को छुट्टियों के दौरान सरकारी कार्य के लिए रोका जाता है, तो वह उस अवधि के बदले उपार्जित अवकाश पाने का पात्र होता है।

शारीरिक एवं मानसिक दबावः भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के बीच फील्ड में जाकर जनगणना कार्य करने से शिक्षकों पर अत्यधिक शारीरिक और मानसिक दबाव बढ़ रहा है। शिक्षकों के हितों और वैधानिक अधिकारों को ध्यान में रखते हुए, ग्रीष्मावकाश में जनगणना ड्यूटी पर उपस्थित रहने वाले दिनों के अनुपात में शिक्षकों के सेवा पुस्तिका में उपार्जित अवकाश अंकित, क्रेडिट करने के लिए संबंधित खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित करने की कृपा करें।

## एक नजर

### ग्राम मिश्रीपुर में 22 दिन से लगे पिंजरे को तेंदुए का इंतजार

**कांठ।** तहसील क्षेत्र के गांवों में तेंदुओं की बढ़ती संख्या और लगातार हो रहे हमलों ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। ग्राम मिश्रीपुर, फत्तेहपुर बिश्नोई, दरियापुर, और रायपुर खुर्द सहित आधा दर्जन गांवों में तेंदुए अब तक अबोध बच्चों सहित दर्जन भर लोगों को लहूलुहान कर चुके हैं। दहशत का आलम यह है कि लोग खेतों पर जाने से कतरा रहे हैं।मिश्रीपुर में एक बच्चे पर हमले के बाद वन विभाग ने 13 अप्रैल को पिंजरा लगाया था, लेकिन 22 दिन बाद भी तेंदुआ पिंजरे में नहीं फंसा है। वन रेंजर गिरीश चंद्र श्रीवास्तव के अनुसार, तेंदुओं की संख्या इतनी बढ़ गई है कि चिड़ियाघरों में क्षमता से अधिक तेंदुए भेजे जा चुके हैं। हाल ही में ठाकुरद्वारा से पकड़ा गया तेंदुआ मुरादाबाद के डियर पार्क में रखा गया है। डिप्टी रेंजर पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि स्वस्थ तेंदुए हमला करने के बाद अक्सर स्थान बदल देते हैं, जिससे वे पिंजरे में नहीं फंसते। क्षेत्र में लगातार शावक देखे जाने से खतरा और गंभीर हो गया है।

# पुलिस ने हाईटेंशन लाइन चोरी के दो अंतर्राजीय चोर दबोचे

## आरोपियों के पास से 2 लाख 52 हजार रुपये, दो कार व दो मोबाइल बरामद किए

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** बहजोई पुलिस ने हाईटेंशन लाइन चोरी के अंतर्राजीय गिरोह का भंडा फोड़ किया है। जिसमें पुलिस ने गिरोह के दो आरोपी रहित माल तथा चोरी के माल को बेचकर प्राप्त किए गए 2 लाख 52 हजार रुपये व घटना में प्रयुक्त दो गाड़ी बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

किरारी विद्युत उपकेंद्र के जेई लखपत सिंह पुत्र धनीराम निवासी गांव सतवाह थाना डिबाई जनपद बुलदशहर ने 2 मई को तहरीर दी। जिसमें कहा कि अप्रैल माह में भिन्न-भिन्न तारीखों व भिन्न-भिन्न घटनास्थलों से अज्ञात चोरों द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर बिजली की सरकारी लाइन के तार चोरी कर लिए हैं।



हाईटेंशन लाइन की चोरी का खुलासा करते एसपी। -जागरण मोर्चा

तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया। इसके बाद घटना के खुलासे के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया। जिसमें पुलिस ने 5 मई उक्त घटनाक्रम में शामिल आरोपी जमशेद आलम निवासी मसीद थाना हीमपुर दीपा जनपद बिजनौर हाल निवासी मदीना मस्जिद के पास संगम विहार थाना तिमारपुर नई दिल्ली व शाहिल निवासी जहांगीरपुर नई दिल्ली को चोरी किए गए माल व चोरी कर बेचे गए माल के 2 लाख 52 हजार रुपये के साथ दबोच लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में शामिल दो मोबाइल व दो गाड़ी भी बरामद की।

पुलिस ने दोनों आरोपियों को थाना बहजोई क्षेत्र के गांव बिसारू व राजपुर के बीच गंगा एक्सप्रेस-वे के नीचे बनी पुलिया के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह अपने गिरोह के अन्य साथियों के साथ योजना बनाकर दिल्ली से कारों द्वारा संभल आकर भिन्न-भिन्न स्थानों की रेकी करके यह सुनिश्चित करते थे कि जिन विद्युत लाइनों की विद्युत आपूर्ति कटी हुई है तथा ऐसे सुनसान सस्थानों पर स्थित खंभों पर रात में चढ़कर कटर से लान काटकर बंडर बनाकर छिपा देते थे तथा मौका देखकर कारों में लादकर दिल्ली ले जाकर इन तारों को बेच देते थे। उससे प्राप्त धन को आपस में बांट लेते थे। वह चोरी का माल दानिश उर्फ मुनशाद निवासी आयसा मस्जिद के पास संगम विहार थाना तिमारपुर दिल्ली को बेचते हैं। पुलिस चोरी के माल खरीदने वाले की तलाशी में जुटी है।

### निषाद पार्टी के जिला अध्यक्ष को जान से मारने की धमकी में रिपोर्ट दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार को फोन पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

एसएसपी के निर्देश पर छजलैट पुलिस ने आरोपी सौरभ कश्यप के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है।पीड़ित मनोज कुमार के अनुसार, 9 अप्रैल की रात आरोपी ने उन्हें फोन पर भद्दी गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि सौरभ पहले भी तीन-चार बार मारपीट का प्रयास कर चुका है। बीते 8 अप्रैल को संभल में आयोजित पार्टी के कार्यक्रम के दौरान भी आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम देने की कोशिश की थी। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी सौरभ के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है और मामले की विवेचना की जा रही है।

## संक्षेप समाचार



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। -जागरण मोर्चा

### जन्म प्रमाण पत्र में देरी, पालिका की सुस्ती

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल युवा इकाई की ओर से एसडीएम नीतू रानी को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें नगर पालिका में जन्म प्रमाण पत्र बनाने में घोर लापरवाही की शिकायत की गई। व्यापारियों ने कहा कि इस समय बच्चों का विद्यालय में दाखिले का समय चल रहा है। ऐसे में अभिभावकों को बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है और अभिभावक नगर पालिका के चक्कर लगाते-लगाते परेशान हो गए हैं। कई-कई माह के आवेदन लंबित पड़े हैं, इसके अलावा आधार कार्ड बनवाने व संसोधन के लिए आधार केंद्रों पर महीनों की तारीख पड़ती है। जिससे लोग काफी परेशान बने हैं। व्यापार मंडल मांग करता है कि आधार कार्ड बनवाने के लिए कैंपों का आयोजन किया जाए और नगर पालिका को निर्देश दिए कि वह 15 दिन के भीतर जन्म प्रमाण पत्र बनाए जाए। ज्ञापन देने वालों में युवा प्रदेश मंत्री शाह आलम मंसूरी, युवा जिलाध्यक्ष सागर गुप्ता, राजीव शर्मा, मोहित सक्सेना, परवेज, सचिन शर्मा, सौरभ अग्रवाल, चार्ली गुप्ता आदि मौजूद रहे।



विजेता प्रतिभागियों को मेडल पहनाकर किया गया सम्मानित। -जागरण मोर्चा

### एएम वर्ल्ड स्कूल: स्केटिंग में 12 पदक जीते

**चन्दौसी।** मुरादाबाद के समर वैली स्कूल में 2 मई को आयोजित जिला स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में नगर के एएम वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने भी प्रतिभाग किया और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 12 स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक अपने नाम किए। जिसमें खिलाड़ियों ने 02 स्वर्ण पदक,05 रजत पदक, 05 कांस्य पदक जीतकर विद्यालय और नगर का गौरव बढ़ाया। विद्यार्थियों की इस बड़ी उपलब्धि पर विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय के निदेशक अनुप मंगलम ने विजेता बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि एएम वर्ल्ड स्कूल पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद की गतिविधियों को भी समान प्राथमिकता देता है ताकि बच्चों का हर क्षेत्र में विकास हो सके।वहीं प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और उनके प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने अभिभावकों को भी शुभकामनाएं दीं और छात्रों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

### प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहे 80 प्रशिक्षु

**चन्दौसी।** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) में प्रगणकों व पर्यवेक्षकों को 34 बैंचों का आयोजन किया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण में नामित 1557 कार्मियों के सापेक्ष 1477 कार्मिकों ने सक्रिय सहभागिता की। जबकि 80 प्रशिक्षु अनुपस्थित रहे। फील्ड ट्रेनर्स द्वारा प्रतिभागियों को जनगणना से संबंधित प्रश्नावली के प्रत्येक बिंदु पर विस्तृत एवं व्यवहारिक जानकारी दी गई। इसके अलावा उन्हें 7 मई से आरंभ होने वाले स्व-गणना अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन की कार्ययोजना से अवगत कराया गया। साथ ही इसे जन-जन तक पहुंचाने के निर्देश दिए। जिसमें तहसीलों के तहसीलदार/अधिशासी अधिकारी/चार्ज अधिकारियों द्वारा विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। अनुपस्थित रहने वाले कार्मियों की जानकारी एसडीएम प्रदीप वर्मा को दी गई है।

### समस्या के समाधान कराने का दिया आश्वासन

**चन्दौसी।** नगर पालिका के जलकल विभाग ने पेयजल से आने वाली समस्याओं को लेकर पालिकाध्यक्ष के प्रतिनिधि ने अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें सभासदों ने कहा कि शहर में पेयजल पाइप लाइन में लीकेज, गंदा पानी आना व पानी का प्रेशर कम की समस्या पिछले काफी दिनों से बनी हुई है। इस पर पालिका के प्रतिनिधि अखिलेश कुमार खिलाड़ी ने कहा कि हम जनता की समस्या के निस्तारण के लिए बैठे हैं। अगर जनता की परेशानी का सामना करना पड़ेगा, तो हमारे रहने का क्या फायदा। उन्होंने पालिका के जलकल जेई केपी सिंह, लिपिक अर्पित श्रीवास्तव से शीघ्र समस्या के समाधान की बात कही। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर सभासद तरुण कुमार नीरज, अमन कोरी, शिव कुमार सैनी, नवकांत शर्मा, सचिन रस्तोगी, निशांत शर्मा, सचिंद्र यादव, लोकेश मौर्य आदि मौजूद रहे।

### ऑटो-रिक्शा चालकों को किया जागरूक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन में मंगलवार को यातायात पुलिस ने नगर में विशेष जागरूकता अभियान चलाया। स्टेशन क्षेत्र में आयोजित इस अभियान के दौरान ई-रिक्शा और ऑटो चालकों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया गया।पुलिस ने चालकों को सख्त हिदायत दी कि वे वाहनों में क्षमता से अधिक सवारी न बैठाएं और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग बिल्कुल न करें। यातायात कर्मियों ने समझाया कि सवारी की सुरक्षा चालक की जिम्मेदारी है, इसलिए लापरवाही न बरतें। नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। इस पहल का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है।

# सरकारी योजनाओं पर फोकस करें अधिकारी: जिलाधिकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में नवागत जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल द्वारा जनपद के समस्त जिलास्तरीय अधिकारी तथा समस्त उप जिलाधिकारी तथा समस्त खंड विकास अधिकारियों के साथ जनपद की प्रशासनिक व्यवस्था, विकास कार्य एवं आगामी कार्य योजनाओं पर विचार विमर्श को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमें सर्वप्रथम नवागत जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया उसके उपरांत उन्होंने जनपद के विकास कार्यों के विषय में चर्चा की और उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग अपने विभाग से संबंधित प्रमुख योजनाओं जिनकी शासन के द्वारा समीक्षा की जाती है उनकी पीपीटी तैयार करें।विभाग से संबंधित जनपद की उपलब्धियां एवं विभाग से संबंधित लंबित समस्याएं



कलक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी।

क्या हैं उनको लेकर जिलाधिकारी ने जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की प्राथमिकता पर जो योजनाएं हैं उन पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाए। जनगणना 2027 को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि इसको लेकर भी समीक्षा की जाएगी। इसके बाद उन्होंने आईजीआरएस शिकायतों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने की बात करते हुए कहा कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता जनसुनवाई है इसको विशेष रूप से समस्त संबंधित अधिकारी ध्यान रखें। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, प्रभागीय वनाधिकारी प्रीति यादव, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सौरव कुमार पांडेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तरुण पाठक, सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार एवं समस्त

### नवागंतुक डीएम ने पूजा-अर्चना के बाद संभाला पदभार

**चन्दौसी।** नवागंतुक जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल ने संभल पहुंच मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद अपपने कार्यभार संभाल लिया। इस अवसर पर जनपद के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। दो दिन पहले जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया का तबादला मुरादाबाद हो गया था। उनके स्थान पर अंकित खंडेलवाल नए जिलाधिकारी मंगलवार को संभल पहुंचे। उन्होंने मोहल्ला कोट पूर्वी स्थित प्राचीन कल्कि मंदिर में पूजा-अर्चना कर भगवान कल्कि के दर्शन किए। इसके बाद मंदिर परिसर में पौधारोपण किया। इसके बाद वह संभल की पुरानी तहसील स्थित वरिष्ठ कोषाधिकारी कार्यालय पहुंचकर द्वितालक कक्ष में आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर पदभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं और जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से भी मुलाकात की। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, वरिष्ठ कोषाधिकारी प्रवीण कुमार, एसडीएम संभल निधि पटेल, डिप्टी कलेक्टर आशुतोष तिवारी, तहसीलदार संभल धीरेंद्र सिंह, लेखाकार अपूर्व बंसल आदि मौजूद रहे।



पूजा-अर्चना करते नवागंतुक जिलाधिकारी।

# गीतकार दिनेश पाल सिंह सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** नगर की प्रतिष्ठित संस्था हिंदू जागृति मंच एवं साहित्य सोम संगम के संयुक्त तत्वावधान में पुस्तक विमोचन, कवि सम्मेलन एवं साहित्यकार सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कविजनों की साहित्यिक सेवाओं के लिए विशिष्ट सम्मान प्रदान किए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित करके एवं शारदे वंदना से हुआ। अतुल कुमार शर्मा द्वारा संपादित दो साझा-संकलन सोम सिंधु एवं साहित्य श्रेय पुस्तकों का विमोचन किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान करने वाले साहित्यिक मनीषियों को, इस समारोह में सम्मानित किया गया है। इसी क्रम में कवि दिनेश पाल सिंह दिव्य को उपजिलाधिकारी निधि पटेल एवं तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह उनकी उत्कृष्ट साहित्यिक सेवाओं के लिए साहित्य सृजक सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए साहित्यकारों में डा. प्रतोष कुमार मिश्रा, अवधेश विद्यार्थी, बेबी रानी मिश्रा, विश्ववर दयाल अवस्थी, सुभाष चंद्र शर्मा, रीना खेड़ा, डोरी लाल भास्कर, नेहा मलय, भागीरथ सिन्हा, संजय सुमन, बेखुद योगेश बृजवासी, अखिलेश पुरोहित, पीके शायर, विकास मिश्रा, नेहा गौतम, संजय सृजन आदि को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन व्यंग्य कवि अतुल कुमार शर्मा ने किया।



पुस्तक विमोचन व सम्मानित कवि एवं साहित्यकार। -जागरण मोर्चा

# नारी सुरक्षा: छात्राओं को बांटे सुरक्षा पंपलेट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा व स्वालंबन के लिए मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) चलाया जा रहा है। इसी के तहत पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी चन्दौसी /सहायक नोडल मिशन शक्ति अभियान दीपक कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को जनपद की मिशन शक्ति टीम में नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया। उन्होंने महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया। साथ ही मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के अंतर्गत जनपद की एंटी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलों/कालेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन के लिए चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वुमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेंसी काल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सीएम हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एंबुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।



महिलाओं को जागरूक करतीं एण्टी रोमियो की टीम। -जागरण मोर्चा

**पूर्णाहुति** श्री गीता सत्संग भवन में चल रही श्री राम कथा क हुआ समापन

# समय से पहले कुछ नहीं होता : स्वामी विश्वेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** नगर के सीता रोड स्थित श्री गीता सत्संग भवन में श्री राम कथा चल रही है। श्रीराम कथा के सप्तम एवं अंतिम दिवस पर जगद्गुरु स्वामी विश्वेश प्रपन्नाचार्य महाराज ने कथा का समापन प्रवचन किया।

महाराज ने कहा कि भगवान श्री राम ने सेतुबंध का निर्माण कर समुद्र पर कृपा की और अंगद को दूत बनाकर रावण की राज्यसभा में भेजा। अंगद ने रावण को समझाया, किन्तु रावण नहीं माना। तब भगवान श्री राम ने लंका पर चढ़ाई का आदेश दिया। भगवान श्री राम ने रावण सहित उसके पूरे परिवार का संहार कर विभीषण को अपनी शरण में लिया और उन्हें लंका का राजा घोषित किया। लक्ष्मण के द्वारा विभीषण का राज्याभिषेक कराया गया। मर्यादा की रक्षा के लिए अग्नि-परीक्षा के माध्यम से भगवान ने छाया सीता को त्यागकर शुद्ध स्वरूप में वास्तविक सीता को ग्रहण किया। तत्पश्चात देवलोक से देवता प्रार्थना करने आए, भगवान ने उन्हें सांत्वना दी। पिता महाराज दशरथ भी श्री राम से मिले और अत्यंत प्रसन्न हुए। श्री राम ने इन्द्र के माध्यम से सभी वानरों पर कृपा की। युद्ध में जो वानर घायल हो गए थे अथवा जिन्होंने शरीर त्याग दिया था, इन्द्र ने अमृत-वर्षा से सभी को स्वस्थ कर दिया। सभी ने भगवान श्री राम की जय-जयकार की और अयोध्या के लिए प्रस्थान किया। अयोध्या पहुंचकर भगवान श्री राम का राज्याभिषेक किया गया। स्वामी ने कहा कि जब तक समय नहीं आता, तब तक कुछ नहीं होता। उस समय समय नहीं था, इसलिए राम का राज्याभिषेक नहीं हुआ। महाराज ने कहा कि मनुष्य को कभी भी परेशान नहीं होना चाहिए। जब सही समय आता है, तभी भगवान मनुष्य पर कृपा करते हैं। अंत में आरती के साथ प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान जिवेन्द्र कुमार अग्रवाल, अनिल कुमार अग्रवाल, पराग बंसल, सुधांशु रस्तोगी, हर्ष गोयल,राहुल अग्रवाल, विनय अग्रवाल, राकेश सर्राफ,प्रदीप कुमार अग्रवाल, पुनीत सर्राफ,उमेश अग्रवाल,वीरेन्द्र कुमार सर्राफ, सौरव अग्रवाल, विवेक अग्रवाल आदि का सहयोग रहा।



श्रीराम कथा सुनतें श्रद्धालु।

# सीएचसी में जल्द शुरू होगी क्रिटिकल केयर यूनिट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** जनपदवासियों को बहुत जल्द ही स्वास्थ्य सेवा में बहुत बड़ी उपलब्धि मिलने वाली है। क्योंकि पिछले डेढ़ वर्ष सीएचसी में 18 करोड़ की लागत से क्रिटिकल केयर यूनिट का निर्माण कार्य चल रहा है। जो अब अंतिम दौर में है। उक्त यूनिट में 50 बेड की पांच मंजिला इमारत के बेसमेंट व पूरे भवन के निर्माण पूरा हो चुका है। अब हादसे में हाथ-पैर टूटने वाले का प्लास्टर भी यूनिट में हुआ करेगा। खासतौर से यूनिट में अब गंभीर मरीजों को बेहतर उपचार मिलेगा।

अभी तक जनपद में हादसों में घायलों को सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया जाता था। मगर अब ऐसा नहीं होगा, अब सीएचसी में क्रिटिकल केयर यूनिट निर्माणाधीन है। कुछ समय बाद ही यूनिट का शुरू कर दी जाएगी। जिसमें गंभीर मरीजों का उपचार किया जाएगा। पहले ऐसी सुविधा नहीं थी। जिससे गंभीर के साथ-साथ उसके तीमारदार भी परेशान होते थे और महंगे दामों में निजी हास्पिटल में उपचार कराते थे। मगर अब ऐसा नहीं होगा। सीएचसी में पांच मंजिला यूनिट का निर्माण कार्य 18 करोड़ रुपये में किया जा रहा है। जिसे रामपुर जनपद की कार्यदायी संस्था सीसीयू का द्वारा निर्माण किया जा रहा है। उक्त निर्माण कार्य 2024 में आरंभ हुआ था। जो अब लगभग पूरा हो चुका है। इसके बाद यूनिट के भवन पर रंगाई-पुताई व डेकोरेशन का कार्य भी शीघ्र आरंभ होने की उम्मीद है। यूनिट के आरंभ होने पर मरीजों को आपरेशन थिएयर, सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड, आईसीयू, लिफ्ट, आपातकालीन वार्ड, आर्थो विंग, सर्जरी विंग सहित अन्य सुविधाएं 24 घंटे उपलब्ध रहेंगी।



सीएचसी परिसर में निर्माणाधीन क्रिटिकल केयर यूनिट का भवन।

सीएचसी में शीघ्र ही क्रिटिकल केयर यूनिटन का निर्माण पूरा होने वाला है। इसके आरंभ होने पर गंभीर मरीजों के साथ-साथ अन्य मरीजों को बेहतर उपचार मिलेगा। यूनिट में 24 घंटे उपचार की व्यवस्था रहेगी। जिसके लिए आधुनिक उपकरणों से लैस किया जाएगा।

-डा. हरविंदर सिंह, सीएमएस, सीएचसी

## एक नजर

### कहासुनी के बाद पति ने पत्नी की जमकर पिटाई पत्नी बुरी तरह घायल

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में कहासुनी के बाद पति ने एक पत्नी का पक्ष लेते हुए दूसरी पत्नी की जमकर पिटाई कर दी। घायल हालत में पीड़िता कोतवाली पहुंची और आरोपी पति के खिलाफ नाम दर्ज तहरीर दी,पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिए नगर के सीएचसी भेज दिया जहां उसका उपचार किया गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव रुखालू निवासी राजबाला पत्नी किरनपाल का आरोप है कि पति के द्वारा डेढ़ महापूर्व पड़ोसी गांव की एक युवती से कोर्ट मैरिज कर लिया था। जबकि आरोपी पर दो बेटा वह एक बेटी मौजूद हैं ।मंगलवार की दोपहर किसी बात को लेकर पति से राजबाला की अनबन हो गई। इसी बात को लेकर पति ने बेल्टों से पिटाई कर दी। पीडिता रहरा थाना क्षेत्र के गांव सूतावली की मडिया अपने मायके को फोन कर अपने भाई को बुला लिया। बहन की ससुराल पहुंचे भाई ने बहन को घायल देखा और उसे लेकर कोतवाली पहुंचा और आरोपी के खिलाफ नाम दर्ज तहरीर दी ।पुलिस ने घायल से तहरीर लेकर उसे मेडिकल के लिए नगर के सीएचसी भेज दिया जहां उसका उपचार किया गया।

# विद्यालय में पढ़ाई ठप, अभिभावकों का प्रदर्शन प्रबंधक को बुलाने और शिक्षकों की तैनाती की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय


विद्यालय के गेट पर प्रदर्शन करते छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक। -जागरण मोर्चा


प्रधानाचार्य को शिकायती पत्र सौंपते। -जागरण मोर्चा

**ठाकुरद्वारा।** जनता इंटर कॉलेज गोपीवाला कालेवाला में मंगलवार को पढ़ाई व्यवस्था को लेकर अभिभावकों और छात्रों का आक्रोश फूट पड़ा। अभिभावक शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में अभिभावक—महिला व पुरुष—विद्यालय पहुंचे और प्रधानाचार्य भूपेंद्र पाल सिंह गहलोत का घेराव कर जमकर विरोध जताया।

अभिभावकों का आरोप है कि विद्यालय में अध्यापन कार्य सुचारु रूप से नहीं चल रहा है। इंटरमीडिएट कक्षाओं में हिंदी और गणित को छोड़ अन्य विषयों की पढ़ाई ठप है, जबकि कक्षा 6 से 10 तक भी अंग्रेजी, चित्रकला, गृह विज्ञान समेत कई विषयों के पीरियड नियमित नहीं लग रहे। इससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। प्रदर्शन के दौरान अभिभावकों और छात्रों ने विद्यालय प्रबंधक जितेंद्र सिंह को मौके पर बुलाने की मांग की। साथ ही संयुक्त शिक्षा निदेशक, द्वादश मंडल मुरादाबाद को संबोधित दो शिकायती पत्र प्रधानाचार्य को सौंपे गए। अभिभावकों ने अंग्रेजी के शिक्षक प्रीतम सिंह से तत्काल कक्षाएं शुरू कराने की भी मांग रखी।

अभिभावकों ने चेतावनी दी कि यदि पढ़ाई की शिकायत करने पर बच्चों को प्रताड़ित किया गया तो इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी कक्षाओं में सभी विषयों के नियमित पीरियड चलाने और अंग्रेजी, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान व जीव विज्ञान के शिक्षकों की शीघ्र तैनाती की मांग की। वहीं, छात्रों ने भी कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि जब तक सभी विषयों के शिक्षकों की व्यवस्था नहीं होती, तब तक वे फीस जमा नहीं करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि कॉलेज प्रबंधन की लापरवाही से एक माह की पढ़ाई बर्बाद हुई है, इसलिए एक माह की फीस में छूट दी जाए। अभिभावकों और छात्रों ने निर्णय लिया कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे 12 मई 2026 को मंडल आयुक्त, मुरादाबाद के समक्ष फिर से शिकायत दर्ज कराएंगे। इससे पहले 24 अप्रैल को भी शिकायत की गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। प्रदर्शन में आबिद अली, रियाज अहमद, महिपाल सिंह, तेजपाल सिंह, सोनू कुमार, खालिक, हैदर अली, नफीस अहमद, फरमान अली, शहजाद, नाजिम अली, मुन्ने अली, मोहन सिंह, निजामुद्दीन, केवल सिंह, ओम प्रकाश सिंह, विजयपाल सिंह, रवि चौहान, बिजेंद्र सिंह, चाहत, शाहेनूर, इलमा, सना, गुलफाम, फरदीन, राजकुमार, निकित कुमार, सेजल, सेवी, अलसिफा सहित बड़ी संख्या में अभिभावक व छात्र मौजूद रहे।

## सपा कार्यकर्ताओं की चुनावी बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक मंगलवार शाम 4 बजे पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल कौशिक के आवास पर की गई। बैठक में धनौरा विधान सभा क्षेत्र के कार्यक्रम प्रभारी सौरभ यादव ने कहा कहा सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी एकजुट होकर आगामी विधान सभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं। जिलाध्यक्ष मस्तराम यादव ने प्रत्येक गांव और शहर में जाकर जनता से संवाद करने को कहा। लोगों को बताएं कि मौजूदा सरकार संविधान को खत्म करने की साजिश कर रही है, जबकि समाजवादी पार्टी संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रही है। जिला कोषाध्यक्ष विपिन कौशिक ने कहा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए कार्यकर्ता अभी से जुट जाएं। लोगों को पार्टी की नीतियों से अवगत कराया जाए। आमिर रजा जैदी, पूर्व मंत्री जगराम सिंह, महमूद अली उर्फ भूरे, भूपेंद्र सिंह, आलोक भारती, अशोक चौधरी, डॉ. नरेश कुमार, लता सागर, जितेंद्र प्रताप सिंह आदि रहे।

# नक्शा पास कराने में 5 लाख की घूस

जागरण मोर्चा कार्यालय

### पीड़ित अधिवक्ता ने पुलिस को दी तहरीर

**ठाकुरद्वारा।** कस्बा ठाकुरद्वारा के मौहल्ला फतेहउल्लागंज निवासी एक व्यक्ति ने नगर . पालिका परिषद अध्यक्ष पर नक्शा पास कराने के नाम पर पांच लाख रुपये की अवैध मांग करने तथा धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है।

पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मौहल्ला फतेहउल्लागंज, चलचित्र रोड, वार्ड संख्या 25 निवासी मुमताज आलम सैफी का आरोप है कि उन्होंने अपने प्लॉट का नक्शा पास कराने के लिए वर्ष 2023 में नगर पालिका परिषद में आवेदन किया था। इसके लिए उन्होंने निर्धारित शुल्क 24,050 भी रसीद संख्या 34 दिनांक 06 जून 2023 के माध्यम से जमा कर दिया था। आरोप है कि इसके बाद उन्हें नगर पालिका अध्यक्ष से संपर्क करने को कहा गया। जब उन्होंने अध्यक्ष से मुलाकात की तो उनसे नक्शा पास कराने के एवज में 5 लाख की मांग की गई। साथ ही यह भी कहा गया कि यदि पैसे नहीं दिए गए तो नक्शा पास नहीं किया जाएगा। पीड़ित का यह भी आरोप है कि अध्यक्ष ने उन्हें धमकी दी कि उनकी जमीन की कीमत काफी अधिक है और यदि पैसे नहीं दिए गए तो निर्माण को अवैध घोषित कर ध्वस्त करा दिया जाएगा तथा जमीन को नगर पालिका के कब्जे में ले लिया जाएगा। पीड़ित का कहना है कि वह लंबे समय से नगर पालिका के चक्कर काट रहा है, लेकिन उसका नक्शा पास नहीं किया जा रहा है। इससे वह मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान है। इस संबंध में पीड़ित ने कोतवाली ठाकुरद्वारा में तहरीर देकर नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### पालिका अध्यक्ष की बढ़ीं मुश्किलें, शिकायतों से बढ़ा दबाव

सराफा व्यापारी की तहरीर पर कोतवाली में मुकदमा दर्ज होने के बाद पालिका अध्यक्ष की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। वहीं अधिवक्ता मुमताज सैफी द्वारा भी कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर नक्शा पास कराने के नाम पर अवैध धन की मांग और धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। लगातार सामने आ रही शिकायतों से मामला तूल पकड़ता जा रहा है। पुलिस ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कही है।

## लाठी, डंडों से हुए संघर्ष में महिला सहित 4 घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** थाना क्षेत्र के गांव पट्टी मौढा में आबादी की जमीन को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। इस हिंसक झड़प में एक महिला समेत दोनों पक्षों के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि परमानंद और राजकुमार उर्फ बबलू के बीच जमीन को लेकर पुराना विवाद चल रहा है ।मंगलवार को कब्जे की नीयत से दोनों पक्ष भिड़ गए। संघर्ष में एक पक्ष के अनिल, ललित व वर्षा और दूसरे पक्ष से राजकुमार घायल हुए हैं। पुलिस ने सभी को सीएचसी कांठ में भर्ती कराया है। परमानंद की तहरीर पर पुलिस ने राजकुमार, जबींद्र और आधा दर्जन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# स्मार्ट मीटरों के खिलाफ महिलाओं का फूटा गुस्सा

जागरण मोर्चा कार्यालय


स्मार्ट मीटरों के विरोध में प्रदर्शन करतीं महिलाएं। -जागरण मोर्चा

### पैदल मार्च निकालकर एक्शईन कार्यालय पर दिया धरना

**हसनपर।** नगर के मोहल्ला होली वाला निवासी महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा नाराज महिलाओं ने पैदल मार्च निकाल एक्शईन कार्यालय पर धरना देकर बैठ गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई काफी देर बाद महिलाओं को समझा बूझकर शांत किया।

मंगलवार को स्मार्ट मीटरों के विरोध में महिलाओं ने 'स्मार्ट मीटर हाय-हाय' बिजली विभाग हाय हाय के नारे लगाते हुए एक्शईन कार्यालय के गेट पर धरना देकर बैठ गई ।प्रदर्शनकारी महिलाओं का आरोप है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से उनके बिजली बिलों में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है, जिससे आम परिवारों का बजट बिगड़ गया है। स्मार्ट मीटर के कारण बिल का बोझ उठाना अब मुश्किल हो गया है। अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि मीटर की तेज रीडिंग से वे खासी परेशान हैं। महिलाओं ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि स्मार्ट मीटर नहीं हटाए गए, तो वह अनिश्चितकाल के लिए धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होगी ।वह घरों पर लगे स्मार्ट मीटरों को उखाड़ कर बिजली अधिकारियों के सामने फेंका जाएगा। लेकिन बिजली कर्मचारी व पुलिस के समझाने के बाद महिलाएं मान गई और बाद में अपने घर चली गई। जब इस बारे में अधिशासी अभियंता से बात की तो उन्होंने बताया महिलाएं बेवजह प्रदर्शन कर रही हैं सोमवार को ही सरकार का आदेश आया है जिसके यहां 1 किलो वाट के मीटर लगे हैं वह बिल बकाया है फिर भी उनकी बिजली नहीं काटी जाएगी उन्हें महीने के लास्ट तक अनिवार्य रूप से बिल जमा करना होगा लेकिन जिनके एक किलो वाट से अधिक के कनेक्शन है उन्हें बिल जमा करना अनिवार्य है। धरना प्रदर्शन करने वाली महिलाओं में जाहरा, कृष्ण, बिलकिस जहां, फूलवती, मिथिलेश, शायदा, कुसुम, होशियारी, माया, पिंकी, कुसुम, रिंकी, कविता, उषा, मुन्नी, सुनीता, कविता, राधा, रेखा, वीरवती, कंचन, रामवती, राजेश्वरी, प्रवेश, रेखा, सूरजमुखी, राजवती आदि मौजूद रही।


## छजलैट तिराहा: जलभराव से राहगीर बेहाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**छजलैट।** छजलैट किसान तिराहे पर जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने से स्थानीय निवासी और राहगीर बेहाल हैं। लंबे समय से नालों की सफाई न होने के कारण बारिश और नालियों का गंदा पानी मुख्य सड़क पर जमा हो गया है, जिससे आवागमन में भारी मुश्किल हो रही है। जलभराव के कारण दुकानदारों का व्यापार ठप है और क्षेत्र में संक्रामक बीमारियों व मच्छरों का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों में प्रशासन के खिलाफ भारी रोष व्याप्त है। स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने मानसून से पूर्व नालों की सफाई और स्थायी जल निकासी की मांग की है।

# भाकियू लोक शक्ति ने किसानों की समस्याओं को लेकर एसडीएम कार्यालय में सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय


ज्ञापन सौंपते भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने मंगलवार को किसानों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी कार्यालय में सौंपते हुए कहा है कि जिला सहकारी बैंकों में किसानों से समिति द्वारा 7% ब्याज वसूला जा रहा है।

जो गलत है किसानों से तीन प्रतिशत ब्याज लिया जाए और जिले में तीन प्रतिशत ब्याज लिया जा रहा है ।इन बैंकों को जिले से संबद्ध किया जाए। छुट्टा पशुओं से निजात दिलाई जाए। उन्हें पकड़वाकर गौशाला भिजवाया जाए। गंगा एक्सप्रेस वे के बराबर में सर्विस रोड सही कराई जाए। ईसापुर शर्की बिजली घर से भटौला शर्की को सिच्चाई हेतु 14 घंटे निर्वाध आपूर्ति दी जाए। ईसापुर शर्की बिजली घर पर तैनात जेई का व्यवहार उपभोक्ताओं के प्रति ठीक नहीं है। उस जेई की जगह अन्य जेई को नियुक्त किया जाए ।ज्ञापन देने वालों में हाजी हसीन अहमद गफारी, राजपाल सिंह चौहान, ब्रह्मपाल सिंह, उस्मान चौधरी, जहीर, प्रेम सिंह आदि मौजूद रहे।

## साली पर कैंची से हमला, शराबी जीजा फरार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर के मोहल्ला लालबाग में शराब के लिए पैसे न देने पर एक युवक ने अपनी पत्नी की बेरहमी से पिटाई कर दी। घटना मंगलवार दोपहर की है, जब आरोपी पति अपनी पत्नी नाजमीन से शराब के लिए पैसे मांग रहा था। विरोध करने पर उसने मारपीट शुरू कर दी ।इस दौरान बीच-बचाव करने आई पत्नी की विकलांग बड़ी बहन भूरी पर आरोपी ने सिलाई मशीन की कैंची से हमला कर दिया। कैंची लगने से भूरी के मुंह पर गंभीर चोट आई है। घायल हालत में दोनों बहनें कोतवाली पहुंचीं और नामजद तहरीर दी। पुलिस ने पीड़िता को मेडिकल के लिए सीएचसी भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# नन्हे बच्चों ने पूल पार्टी में की मस्ती

जागरण मोर्चा कार्यालय


पूल पार्टी का आनन्द लेते नन्हे-मुन्ने बच्चे। -जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** नगर के मोहल्ला कायस्थान स्थित एच.एस. एस. पब्लिक स्कूल के प्रांगण में मंगलवार को प्री-नर्सरी से कक्षा 1 तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए एक भव्य पूल पार्टी का आयोजन किया गया।

आयोजन में बच्चों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भागीदारी की। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे बच्चों ने पानी में अठखेलियां करते हुए खूब मस्ती की ।कार्यक्रम के दौरान संगीत की धुनों पर थिरकते बच्चों ने समां बांध दिया। इस अवसर पर नन्हे छात्र छात्राओं को पॉपकॉर्न और आइसक्रीम भी वितरित की गई, जिसका उन्होंने भरपूर आनंद लिया ।विद्यालय के प्रधानाचार्य अंकुर काशिव ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां बच्चों के समग्र विकास में सहायक होती हैं। खेल-खेल में सीखने से बच्चे आत्मविश्वासी, सक्रिय और प्रसन्न बनते हैं, साथ ही उनमें सामाजिकता और टीम भावना का विकास होता है। इस सफल आयोजन में विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं स्टाफ का विशेष योगदान रहा। अंत में बच्चों के चेहरे पर छाई मुस्कान ही कार्यक्रम की सफलता का प्रमाण बनी।


छाते के साथ आनन्द लेते बच्चे।

# किसानों का प्रदर्शन, समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ठाकुरद्वारा।** भारतीय किसान संघ (पश्चिम उत्तर प्रदेश) के पदाधिकारियों व किसानों ने मंगलवार को एकत्र होकर अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा।

किसानों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे धरना-प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन में किसानों ने सहकारी समितियों से लिए जाने वाले ऋण पर बढ़ी ब्याज दर का मुद्दा उठाया। उनका कहना है कि पहले तीन प्रतिशत वार्षिक ब्याज लिया जाता था, जिसे बढ़ाकर सात प्रतिशत कर दिया गया। सरकार ने चार प्रतिशत वापस करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक केवल एक प्रतिशत ही वापस मिला है, जबकि शेष तीन प्रतिशत का इंतजार है। साथ ही किसानों ने आरोप लगाया कि मुरादाबाद में सात प्रतिशत ब्याज वसूला जा रहा है, जबकि रामपुर, मुजफ्फरनगर और शामली जैसे जिलों में तीन प्रतिशत ही लिया जा रहा है। इसके अलावा 'हर घर नल, हर घर जल' योजना के तहत गांवों में बनी पानी की टंकियों को अधूरा या अनुपयोगी बताते हुए उन्हें शीघ्र चालू कराने की मांग की गई, ताकि ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मिल सके। किसानों ने आरोप लगाया कि लेखपालों द्वारा जमीन का अंश बंटवारा जल्दबाजी में गलत तरीके से किया गया है, जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस प्रक्रिया में सुधार की मांग की गई।

बिजली आपूर्ति को लेकर भी किसानों में नाराजगी देखी गई। उनका कहना है कि सिंचाई के लिए निर्धारित 10 घंटे बिजली नहीं मिल रही, बल्कि केवल 4 से 5 घंटे ही आपूर्ति हो रही है, जिससे फसलें प्रभावित हो रही हैं। किसानों ने कम से कम 10 घंटे लगातार बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष ओमवीर सिंह ने कहा कि समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो संगठन आंदोलन के लिए मजबूर होगा। इस दौरान कृष्णपाल, लवकुश कुमार, अर्जुन सिंह, अवंती सैनी सहित कई किसान मौजूद रहे।

**कार्यशाला** आईआईसी की पहल : छात्रों ने सीखे वित्तीय विश्वसनीयता के गुर

# टीएमयू में सीए डॉ . अभिनव अग्रवाल ने दिए एंटरप्रेन्योरशिप टिप्स

जागरण मोर्चा कार्यालय




**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूशन इन्नोवेशन काउंसिल- आईआईसी की ओर से एंटरप्रेन्योरशिप डवलपमेंट थ्रू क्रेडिट अवेयरनेस एंड फाइनेंशियल प्लानिंग पर अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन हुआ।

सीनियर सीए डॉ. अभिनव अग्रवाल ने कहा, एंटरप्रेन्योरशिप की शुरुआत सही सोर्स ऑफ मनी से होती है, जिसमें परिवार की बचत- मार्जिन मनी का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने बचत और निवेश के अंतर को समझाते हुए कहा, बचत को एफडी और म्यूचुअल फंड सरीखे विकल्पों में निवेश करके बेहतर रिटर्न प्राप्त किया जा सकता है। क्रेडिट और लीवरेज की अवधारणा को सरल भाषा में समझाते हुए बोले, सही तरीके से लिया गया ऋण व्यवसाय की वृद्धि को तेज कर सकता है। साथ ही उन्होंने ऋण स्वीकृति और वित्तीय विश्वसनीयता के लिए जरूरी आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार, पैन और आयकर रिटर्न और फाइलिंग की महत्ता भी बताई। अच्छा क्रेडिट स्कोर भविष्य में आसान ऋण और कम ब्याज दर दिलाने में मदद करता है। डॉ. अग्रवाल तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के इंस्टीट्यूशन इन्नोवेशन काउंसिल- आईआईसी की ओर से एंटरप्रेन्योरशिप डवलपमेंट थ्रू क्रेडिट अवेयरनेस एंड फाइनेंशियल प्लानिंग पर जागरूकता कार्यक्रम में बतौर एक्सपर्ट बोल रहे थे। इससे पूर्व सीए डॉ. अभिनव अग्रवाल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शंखनाद किया। मुख्य वक्ता सीए डॉ.अभिनव अग्रवाल को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

सीए डॉ. अभिनव अग्रवाल ने क्रेडिट कार्ड के फीचर्स, उपयोग, बिलिंग अनुशासन, क्रेडिट स्कोर और क्रेडिट रिपोर्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने डिजिटल लेंडिंग एवं सुरक्षित लेनदेन पर जागरूक करते हुए आरबीआई के दिशा-निर्देश, फर्जी लोन ऐप्स की पहचान और साइबर धोखाधड़ी से बचाव के उपाय बताए। साथ ही स्टुडेंट्स को सलाह दी, वे अपनी व्यक्तिगत जानकारी सुरक्षित रखें और किसी भी प्लेटफॉर्म की सत्यता अवश्य जांचें। कार्यक्रम में उपभोक्ता अधिकार एवं शिकायत निवारण प्रणाली पर भी चर्चा करते हुए आरबीआई ओम्बड्समैन व्यवस्था और फेयर प्रैक्टिस कोड को समझाया गया। स्टार्टअप और एमएसएमई रजिस्ट्रेशन के महत्व पर भी प्रकाश डालते हुए बताया कि डीपीआईआईटी स्टार्टअप रजिस्ट्रेशन और उचित दस्तावेजीकरण से एंटरप्रेन्योर्स को सरकारी योजनाओं, सब्सिडी और फंडिंग के अवसरों का लाभ मिलता है। साथ ही यह रोजगार सृजन में भी सहायक है। अंत में इंटरैक्टिव सेशन में स्टुडेंट्स ने सवाल पूछे और एक्सपर्ट ने उनके प्रैक्टिकल जवाब दिए।

# संपादकीय

## ‘परिवर्तन’ के जनादेश

पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरलम, असम और पुडुचेरी के मतदाताओं ने जो जनादेश दर्ज कराया था, वह सार्वजनिक हो गया और कई मायनों में वह अप्रत्याशित, अभूतपूर्व और आश्चर्यजनक रहा। बंगाल में 1977 में कांग्रेस का दुर्ग ढहा था। वाममोर्चे की पहली सरकार बनी थी। 2011 में 34 साल लंबी सत्ता को, ‘लाल किले’ को, ममता बनर्जी ने ध्वस्त किया और एक नए राजनीतिक दौर की शुरुआत हुई। ममता की 15 साल पुरानी सत्ता इस बार ढह गई और भाजपा ‘परिवर्तन की प्रतीक’ बनकर उभरी है। मौजूदा कालखंड में यह जनादेश चौंकाता भी है। भाजपा ऐसे राज्य में सत्तारूढ़ हो रही है, जहां वह श्यामा प्रसाद मुखर्जी के ‘जनसंघ’ के दिनों से प्रयास कर रही थी, लेकिन बंगालियों ने उसे स्वीकार नहीं किया था। इस बार वह ‘राजनीतिक शून्य’ भी भर दिया गया। अंततः बंगाल और बंगालियों ने प्रधानमंत्री मोदी की गारंटियों, गृहमंत्री अमित शाह की चुनावी नीतियों तथा सूक्ष्म,माइक्रो स्तर पर काडर की रणनीति को जनादेश दे ही दिया। यह संपादकीय लिखने तक कई चरणों की मतगणना हो चुकी थी और बंगाल में भाजपा तृणमूल कांग्रेस से बहुत आगे चल रही थी। भाजपा को लगभग दो-तिहाई बहुमत मिलने के आसार थे। मतगणना के अंतिम आंकड़े स्पष्ट कर देंगे कि जनादेश कितना ऐतिहासिक और प्रचंड है। बंगाल के अलावा, असम में भी भाजपा की सत्ता बरकरार रही है, क्योंकि लगातार दूसरी बार उसे जनादेश हासिल हो रहा है। तमिलनाडु ने चौंकाया है। वहां सत्तारूढ़ रही द्रमुक के खिलाफ जनादेश दिया गया है और सुपरस्टार विजय की नवजात पार्टी टीवीके सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी है। दूसरे स्थान पर अन्नाद्रमुक-भाजपा गठबंधन रहा। मुख्यमंत्री स्टालिन की द्रमुक तीसरे स्थान पर लुढ़क गई है। केरलम में वाममोर्चे की लगातार 10 साल की सत्ता के बाद इस बार जनता ने उसे भी बदल दिया है और कांग्रेस नेतृत्व के यूडीएफ को जनादेश दिया है। कांग्रेस के लिए यह अत्यंत सुखद राजनीतिक खबर है, क्योंकि एक और राज्य में उसकी सरकार बन रही है। इसका श्रेय ईसाई और मुस्लिम मतदाताओं को दिया जाना चाहिए। अलबत्ता बंगाल और तमिलनाडु में कांग्रेस के ‘हाथ’ लगभग खाली रहे हैं। पुडुचेरी संघशासित क्षेत्र है और वहां 30 सदस्यों की विधानसभा है। वहां का जनादेश भी भाजपा-एनडीए के पक्ष में रहा है। इस तरह इन चुनावों को ‘परिवर्तन के जनादेश’ माना जा सकता है। विपक्ष अब ध्रुवीकरण, हिंदू-मुसलमान, धन-बल, बाहुबल, एसआईआर आदि का रोना रो रहा है। ये उनकी स्वाभाविक कुंठाएं हैं। भाजपा पूरी शिद्दत, ताकत, संगठन के साथ चुनाव लड़ती है, इस पर सवाल नहीं किए जा सकते। बंगाल, तमिलनाडु, केरलम की सत्ताओं को वहां की जनता ने ही खारिज किया है। तमिलनाडु और केरलम में आज भी भाजपा बौनी-सी राजनीतिक ताकत है। बंगाल में भी 2021 से पहले भाजपा हाशिए पर थी, लेकिन इस बार उसे 45 फीसदी से अधिक वोट मिले हैं और उसने 121 सीटें पहली बार जीती हैं। कोलकाता की लगभग सभी सीटें भाजपा के पक्ष में गई हैं। उसके अलावा, बर्धमान, मालदा, जलपाईगुड़ी, मेदिनीपुर, प्रेसीडेंसी, बांकुरा, झारग्राम, खडग़पुर सरीखे इलाकों में भी भाजपा ने परचम लहराया है। क्या यह महज ध्रुवीकरण का ही जनादेश है? बेशक मुस्लिम बहुल सीटों पर भी तृणमूल की सीटें घटी हैं, मुस्लिम वोट विभाजित हुए हैं, लेकिन हिंदुओं की लामबंदी का फायदा भाजपा को ही मिला है। यह भी चुनावी रणनीति का हिस्सा है। बंगाल के बड़े भाजपा नेता सुवेन्दु अधिकारी ने बातचीत में स्वीकार किया है कि हिंदुओं और खासकर हिंदू महिलाओं ने भाजपा को बंपर वोट दिए, नतीजतन भाजपा की ऐतिहासिक जीत तय हुई। बहरहाल तमिलनाडु में फिल्म अभिनेताओं के प्रति घोर आकर्षण रहा है, लिहाजा एमजी रामचंद्रन और जयललिता ने बड़े चुनाव जीते और मुख्यमंत्री बने। इस बार भी यह आकर्षण बरकरार रहा है, क्योंकि सुपरस्टार विजय ने पहली बार चुनाव लड़ा है और उनकी पार्टी टीवीके सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी है। उनके नेतृत्व में सरकार बनना लगभग तय है, क्योंकि अन्नाद्रमुक उसे समर्थन दे सकते हैं। एक बार फिर भ्रष्टाचार के मुद्दे पर इतना व्यापक जनादेश दिया गया है। भाजपा के पक्ष में अब भी ‘चुनावी लहर’ है, ये चुनाव साबित करते हैं, लेकिन घुसपैठ, सुरक्षा, कानून-व्यवस्था सरीखे मुद्दों पर कई चुनौतियां हैं।

# भारत की हवाई सुरक्षा का ‘सुदर्शन चक्र’ है एस 400



भारत को रूस से एक दीर्घकालीन समझौते के तहत मिलने वाली एस 400 एयर डिफेंस सिस्टम की पांच स्क्वाड्रन (इकाइयों) में से चौथी इकाई इसी महीने (मई, 2026 में) भारत पहुंचने वाली है। सुदर्शन चक्र के भारतीय नाम से जाने जाने वाले इस सिस्टम की पांच इकाइयों के लिए 2018 में रूस के साथ पांच सौ करोड़ डॉलर मूल्य का समझौता हुआ था। गत वर्ष ‘ऑपरेशन सिंदूर’ के दौरान इस प्रणाली ने कम से कम पांच पाकिस्तानी जेट लड़ाकू विमानों को गिराकर और संभवतः एक एयरबॉर्न इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस विमान को तीन सौ किलोमीटर दूरी पर उड़ते हुए मार गिराकर शानदार सफलता प्राप्त की थी।

छह सौ किलोमीटर की दूरी तक मार करने की क्षमता वाली इस प्रणाली की चौथी इकाई की स्थापना और उपयोग राजस्थान-पाकिस्तान सीमा पर किया जायेगा। भारत अब एक नये समझौते के अंतर्गत कई और ऐसे सिस्टम आयात करने के साथ ही इसके विकसित संस्करण एस 500 के आयात की योजना भी बना रहा है।

इतनी विकसित रक्षा प्रणालियां भारी खर्च के बिना नहीं मिलतीं। वर्ष 2026-27 के लिए भारत का रक्षा बजट लगभग 7.86 लाख करोड़ रुपये होगा जो वर्तमान में जीडीपी का लगभग दो प्रतिशत है। भारत ने 2026-27 के लिए अनुमोदित राशि में से 2.19 लाख करोड़ रुपये सेनाओं के आधुनिकीकरण पर खर्च किये जाने का प्रावधान रखा है। क्या यह खर्च विकास की कीमत पर किया जायेगा? एस 400 मिसाइल प्रणाली और परमाणु पनडुब्बियों (एसएसबीएन) जैसे बड़े निवेश ‘विकास बनाम सुरक्षा’ की बहस का हिस्सा रहे हैं। पर विश्वभर में चल रहे कई युद्ध याद दिलाने के लिए काफी हैं कि रणनीतिक सुरक्षा ही विकास की नींव होती है।

यह भी समझना जरूरी है कि पूंजीगत व्यय (कैपिटल एक्सपेंडिचर) में रक्षा के लिए आवंटित राशि का बड़ा हिस्सा घरेलू उद्योगों से खरीद में खर्च होता है। इसी से देश के भीतर रोजगार और तकनीक का विकास होता है। दिलचस्प तथ्य यह है कि कुल सरकारी खर्च में रक्षा का हिस्सा पिछले दशक में 17 प्रतिशत से गिरकर लगभग 14.6 प्रतिशत पर आ गया है।

युद्ध का इतिहास गवाह है कि जब कोई तकनीक बहुत महंगी और दुर्लभ हो जाती है, तो उसे एक सस्ती और बड़े पैमाने पर उत्पादित तकनीक चुनौती देती है। युद्ध केवल जीतना काफी नहीं है, उसकी लागत भी मायने रखती है। एक एक करोड़ रुपये की मिसाइल या 500 करोड़ रुपये का फाइटर जेट छोटे-मोटे सीमा विवादों में इस्तेमाल नहीं किये जा सकते। इसलिए, दुर्गा जैसे लेजर हथियारों और इलेक्ट्रॉनिक जैमर्स का उत्पादन वित्तीय रूप से अधिक समझदारी भरा है।

भारत में तेजस फाइटर जेट के विकसित संस्करणों के उत्पादन में जीई इंजन की ढीली सप्लाई के कारण बहुत धीमी रफ्तार से हो रहे काम ने सिद्ध कर दिया है कि विदेशी हथियारों के साथ हमेशा डिलीवरी और ब्लैकमेल का जोखिम रहता है।


सौभाग्य से, ब्रह्मोस के निर्माण में भारत का नियंत्रण बहुत अधिक है। राफेल फाइटर जेट विमानों का बहुत बड़ा सौदा उसके निर्माता डसाल्ट एविएशन और फ्रांस सरकार की इन लड़ाकू विमानों की सारी इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली और आक्रामक सिस्टम की पूरी जानकारी देने में आनाकानी करने के कारण खटाई में पड़ता दिख रहा है। उसकी जगह रूसी एसयू 57 भी सस्ता सौदा तभी होगा, जब भविष्य में भारत में उसके निर्माण और निर्यात की अनुमति मिल जाये। पर ड्रोन तकनीक में भारत के पास हजारों छोटे स्टार्टअप्स हैं, जिन्हें किसी अमेरिकी या फ्रांसीसी कंपनी की अनुमति की आवश्यकता नहीं है। यह ‘आत्मनिर्भरता’ युद्ध के समय सबसे बड़ा हथियार साबित होगी।

भविष्य में एक अकेला फाइटर जेट नहीं, बल्कि सैकड़ों छोटे ड्रोन का एक टिड्डी दल जैसा झुंड हमला करेगा, जिन्हें एक रडार या एक मिसाइल सिस्टम एक साथ नहीं रोक सकता। एस 400 सिस्टम के मिसाइलों की मारक क्षमता और ड्रोनों की संख्यात्मक शक्ति का मेल किसी भी देश की सीमा को भेदने के लिए पर्याप्त है। इसका प्रमाण है इस्राइल के अभेद्य माने जाने वाले आयरन डोम को धता बताकर ईरान के मिसाइलों का तेल अवीव तक हमला कर पाना। भविष्य के आकाशीय युद्ध का एक दिलचस्प पहलू ‘लॉयल विंगमैन’ प्रोजेक्ट है, जिस पर कई विकसित देश काम कर रहे हैं। इसमें एक पायलट वाला फाइटर जेट होगा, जिसके साथ 10-12 मानवरहित ड्रोन उड़ेंगे।

डीआरडीओ अब दुर्गा 2 जैसी लेजर तकनीक अस्त्रों पर काम कर रहा है, जो कम खर्च में शत्रु ड्रोन को गिरा सकेंगे। इन तथ्यों के आधार पर यही निष्कर्ष निकलता है कि भारत को अब महंगे प्लेटफॉर्म्स (जैसे एयरक्राफ्ट कैरियर या जेट्स) से हटकर सटीक और सस्ते वेपंस (मिसाइल, ड्रोन और साइबर) की ओर बजट का रुख करना चाहिए। भारत ने हाल ही में बड़ी संख्या में आत्मघाती ड्रोन के लिए अनुबंध किये हैं। ‘आइडीइएक्स’ जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से भारतीय स्टार्टअप्स को सस्ते और प्रभावी ड्रोन बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

पर भारत को अपनी विशाल भौगोलिक स्थिति और चीन जैसी बड़ी वायुसेना का मुकाबला करने के लिए महंगे इंटरसेप्टर (एस 400) और सस्ते ड्रोन, दोनों के संतुलन की आवश्यकता है।

# डिजिटल इंडिया के लिए जरूरी हैं सस्ते स्मार्टफोन



बीते एक दशक में भारत में हुई डिजिटल क्रांति का अर्थव्यवस्था को चार ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने में बड़ा योगदान है. आज देश की 60 प्रतिशत से अधिक आबादी स्मार्टफोन के माध्यम से इंटरनेट का उपयोग करती है. इस माध्यम के जरिये सूचनाओं के आदान-प्रदान के कारण विभिन्न कामकाजी पुरुष व महिला बीते एक दशक से अधिक समय में डिजिटल क्रांति का हिस्सा बन गये हैं. आज भारतीय समाज का तकरीबन हर तबका अपनी विभिन्न आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु डिजिटल सिस्टम पर निर्भर हो चुका है. भारत में आज करीब 96 करोड़ लोग इंटरनेट का उपयोग कर रहे हैं, जिनमें 57 प्रतिशत ग्रामीण हैं. यह हैरतअंगेज लग सकता है, पर सच्चाई यही है. इसी तरह, शहरी उपभोक्ताओं में करीब 23 करोड़ लोग पिछले वर्ष ऑनलाइन शॉपिंग में संलग्न रहे. वहीं 44 प्रतिशत ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विभिन्न स्रोतों का उपयोग भी किया.

इतना ही नहीं, आज यूपीआइ भारतीय समाज के भुगतान का एक बड़ा माध्यम बन गया है. यकीनन इसके चलते बैंकिंग व्यवस्था में भी नकदी के प्रवाह में आमूलचूल परिवर्तन आया है. यूपीआइ की शुरुआत नवंबर, 2016 में एकाएक हुई नोटबंदी के बाद एक विकल्प के रूप में हुई थी, परंतु इसी सरकार ने नोटबंदी से पहले लोगों को बैंकिंग में लाने के लिए जनधन खातों की भी शुरुआत की थी. आज एक दशक के बाद भारतीय समाज जनधन खातों के माध्यम से यूपीआइ के जरिये भुगतान और इंटरनेट का उपयोग करने के कारण डिजिटल क्रांति का बड़ा हिस्सा बन चुका है. इससे अर्थव्यवस्था में भी बड़ी तेजी आयी है. इसका सकारात्मक परिणाम यह हुआ है कि भारत में स्मार्टफोन की बिक्री तेजी से बढ़ी है. भारत ने इसे एक अवसर के रूप में लेकर इसके उत्पादन में भी अपनी बड़ी पैठ बनायी है.

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, बीते एक दशक में भारत ने मोबाइल फोन की मांग को तकरीबन शत-प्रतिशत तक घरेलू उत्पादन पर निर्भर कर दिया है. वर्ष 2014 तक करीब 75 प्रतिशत मोबाइल की मांग को आयात के माध्यम से पूरा किया जाता था, जो आज एक प्रतिशत से भी कम रह गया है. वर्ष 2024-25 में 5.45 लाख करोड़ रुपये मूल्य के मोबाइल का उत्पादन हुआ और भारत का निर्यात दो लाख करोड़ रुपये से ऊपर चला गया, जो 2014-15 में मात्र 1,500 करोड़ रुपये था. बीते एक दशक में मोबाइल उत्पादन की यूनिटें भी 300 से अधिक हो गयी हैं, जो पहले मात्र दो ही थीं. यह आत्मनिर्भरता की तरफ भारत की बड़ी छलांग है. इसमें 2020 में सरकार द्वारा देश में मैन्युफैक्चरिंग को प्रोत्साहित करने के लिए शुरू की गयी पीएलआइ योजना का बड़ा योगदान है.

वर्तमान में 32 लाभार्थी कंपनियों को सरकार द्वारा इस क्षेत्र में करीब 17,000 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दी गयी है. लेकिन इन सबके बीच चिंता की बात यह है कि 2026 के पहले चार महीनों में भारत के घरेलू बाजार में मोबाइल की मांग में एकाएक कमी आयी है और यह आंकड़ा तकरीबन 10 प्रतिशत के आसपास है. भारत में कुल मोबाइल की मांग का करीब 60 प्रतिशत हिस्सा 10,000 से लेकर 20,000 रुपये तक के मूल्य वाली मोबाइल का है और इसी मूल्य श्रेणी की मांग में पिछले चार महीनों में अचानक से कमी आयी है. इस कमी का कारण है मोबाइल में लगने वाली मेमोरी चिप की किल्लत हो जाना, क्योंकि वैश्विक स्तर पर मेमोरी चिप बनाने वाली कंपनियों ने साधारण मोबाइल फोन के लिए चिप का उत्पादन बंद कर दिया है.

अब उनका पूरा ध्यान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए हाई बैंडविथ वाली मेमोरी चिप बनाने पर है. इसके चलते साधारण मोबाइल में उपयोग होने वाली मेमोरी चिप की लागत 50 से 60 प्रतिशत बढ़ गयी है. इसी के चलते मोबाइल कंपनियों को 10 से 20 हजार रुपये तक के मोबाइल का विक्रय मूल्य 40 से 50 प्रतिशत तक बढ़ाना पड़ा है. इन सबके बीच डॉलर के मुकाबले लगातार रुपये का अवमूल्यन भी संकट पैदा कर रहा है, क्योंकि मोबाइल निर्माताओं के लिए लागत का भुगतान करना महंगा होता जा रहा है. इसका स्पष्ट कारण भारत द्वारा मोबाइल चिप का आयात करना है.

इसका एक और कारण है, वह है जीएसटी की दर. वर्ष 2025 में जब जीएसटी की दरों में सुधार किया गया था, तब मोबाइल को उन कर सुधारों से दूर रखा गया था. पहले की तरह आज भी मोबाइल पर जीएसटी की दर 18 प्रतिशत ही है. अब जबकि घरेलू बाजार में 10 से 20 हजार वाले मोबाइल के दाम चार से पांच हजार रुपये तक बढ़ गये हैं, ऐसे में यदि सरकार मोबाइल पर लगने वाले जीएसटी दर में कुछ कमी करती है, तो इससे आम उपभोक्ता को राहत मिलेगी. अन्यथा, भारतीय समाज का एक बड़ा तबका डिजिटल क्रांति से बाहर होने को मजबूर हो जायेगा, जो पिछले एक दशक में इससे जुड़ा है और जिसके प्रयासों से एक दशक में भारतीय अर्थव्यवस्था चार ट्रिलियन डॉलर तक पहुंची है. यह उन भारतीय निर्माताओं के लिए भी बड़ी राहत होगी, जिन्होंने बीते एक दशक में मोबाइल उत्पादन में भारत को आत्मनिर्भर बनाया और विश्व के दूसरे सबसे बड़े उत्पादक देश का तमगा भी दिलाया.

## शूटआउट एट ट्रंप



राष्ट्रपति ट्रंप पर हमले का प्रयास न केवल उनकी सुरक्षा-व्यवस्था में दरारों को स्पष्ट करता है, बल्कि अमरीका में खतरनाक, जानलेवा होती ‘बंदूक-संस्कृति’ पर भी सोचने को बाध्य करता है। राजधानी वॉशिंगटन के ‘हिल्टन होटल’ में राष्ट्रपति ट्रंप, उपराष्ट्रपति वेंस समेत कैबिनेट के कुछ मंत्रियों को भी निशाना बनाया गया। वाकई यह खौफनाक विचार है। अलबत्ता यह राहत का विषय है कि होटल के उस हॉल में मौजूद करीब 2600 मेहमान भी बाल-बाल बचा लिए गए। खौफ और डर से उनकी सांसें ही थम-सी गई होंगी! मौका था ‘व्हाइट हाउस’ कवर करने वाले संवाददाताओं के रात्रि-भोज का। अभिव्यक्ति की आजादी और राष्ट्रपति-मीडिया के आपसी रिश्तों का प्रतीक माना जाता रहा है यह रात्रि-भोज। कई अतिविशिष्ट लोग भी आमंत्रित होते हैं। सुरक्षाकर्मियों की पहरेदारी और चौकसी बहुत सख्त होती है। उन लम्हों में एक अमरीकी नागरिक के भीतर ट्रंप प्रशासन के प्रति नफरत, आक्रोश, वितृष्णा के भाव पल रहे थे, क्योंकि हमलावर ने अपने परिवार को भेजे एक संदेश में राष्ट्रपति ट्रंप को ‘गद्दार’ और ‘बलात्कारी’ करार दिया था। यदि इसे आम अमरीकी की राष्ट्रपति के प्रति मनःस्थिति और सोच का आधार माना जाए, तो राष्ट्रपति ट्रंप के लिए घरेलू हालात भी बदतर और चिंताजनक हैं, लेकिन हम निर्वाचित जन-प्रतिनिधि पर किसी भी तरह के हिंसक प्रहार अथवा ऐसी किसी भी साजिश की निंदा करते हैं और खारिज करते हुए यकीन रखते हैं कि कानून ऐसे हमलावर को कड़ी सजा देगा। अमरीका ने अब्राहम लिंकन से जॉन एफ. कैनेडी तक चार राष्ट्रपतियों को खोया है। उनकी हत्या कर दी गई। इसी ‘हिल्टन होटल’ में 30 मार्च, 1981 को तत्कालीन राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन पर भी गोलीबारी कर उनकी हत्या करने की कोशिश की गई थी, लेकिन रीगन से ट्रंप तक कई घटनाएं, कई हमले ऐसे हुए हैं, जिनमें राष्ट्रपति बाल-बाल बचे अथवा ‘सीक्रेट सर्विस’ के कमांडो टाइप जवानों की मुस्तैदी ने उन्हें बचा लिया। राष्ट्रपति बनने से पहले और बाद में ट्रंप पर यह चौथा हमला किया गया, एक हमले में हमलावर की गोली ट्रंप के कान को हवा की तरह छू कर निकल गई, लेकिन अमरीका जैसे प्राचीनतम, सशक्त लोकतंत्र में इस हद की नफरत और हिंसा वाकई चिंतित करती है। यह बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं होनी चाहिए, लिहाजा ट्रंप प्रशासन इस पर गंभीरता से चिंतन-मनन करे और व्यवस्था को बदले। बंदूक गोली-बिस्कुट की तरह उपलब्ध नहीं होनी चाहिए।

# युद्ध पर व्यंग्य लेखन

‘क्या तुम युद्ध पर व्यंग्य लिख सकते हो?’ यह पूछना बिल्कुल ऐसा ही है, जैसे तुम कहो कि क्या तुम किसी लाश को हंसा सकते हो? भई, लाश तो लाश होती है, उसके लिए अब हंसना क्या और रोना क्या? तो क्या इसका अर्थ यह है कि जब आपके घर के सिर पर बम फटे या छोटी-छोटी बच्चियों के स्कूल पर किसी अधिनायक की लालसा कहर बन कर बरसे और बहुत-सी बच्चियां खिलखिलाने की जगह मौत के हवाले कर दी जाएं, तो उस पर व्यंग्य नहीं लिखा जा सकता। आंसू तो खैर बहाये ही नहीं जा सकते। जंगलों को आबाद होते देखा है, पगडंडियों को चौड़ी सडक़ों में तबदील होते देखा है, आदमी के चल-चल कर बिवाइयां फटे पांवों पर वातानुकूलित गाडिय़ों की कृपा होते देखी है। लेकिन पल भर में ही सब कुछ बदल जाता है। बहुमंजिली इमारतें भरभरा कर गिर गईं। सिर पर बम नहीं जो गिरा, वह मिसाइल थी। वह गिरीं और गिरती ही चली गईं। पलभर में ही सब कुछ धूल-धूसरित हो गया। अपनी ताकत से चुंधियाये हुए चन्द लोग आदमी को, उसके वजूद को, उसके उम्र भर के सपनों को खण्डहर बनाने पर उतारू हो गए। एक अधिनायक हजारों कोस दूर से अपनी ताकत में मदमत्त, अट्टहास कर रहा है, देशों को दुनिया के नक्शे से मिटाने पर तुला है, तो तुम उसकी महानता का नकाब खींच कर तार-तार कर देने की जगह उसके डर से कांपते हुए या तो उसे झुक कर कोर्निस बजा रहे हो, या उसकी शान में कसीदे पढ़ रहे हो, तो क्या इसमें से तुम्हें किसी व्यंग्य की विभीषिका नजर नहीं आती। नहीं, अपनी आंखें बंद कर लो। मौत सामने खड़ी है, और तुम्हें व्यंग्य सूझ रहे हैं। मान लो न कि वह शांति का मसीहा है। दुनिया में पहले स्वयं ही युद्ध छेड़ कर, फिर उन्हें रुकवा कर शांति का नोबेल पुरस्कार मांग रहा है।

तुमने नहीं दिया, तो फिर बम का उपहार लो। गोलियां खाओ। तुम मानते क्यों नहीं कि वह सर्वोपरि है। उसने हथियारों की फैक्टरियां खोल कर कितने लोगों को रोजगार दिया। अब इन हथियारों का इस्तेमाल भी तो होना चाहिए। नहीं तो इतने लोग बेकार हो जाएंगे। उनकी भूख वह सहन नहीं कर सकता। उसने ‘पीस बोर्ड’ बनाया है। अब युद्ध होगा, तो फिर शांति स्थापित करने के लिए पीस बोर्ड का इस्तेमाल होगा। इसलिए युद्ध होना चाहिए। अपने देश में उसके देश की थल सेना के साथ नहीं, बल्कि यहां से हजारों किलोमीटर दूर रेगिस्तान में दिन-रात मेहनत करते लोगों पर बम गिराओ। उनमें मौत की, तबाही की, अंधेरे की सौगात बांटो, ताकि तुम्हारे अरबपति खरबपति बन सकें। समवेत स्वर में कह सकें कि तुम कितने महान हो। मौत के बाद जिंदगी आती है। युद्ध के बाद शांति पैदा होती है। अब हम पहले दर्द पैदा करेंगे, फिर उसकी दुआ बनेंगे। अपनी दवा बेच कर उनकी शांति स्थापना करेंगे। पहले युद्ध का पैगाम दिया, अब शांति स्थापना करेंगे।

# बच्चों के कंधों पर नशा



फिसलते समाज की निशानियों में धूल की कालिख और दलदल में परिवेश को बचाएं भी तो कैसे। यह जुर्म नहीं, गवाही है कि हमारा पतन अब सामने से प्रहार कर रहा है। एक तेरह साल के बच्चे के हाथों को चिट्टे से रंगने वाला उसी का संबंधी निकला। गगल के बनोई में यह महत्त्वपूर्ण नहीं कि 130.48 ग्राम चिट्टा पकड़ा गया, बल्कि यह है कि 13 साल के बच्चे के कंधों पर उसी के जीजा ने चिट्टे का बोझ लाद दिया। इसे एक नायाब तरीका कहें कि बच्चे की मासूमियत में नशा ढोया जा रहा था और इस प्रक्रिया के तहत पहले भी खेप अमृतसर से हिमाचल पहुंचती रही है। एक भयानक तंत्र हमारे करीब इस तरह के मंतव्य को अंजाम दे रहा है, तो स्कूल की पुस्तकों से चिट्टे के दाग कौन मिटाएगा। रिश्तों की आंच में ही अगर घर की बर्बादी लिखी है, तो हर बार डाल-डाल और पात-पात की कहानी के खलनायक बदलते रहेंगे। अब अगर यह घर-घर का धंधा बन जाए, तो कितनी पुलिस और कितनी चौकसी काम आएगी। जाहिर है नशे का पैकेट और कमाई का पॉकेट अब इतना गठजोड़ कर चुके हैं कि नित नए तरीकों में खोट देखना पड़ेगा। नशे के तंत्र में हर वर्ग में सुराख हो चुके हैं, तो कहीं लड़कियां, कहीं औरतें, कहीं सरकारी कर्मचारी, कहीं पुलिस कर्मी, तो कहीं एस आई टीम को ही इस्तेमाल किया जा रहा है। यह पावरफुल नेटवर्क की तरफ इशारा कर रहा है कि संदिग्ध चेहरे हमारे आसपास के तानेबाने को नोच रहे हैं। चिट्टा जिन दरवाजों को लांघ कर आ रहा है वहां प्रश्रय के कई रास्ते और संपर्क के कई हाथ जुटे हैं। हैरानी यह कि नशा वितरण ठीक उसी तरीके से होने लगा है, जैसे आतंकवादी वारदातों में पहले स्लीपर सेल्ज काम पर लगाए जाते हैं। यानी जीजा ने 13 साल के बच्चे के शरीर से नशे का बम बांध दिया। आगे चलकर वह बचे या न बचे। न जाने कौन सा रिश्ता किसे बर्बाद कर दे। इससे पहले कूरियर के माध्यम से भी नशा वितरित होता रहा है। अब तो बस किसी जांच में बस छूने भर की देरी है, खबर यह आती है कि चिट्टे के पहाड़ पर हर कोई चढऩे की फिराक में है। अकसर पर्यटकों की वेशभूषा में चिट्टे की दलाली सामने आ रही है, तो इनके बिक्री के अड्डों पर सफेदपोश हवन कर रहे हैं। यानी चिट्टा सप्लाई और पुलिस प्रबंधों के बीच अभी खाई चौड़ी है। बेशक इस मामले में पुलिस को जहां होना चाहिए था, वहां थी, लेकिन हर वक्त ऐसी चौकसी की दरकार है। नशे के खिलाफ टास्क फोर्स की जरूरत है, जो अंधे रास्तों की सजग प्रहरी बने। हिमाचल में कुछ पुलिस जिला बढ़े हैं, लेकिन सीमांत क्षेत्रों की निगरानी का प्रबंध अभी पूरा नहीं हुआ है।

## एक नजर

### आंबेडकर पार्क में लाइट एंड शो, बाबा साहेब की जीवनी का हुआ प्रदर्शन

**लखनऊ।** गोमती नगर स्थित आंबेडकर पार्क में एलडीए की ओर से लाइट एंड साउंड शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के जीवन और उनके योगदान को रोशनी और ध्वनि के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। बड़ी संख्या में लोग इस शो को देखने पहुंचे और उनके संघर्ष व विचारों से प्रेरित हुए। आयोजन का उद्देश्य नई पीढ़ी को बाबा साहेब के जीवन से अवगत कराना और सामाजिक समानता का संदेश देना था। कार्यक्रम में परिवारों और युवाओं की खास भागीदारी रही।

### लखनऊ में एक ऐसा मंदिर जहां पूरे दो माह तक लगातार चलेगा भंडारा

**लखनऊ।** बीरबल साहनी मार्ग स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर की संस्था श्री श्याम परिवार की ओर से पूरे ज्येष्ठ माह भर लगातार भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। यहां प्रतिदिन हजारों लोग प्रसाद ग्रहण करते हैं। संस्था के महामंत्री रुपेश अग्रवाल और कोषाध्यक्षा राजेश अग्रवाल ने बताया कि गर्मी को देखते हुए बड़े कूलर और वॉटर कूलर लगवाए गए हैं। हर दिन बदल बदलकर भोजन व्यवस्था की जाती है। प्रवक्ता अनुराग साहू ने बताया कि लखनऊ शहर के 11 अत्यधिक भीड़-भाड़ वाले प्रमुख स्थानों पर आरओ युक्त वॉटर कूलर लगाए गए हैं।

### विराट के दीदार को उमड़ी भीड़

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जायंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के मुकाबले से पहले इकाना स्टेडियम के बाहर फैंस का उत्साह चरम पर है। विराट कोहली से मिलने के लिए बड़ी संख्या में समर्थक पहुंचे, जिनमें कुछ फैंस 350 वर्गफुट का बैनर लेकर भी नजर आए। सात अप्रैल को होने वाले इस मैच को लेकर टिकटों की कीमत दो हजार से लेकर पचास हजार रुपये तक पहुंच गई है। स्टेडियम के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है और फैंस में मुकाबले को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है।

# यूपी में कुदरत का कहर: आंधी-बारिश और बिजली गिरने से 18 लोगों की मौत, 42 जिलों में अलर्ट!

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मौसम ने इस वक्त रौद्र रूप धारण कर लिया है। पश्चिमी विक्षोभ (Western Disturbance) के असर से प्रदेश का मिज़ाज पूरी तरह बदल गया है, लेकिन यह बदलाव राहत से ज्यादा आफत लेकर आया है।

उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में हुई अतिवृष्टि, आंधी और आकाशीय बिजली ने भारी तबाही मचाई है। दुखद खबर यह है कि इस प्राकृतिक आपदा में अब तक 18 लोगों की जान जा चुकी है, जबकि 5 लोग घायल हैं। इतना ही नहीं, 24 पशुओं की भी मौत की खबर सामने आई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि मृतकों के परिजनों को 24 घंटे के भीतर मुआवजा दिया जाए। घायलों का समुचित और मुफ्त इलाज सुनिश्चित हो। साथ ही सभी जिला अधिकारी (DM) खुद फील्ड में रहकर राहत कार्यों की निगरानी करें। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि राहत कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

राजधानी लखनऊ की बात करें तो मौसम लगातार बदल रहा है इस मौसम ने भले ही चिलचिलाती गर्मी से राहत दी है... लेकिन बेमौसम बारिश अपने साथ तबाही भी ला रही है। आसमान से काले बादल डेरा डाल रहे है... झमाझम बारिश हो रही है... मौसम विभाग की मानें तो अभी खतरा टला नहीं है। अगले 48 घंटे भारी हैं। आज यूपी के 42 जिलों में आंधी और बारिश का अलर्ट है। जौनपुर, गोरखपुर, वाराणसी और सहारनपुर जैसे जिलों में तेज हवाएं चलेंगी। वहीं, 12 जिलों में ओले गिरने का 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया गया है। इनमें प्रयागराज, चित्रकूट, बरेली और मुरादाबाद जैसे जिले शामिल हैं। आगामी 7 मई तक 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान है।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, इस बारिश और आंधी की वजह से अगले एक हफ्ते तक लू (Heat Wave) चलने के कोई आसार नहीं हैं। यानी गर्मी से तो राहत रहेगी, लेकिन आसमानी बिजली और आंधी से जान-माल का खतरा बना हुआ है। हमारी आपसे अपील है कि खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहें, पेड़ों के नीचे शरण न लें और बिजली के खंभों से दूर रहें।

## राहुल गांधी पर आय से अधिक संपत्ति का आरोप, इस मामले पर सीबीआई जांच की याचिका पर सुनवाई कल

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** राहुल गांधी के पास आय से अधिक संपत्ति है। इस मामले में उनकी सीबीआई जांच होनी चाहिए। इस तरह की मांग करने वाली याचिका पर कल हाईकोर्ट में सुनवाई होनी है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में एक नई आपराधिक याचिका दायर की गई है, जिसमें रायबरेली निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कथित रूप से आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा विस्तृत जांच और नियमित मामला (आरसी) दर्ज करने की मांग की गई है।

यह याचिका, न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान और न्यायमूर्ति जफीर अहमद की खंडपीठ के समक्ष 6 मई को नए मामलों की सूची में सूचीबद्ध है। याचिका पर सुनवाई बुधवार को होने की संभावना है।

कर्नाटक के भाजपा कार्यकर्ता एस. विग्नेश शिशिर ने यह याचिका दायर की है।याचिकाकर्ता शिशिर ने कहा कि इसमें सीबीआई निदेशक, नई दिल्ली, प्रवर्तन निदेशालय, आयकर विभाग, गृह मंत्रालय और गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय को भी इस मामले में प्रतिवादी बनाया गया है।

## अब अपने आप प्रीपेड मीटर होंगे पोस्टपेड, बिजली उपभोक्ताओं को कहीं आवेदन करने की जरूरत नहीं

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** योगी सरकार ने प्रीपेड मीटर की अनिवार्यता समाप्त कर दी है। इस फैसले के बाद राजधानी के दो लाख से अधिक बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिल जाएगी। खास बात है कि ये सभी प्रीपेड मीटर अपने आप पोस्टमोड में बदल जाएंगे। इसके लिए उपभोक्ताओं को न कहीं आवेदन की जरूरत है न ही कोई अतिरिक्त शुल्क देना होगा।

अधिकारियों के मुताबिक स्मार्ट मीटर कंप्यूटर के सॉफ्टवेयर से जुड़े हैं ये एक क्लिक पर पोस्टपेड मोड में बदल जाएंगे। हर महीने की 1 से 10 तारीख के बीच उपभोक्ताओं के मोबाइल पर उपभोग की रीडिंग के साथ बिल का मैसेज आएगा। मई माह के बिल का मैसेज उपभोक्ताओं के मोबाइल पर 1 जून से 10 जून के बीच पहुंचेगा। जो 15 दिनों के भीतर जमा करना होगा।



### कैंप में जमा कर सकेंगे बकाया बिल

पिछले माह तक बकाया बिल उपभोक्ता किस्तों में जमा कर सकेंगे। बिल संबंधी शिकायतों के निस्तारण के लिए मई-जून में कैंप लगेंगे। जल्द ही कैंप की लगाए जाने का शेड्यूल जारी होगा।

### एक क्लिक पर बकाएदारों के लिए होगी मुसीबत, आरोप से बचेंगे कर्मचारी

स्मार्ट मीटर पोस्टपेट मोड में भले ही काम करेंगे, लेकिन इससे बिल न जमा करने वाले बड़े बकाएदारों के लिए मुसीबत भी होगी। उनकी बिजली एक क्लिक पर कटेगी और बिल जमा करने पर ही चालू होगी। बता दें कि अभी तक पोस्टपेड मोड में बिजली खर्च करके बड़े बकाएदार पैसा नहीं जमा करते थे। जब लाइनमैन व कर्मचारी कनेक्शन काटने जाते थे तो उनसे अभद्रता होती थी। कई बार पैसे मांगने के आरोप भी लगते थे। अब जब मौके पर कर्मचारी जाएंगे नहीं तो आरोप भी नहीं लगेगा।

### उपभोक्ता की शिकायत पर होगा एक्शन

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की प्रबंध निदेशक रिया केजरीवाल ने कहा कि उपभोक्ताओं को यदि कोई परेशानी होती है तो वह अपनी शिकायत हेल्पलाइन नंबर 1912 पर दर्ज करवा सकते हैं। शिकायत का निस्तारण किया जाएगा। यदि शिकायतों का फर्जी निस्तारण होता है तो कठोर कार्रवाई जाएगी। जरूरत पड़ने पर शिकायतकर्ता का फीडबैक भी लिया जाएगा।

## अंबेडकनगर हत्याकांड: कातिल आमिर को कब्रिस्तान में नहीं मिली जगह

### घाट किनारे बिना दुआ-फातिहा के हुई आखिरी विदाई

एजेंसी समाचार

**अंबेडकरनगर।** अंबेडकरनगर हत्याकांड के आरोपी की मौत के बाद परिजनों और समाज ने उससे दूरी बना ली। शव को कब्रिस्तान में जगह नहीं मिली और अंततः पुलिस की मौजूदगी में घाट किनारे दफनाया गया। घटना ने समाज में अपराध के प्रति गुस्से और बहिष्कार की कठोर तस्वीर सामने रखी है।

चार मासूम बच्चों और उनकी मां की निर्मम हत्या के आरोपी आमिर का अंत भी उतना ही भयावह और अकेला साबित हुआ जितना उसका अपराध। एनकाउंटर में मारे जाने के बाद उसे न अपनों का सहारा मिला, न समाज की सहानुभूति। जिंदगी भर जिन रिश्तों के बीच रहा, मौत के बाद वही रिश्ते उससे मुंह मोड़ गए। मीरानपुर के कसाईबाड़ा निवासी आमिर के शव को पोस्टमार्टम के बाद लेने से उसके अपने परिजनों ने ही इनकार कर दिया। पिता जान मोहम्मद का साया पहले ही उठ चुका था। मां के अलावा तीन भाई हैं।

तीन अविवाहित बहनें हैं और एक की मौत हो चुकी है। पूरा परिवार मांस बिक्री का काम करता है। मां, भाई-बहनों का भरा-पूरा परिवार होने के बावजूद कोई उसे अपनाने को तैयार नहीं था। उसके गुनाह इतने भारी थे कि रिश्तों की डोर भी टूट गई।




### सामाजिक बहिष्कार तक की बातें होने लगीं

भाई सैफी, चाचा ताज मोहम्मद समेत परिवार के अन्य लोगों ने अन्य परिजनों ने साफ कह दिया कि वे इस कलंक को अपने साथ नहीं जोड़ सकते। आसपास के लोगों में भी आक्रोश इतना था कि जिसने भी अंतिम संस्कार की हिम्मत दिखाई, उसके सामाजिक बहिष्कार तक की बातें होने लगीं।

### शिवाला घाट पर दफनाया

पोस्टमार्टम हाउस से सीधे शहजादपुर के इमामबाग कब्रिस्तान ले जाया गया लेकिन उसे यहां भी जगह नहीं मिली। मानो जमीन का एक टुकड़ा भी उसे स्वीकार करने को तैयार न हो। अंतत: पुलिस की मौजूदगी में जौहरडीह शिवाला घाट पर उसे दफनाया गया। बिना किसी रस्म, बिना किसी दुआ- फातिहा और बिना किसी आखिरी विदाई के। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ गलतियां सिर्फ जिंदगी ही नहीं छीनतीं, बल्कि मौत के बाद मिलने वाली इज्जत भी खत्म कर देती हैं। आमिर की कहानी इसी दर्दनाक सच्चाई की एक मिसाल बन गई है।

## बारिश से थमी गेहूं की सरकारी खरीद

### विभाग ने कहा-हमारे पास पर्याप्त बोरे, किसान रोक रहा है अपनी फसल

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** प्रदेश में बारिश के चलते गेहूं खरीद की रफ्तार थोड़ी धीमी पड़ी है। मौसम साफ होने पर इसके फिर बढ़ने की उम्मीद है। वहीं, विभाग का दावा है कि उनके पास गेहूं खरीदने के लिए पर्याप्त बोरे हैं। कहीं भी बोरों की कोई कमी नहीं है।

खाद्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, प्रदेश में अब तक 8 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा की खरीद हो चुकी है। सामान्य दिनों में औसतन 60 हजार मीट्रिक टन प्रतिदिन खरीद हो रही थी, जो पिछले तीन-चार दिन हुई बारिश के चलते गिरकर 40 हजार मीट्रिक टन पर आ गई है। केंद्र सरकार ने यूपी को 25 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदने का लक्ष्य दिया है। हालांकि, प्रदेश सरकार ने अपने स्तर से 60 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदेगी। खाद्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि खुले मार्केट में गेहूं का रेट लगातार बढ़ रहा है। इसलिए अब किसान बेचने के बजाय गेहूं कुछ समय अपने पास रखने में ज्यादा रुचि ले रहा है, ताकि उसे बेहतर दाम मिल सकें।

पिछले दिनों विपक्ष की ओर से आरोप लगे थे कि गेहूं खरीद केंद्रों पर बोरे ही नहीं हैं, इसलिए गेहूं खरीद प्रभावित हो रही है। प्रमुख सचिव, खाद्य एवं रसद विभाग रणवीर प्रसाद ने कहा कि 15 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदने के लिए बोरे पहले से थे और इतना ही गेहूं खरीदने के लिए बोरों की आपूर्ति सात दिन के भीतर हो जाएगी। इस तरह से प्रदेश में 25 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा गेहूं खरीदने के लिए बोरे वर्तमान में उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी जिले में बोरों की कमी नहीं है।

## कर्मचारियों के लिए राहत, परस्पर सहमति के आधार पर भी तैनाती पा सकेंगे राज्यकर्मी

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** देश सरकार ने बच्चों की देखभाल के लिए राज्य कर्मियों को म्यूचुअल यानी एक-दूसरे की सहमति से तबादले की सुविधा दी है। प्रमुख सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक एम देवराज ने मंगलवार को नई तबादला नीति का शासनादेश जारी कर दिया। इसके आधार पर 31 मई तक तबादले किए जा सकेंगे।

शासनादेश में कहा गया है कि किसी अधिकारी या कर्मचारी के व्यक्तिगत कारणों जैसे चिकित्सा या बच्चों की शिक्षा, शासकीय सेवा के दौरान मृत माता-पिता के अवस्यक बच्चों के पालन पोषण, देखभाल आदि के लिए स्थान रिक्त होने पर एक-दूसरे कार्मिकों की सहमति से स्थानांतरण या समायोजन किया जा सकेगा। बशर्ते उस पर कोई प्रशासनिक आपत्ति न हो। पति-पत्नी दोनों सरकारी सेवा में होने पर उन्हें यथासंभव एक ही जिले, शहर या स्थान पर स्थानांतिरत किया जाएगा। मंदित बच्चों या पूरी तरह से निशक्त बच्चों के माता-पिता की तैनाती उनके अनुरोध के आधार पर किया जाएगा। स्थानांतरित कार्मिकों को तय अवधि में कार्यभार ग्रहण करना होगा, वरना स्वतः कार्यमुक्त मान लिया जाएगा।

पीसीएस जे परीक्षा पास करने वाले भी अब एचजेएस (उच्चतर न्यायिक सेवा) भर्ती के लिए पात्र माने जाएंगे। इसके लिए नौकरी और वकालत करते हुए सात साल पूरे होने चाहिए। शासन ने इस संबंध में मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी है। इसके लिए उत्तर प्रदेश उच्चतर न्यायिक सेवा (उन्नीसवां संशोधन) नियमावली-2026 जारी कर दी गई है। एचजेएस की भर्तियां अब इसके आधार पर होंगी।

## वार्ड 28 के उपचुनाव में 44 फीसदी हुआ मतदान

- सुबह से ही मतदान केंद्रों पर वोट डालने वालों की काम दिखी संख्या
- तीन मतदान केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच डाले गए वोट मतदान स्थलों पर पुलिस बल मुस्तैदी से व्यवस्था रही चाक चौबंद
- 7 मई को होगा किस्मत का फैसला, तहसील परिसर में खुलेंगे वोट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 28 में मंगलवार को सभासद पद के लिए उपचुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। दिवंगत सभासद वाहिद अली के निधन से रिक्त हुई इस सीट पर सुबह आठ से शाम पांच बजे तक मतदान हुआ। वार्ड वासियों में वोटिंग को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को नहीं मिला, जिसके चलते कुल 44.05 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए प्रशासन द्वारा तीन प्रमुख मतदान केंद्र श्री राम विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, बदायूं पब्लिक स्कूल और अलीका पब्लिक स्कूल बनाए गए थे। सुबह से ही बूथों पर मतदाताओं की लंबी कतारें नजर आईं। मतदान की गति दोपहर तक धीमी रही, जहां 12 बजे तक 26 प्रतिशत और 1 बजे तक 32 प्रतिशत वोट पड़े, लेकिन शाम होते-होते यह आंकड़ा 44.05 प्रतिशत तक ही पहुंच पाया। इस चुनावी मैदान में आफरीदी फरीदी, कौसर खां, मोहम्मद रफीक, सलीम और सदाकत अली समेत कुल पांच प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। सुरक्षा के लिहाज से सभी केंद्रों पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। निर्वाचन अधिकारियों की कड़ी निगरानी में मतदाताओं ने मतपेटियों में अपने वोट डाले।

### पांच प्रत्याशियों में कड़ा मुकाबला

वार्ड 28 की खाली सीट पर कब्जा जमाने के लिए पांच प्रत्याशियों ने पूरी ताकत झोंक दी है। आफरीदी फरीदी से लेकर सदाकत अली तक, सभी दिग्गजों ने घर-घर जाकर जनसंपर्क किया था। मतदान के दिन भी प्रत्याशी पोलिंग बूथों के बाहर मतदाताओं को रिझाते और मतदान की अपील करते दिखे।

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | 4472 |
| कुल पड़े वोट | 1970 |
| वोट प्रतिशत | 44.05 |
| कुल बूथ | 05 |
| मतदान केंद्र | 03 |
| कुल प्रत्याशी | 05 |

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम

उपचुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन बेहद सतर्क रहा। तीनों केंद्रों पर पुलिस की पैनी नजर रही, जिससे कहीं भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। चुनाव अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष रही और मतपेटियों को कड़ी सुरक्षा में सील कर दिया गया है।

**अलर्ट जारी** सामान्य से करीब 11 डिग्री कम रहा बाराबंकी और कानपुर का तापमान

## बारिश से लुढ़का पारा, 27 डिग्री के अधिकतम तापमान के साथ बाराबंकी रहा सबसे ठंडा

एजेंसी समाचार




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बीते तीन दिनों से जारी आंधी-बारिश का असर साफ दिख रहा है। अधिकतम तापमान में उल्लेखनीय गिरावट आई है और तराई समेत ज्यादातर इलाकों में दिनभर ठंडक बनी रही। मंगलवार को बाराबंकी में 27.5 डिग्री सेल्सियस के साथ प्रदेश का सबसे कम अधिकतम तापमान दर्ज हुआ, जबकि कानपुर 29.4 डिग्री के साथ दूसरे स्थान पर रहा। दोनों जगह तापमान सामान्य से करीब 11 डिग्री कम रहा।

लखनऊ और आगरा में मई के महीने का, मापन के इतिहास का दूसरा सबसे ठंडा दिन दर्ज किया गया। बारिश के आंकड़ों में बाराबंकी का फतेहपुर 72 मिमी के साथ शीर्ष पर रहा। इसके बाद सिद्धार्थनगर में 66 मिमी, अंबेडकर नगर में 42 मिमी और गोरखपुर में 41.4 मिमी वर्षा दर्ज हुई। आंधी की रफ्तार भी तेज रही।

बहराइच और बलरामपुर में हवाएं 85 किमी प्रति घंटे तक चलीं, जबकि गोरखपुर में यह गति 81 किमी प्रति घंटे रही। बुधवार के लिए 45 जिलों में गरज-चमक के साथ 60 किमी प्रति घंटे तक तेज हवाओं की चेतावनी जारी की गई है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार, बुधवार और बृहस्पतिवार से बारिश का दायरा तराई और दक्षिणी जिलों तक सीमित हो जाएगा। बारिश थमने के बाद अगले सात दिनों में तापमान में सात डिग्री तक बढ़त आएगी।

राजधानी में बीते तीन दिनों से जारी छिटपुट बूंदाबांदी और तेज हवाओं का असर मौसम पर साफ दिख रहा है। बीते दो दिनों में लखनऊ में अधिकतम तापमान में उल्लेखनीय गिरावट आई है और हवा में ठंडक घुल गई है। मंगलवार को अधिकतम तापमान इतना कम रहा कि लखनऊ में मई के महीने का, मापन के इतिहास का दूसरा सबसे ठंडा दिन दर्ज किया गया। यहां अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 11.4 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। इसके पहले साल 2021 में 29 मई को अधिकतम तापमान 27.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था।

मौसम विभाग का कहना है कि बुधवार को भी लखनऊ में छिटपुट बूंदाबांदी की संभावना है। इसके बाद विक्षोभ कमजोर पड़ेगा और एक बार फिर तापमान में क्रमशः बढ़त दर्ज की जाएगी। मंगलवार को अधिकतम तापमान 1 डिग्री घटकर 28 डिग्री सेल्सियस पर आ गया, जबकि न्यूनतम तापमान 3.8 डिग्री गिरकर 20.2 डिग्री रिकार्ड हुआ। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार, नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 7 मई तक मौसम में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। बुधवार को भी हल्की बूंदाबांदी की संभावना है।

## पूर्व मंत्री आबिद रजा ने मेधावियों को किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** शेखूपुर विधानसभा क्षेत्र के यादव बाहुल्य इलाके ग्राम अहिरवारा में एपीएस इंटर कॉलेज में हाई स्कूल व इंटर बोर्ड परीक्षा में मेधावी छात्रों के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर सपा के स्टार प्रचारक व राष्ट्रीय सचिव पूर्व मंत्री आबिद रज़ा रहे। कॉलेज के प्रबंधक व शिक्षकों ने पूर्व मंत्री आबिद रज़ा का कॉलेज पहुंचने पर फूलमाला, हार डालकर व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया।

पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने 2026 में कॉलेज टॉप करने वाले प्रशांत यादव व 2025 में टॉप करने वाले छात्र विनीत यादव को पुरस्कार के तौर पर साईकिल भेंट की तथा 12 मेघावी छात्र अभिषेक यादव, आदेश यादव, अनुज यादव, आयुष यादव, सुरमित यादव, सुधीर यादव समेत छात्राओं को डिनर सैट, पंखा पुरस्कार के रूप में दिए।

पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने अपने संबोधन में कहा कि स्व0 मुलायम सिंह यादव शिक्षा व शिक्षक व छात्रों के लिए प्रेरणा स्रोत थे, क्योंकि वह भी एक शिक्षक थे। मैं भी शिक्षक परिवार से ताल्लुक रखता हूं। इंटर कॉलेज के प्रबंधक अजय पाल यादव व राजवीर यादव मुबारकबाद के हकदार हैं कि उन्होंने ऐसे क्षेत्र में व्यक्तिगत तौर पर इंटर कॉलेज बनाया। पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने कहा कि यह बहुत अफसोस की बात पूरे शेखूपुर विधानसभा क्षेत्र में कोई सरकारी डिग्री कॉलेज नहीं है। सन् 2027 में आपकी मेहनत व लगन से जब अखिलेश यादव प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे तब सबसे पहले शेखूपुर विधानसभा में सरकारी डिग्री कॉलेज बनाएंगे। शिक्षा व विकास के क्षेत्र में शेखूपुर विधानसभा बहुत पिछड़ा है। आपके वोट के साथ जनप्रतिनिधियों ने इंसाफ नहीं किया।

शेखूपुर क्षेत्र की जनता बहुत सीधी व सरल है। काम न करने के बाद भी लोग नेता चुनते रहे, इसीलिए नेताओं ने शेखूपुर की जनता की फिक्र नहीं की। पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने कहा कि काम करना मेरा शौक है। जब मैं बदायूं का चेयरमैन था तब मुझे बदायूं क्लब द्वारा काम की बुनियाद पर विकास पुरुष का खिताब दिया गया तथा जब मैं 2012 से 2017 तक विधायक व मंत्री बना तब मुझे बदायूं क्लब द्वारा "बदायूं रत्न" का खिताब मिला। पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने कहा कि हमने संघर्ष करना नेताजी से सीखा है।

आबिद रज़ा उसी संघर्ष की मिट्टी से बना है, जिस संघर्ष की मिट्टी से नेताजी, अखिलेश यादव, चाचा शिवपाल सिंह व आज़म खां साहब बने है, इसीलिए हम जनता के लिए विपक्ष में भी संघर्ष करते हैं। अन्त में आबिद रज़ा ने कहा कि आप सब लोगों को सन् 2027 के चुनाव की तैयारी अभी से करनी चाहिए,पीडीए का प्रचार करना चाहिए। हम भी गांव-गांव जाकर पीडीए का प्रचार कर रहे हैं ताकि अखिलेश यादव 2027 में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बन सके। प्रदेश की जनता वर्तमान सरकार से नाराज है, जनता भी बदलाव चाहती है।

# आठ लाख से बनेगी हरदोई ब्रांच नहर पुल तक 105 मीटर सड़क

## जिला पंचायत अध्यक्ष के पति ने सड़क के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ, लोगों में खुशी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** डूडा कालोनी को जाने वाली सड़क पर हरदोई ब्रांच नहर पुल के पास लंबे समय से खस्ताहाल सड़क के बहुरने का वक्त आ गया है। नहर की पूर्वी पक्की पटरी से डूडा की तरफ करीब 105 मीटर सड़क का नवीनीकरण जिला पंचायत निधि से करीब आठ लाख रुपये की लागत से कराया जाएगा। जिपं अध्यक्ष के पति ने निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। काफी समय से खस्ताहाल यह सड़क बनने से लोगों को आवगमन में सहूलियत मिलेगी।

पूरनपुर-मैगलगंज नेशनल हाइवे 730 ए पर स्थित गांव घुंघचाई में चौराहे से गांव डूडा कालोनी के लिए सड़क जाती है जो काफी दिन से जर्जर थी।



जिपं अध्यक्ष के पति ने नारियल तोड़कर सड़क के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

इससे लोगों को आवागमन में समस्या का सामना करना पड़ रहा था। गांव डूडा से आगे हरदोई ब्रांच नहर के पुल के पास सौ मीटर से अधिक सड़क का हिस्सा कच्चा है जिसपर ईंट रोड़े पड़े हैं। गड्ढों की भरमार है। ऐसे में क्षेत्रीय जनता को हिचकोले खाते हुए सफर करना पड़ रहा था। क्षेत्रीय लोगों की मांग पर लोक निर्माण विभाग ने घुंघचाई से डूडा गांव से आगे तक सड़क की मरम्मत करा दी लेकिन पुल के पास खस्ताहल सौ मीटर से अधिक हिस्सा छोड़ दिया। ऐसे में क्षेत्रीय लोगों के आवागमन की समस्या पूरी तरह से दूर नहीं हो सकी। उनकी इस समस्या को जिला पंचायत के अध्यक्ष ने गभीरता से लिया। अब इस कच्ची सड़क का निर्माण जिला पंचायत से करीब आठ लाख रुपये की लागत से कराया जाएगा। इसकी चौड़ाई तीन मीटर रहेगी। निर्माण कार्य होने की जानकारी पर लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। खस्ताहाल सड़क बनने से क्षेत्रीय लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

### हादसे का शिकार नहीं होंगे वाहन सवार

हरदोई ब्रांच नहर के डूडा पुल के पास कच्ची उबड़-खाबड़ सड़क से रात के वक्त अक्सर दुपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल होते रहते हैं। पुल की पूर्वी पक्की पटरी सड़क से नीचे एप्रोज भी नहीं है। ऐसे में ई रिक्शा चालकों को सवारियां उतारकर पुल पर चढ़ाई करनी पड़ती है। कभी-कभार ई रिक्शा पलट जाते हैं। इससे रिक्शे पर सवार लोग चोटिल हो जाते हैं। एप्रोज के साथ सड़क बनने से लोगों आने-जाने में हो रही दिक्कत से निजात मिलेगी।

हरदोई ब्रांच नहर के डूडा पुल के पास लंबे समय से कुछ हिस्से की सड़क खस्ताहाल है। क्षेत्रीय जनता की समस्या को देखते हुए इस सड़क का निर्माण जिला पंचायत निधि से कराया जाएगा। करीब 105 मीटर लंबाई की यह सड़क करीब आठ लाख रुपये की लागत से बनाई जाएगी। सड़क की चौड़ाई तीन मीटर रहेगी। **-गुरभाग सिंह, प्रतिनिधि जिला पंचायत अध्यक्ष**

## पूरनपुर प्रेस क्लब के संरक्षक के देहांत पर शोक सभा, जताया दुख

जागरण मोर्चा कार्यालय



**पूरनपुर।** पूरनपुर प्रेस क्लब के संरक्षक एवं पत्रकार इबादत नूर खान उर्फ लाला भैया कि अचानक हृदय गति रुक जाने से मौत हो गई जिससे मीडिया जगत में शोक की लहर दौड़ गई। जिसको लेकर पूरनपुर प्रेस क्लब में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करने के बाद दो मिनट का मौन रखा गया। क्लब के अध्यक्ष योगेश वर्मा ने कहा कि क्लब के लिए इबादत नूर खान की मृत्यु एक बहुत बड़ा नुकसान है वह बहुत ही मृदु भाषी और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे। सभी ने उनके परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की भी प्रार्थना की। यहां सोहेल अहमद, दिनेश कुमार, अमित सिंह, रियाज़ अहमद खान, राजेश कुशवाहा, इस्लामुद्दीन, हसन हैदर, जितेंद्र शर्मा सहित क्लब के कई सदस्य मौजूद रहे।




शिक्षामित्रों को 18 हजार रुपये बढ़े मानदेय के डेमो चेक देते हुए डीएम व विधायक।

## 1457 शिक्षामित्रों को तोहफा बढ़े मानदेय से हुआ सम्मान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** गांधी स्टेडियम स्थित प्रेक्षागृह में मंगलवार को शिक्षामित्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, विधायक स्वामी प्रवक्तानंद व बाबूराम पासवान समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर शिक्षामित्रों को 18 हजार रुपये बढ़े मानदेय के डेमो चेक प्रदान किए गए, साथ ही उनके खातों में ऑनलाइन भुगतान भी कर दिया गया। जिले के 1457 शिक्षामित्रों को अप्रैल माह का बढ़ा मानदेय मिला। जिलाधिकारी ने शिक्षामित्रों से नामांकन बढ़ाने और बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। समारोह में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

# बाबा साहेब की प्रतिमा लोकार्पित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** भाजपा विधायक वावूराम पासबान ने ग्राम पंचायत खासपुर, आसपुर, ग्राम पंचायत जमुनिया, ग्राम रानीगंज, ग्राम बांसखेड़ा, ग्राम न्यूरिया, ग्राम पंचायत मल्लपुर खजुरिया में पहुंचे। जहां उन्होंने चौपाल लगाकर लोगो की समस्याओं को सुना।

इसके बाद शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश किया। इसके बाद विधायक वावूराम पासबान ने ग्राम मल्लपुर में स्थित गौतम बुद्ध विहार में भारतीय बौद्ध महासभा के तत्वावधान में भारतीय संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर जी की प्रतिमा का मुख्य अतिथि के रुप में पहुंच कर अनावरण कर उनके वारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने




प्रतिमा का अनाबरण करते विधायक वावूराम। -जागरण मोर्चा

ने कहा कि जनता का भाजपा और मुख्यमंत्री के प्रति यह अटूट विश्वास ही हमारी असली ताकत है। हर समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पूर्व ग्राम प्रधान रामस्नेही वर्मा, उपाध्यक्ष गन्ना समिति प्रेमप्रकाश वर्मा, हर नारायण पासवान, ब्रह्मपाल यादव, पूर्व प्रधान चोखे लाल, डाल चंद, पूर्व प्रधान शंकर लाल राठौर, बाबा राघव दास, डॉ उमा शंकर, गेंदनलाल, मेवाराम, प्रेमपाल वर्मा, ग्राम प्रधान पति शिवकुमार, रामपाल पासवान, राम अवतार राजपूत, प्रदीप कश्यप, धर्मपाल सक्सेना, हरिराम गौतम, सूरज पाल गौतम, मुकेश कुमार, विपिन शर्मा सहित ग्राम के विभिन्न सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

## बस अड्डे पर कार बाइक की भिड़ंत, हादसा टला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** स्थानीय मुख्य अड्डे पर मंगलवार को एक कार और बाइक के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन गनीमत रही कि किसी को गंभीर चोट नहीं आई और एक बड़ा हादसा टल गया।घटना के समय बाइक सवार अड्डे से गुजर रहा था, तभी सामने से आ रही कार से उसकी सीधी टक्कर हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि व्यस्त अड्डा होने और यातायात व्यवस्था दुरुस्त न होने के कारण यहाँ अक्सर हादसे होते रहते हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया।

# गौशालाओं का होगा कायाकल्प जिलाधिकारी ने परखीं व्यवस्थाएं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की बैठक गांधी सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिले की सभी गौशालाओं के पर्यवेक्षण को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने लू और गर्मी से निराश्रित गौवंश की सुरक्षा के लिए स्वच्छ व ठंडे पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। 50 से कम क्षमता वाले गौ आश्रय स्थलों को बंद करने का प्रस्ताव खारिज करते हुए उनके विस्तार और पशुओं की संख्या बढ़ाने के




गौशालाओं के पर्यवेक्षण को लेकर निर्देश देते डीएम। -जागरण मोर्चा

- गर्मी और लू से गोवंश को बचाने के निर्देश
- 50 से कम क्षमता वाली गौशालाएं नहीं होंगी बंद

निर्देश दिए गए। उन्होंने भूसा दान एकत्र करने तथा हरे चारे की व्यवस्था के लिए स्थानीय किसानों से अनुबंध कर उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी व खंड विकास अधिकारी समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## बांसुरी व वुड ट्रेनिंगः 23 मई तक करें आवेदन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** 'एक जनपद एक उत्पाद' (ODOP) योजना के तहत जनपद में बांसुरी एवं वुड उत्पाद ट्रेड में 10 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 300 प्रशिक्षार्थियों का लक्ष्य रखा गया है। 18 वर्ष से अधिक आयु के इच्छुक अभ्यर्थी, जो जनपद के स्थायी निवासी हैं, 23 मई 2026 तक msme.up.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण के बाद प्रमाण-पत्र और उन्नत टूलकिट निःशुल्क दी जाएगी। साथ ही स्वरोजगार हेतु ऋण व अनुदान की सुविधा भी मिलेगी। अधिक जानकारी के लिए जिला उद्योग केंद्र में संपर्क किया जा सकता है।

# पूरनपुर में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** क्षेत्र में स्थित एक गैस एजेंसी पर घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी का आरोप लगाया गया है।जिससे लोगों में रोष देखा जा रहा है।

गैस सिलेंडर के लिए लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। क्षेत्र में गैस के लिए लोगो को जूझना पड रहा है। सुवह होते ही लोगों की लाइन लग जाती है। मंगलवार को उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया है कि एजेंसी द्वारा 947 रुपये वाला घरेलू गैस सिलेंडर निर्धारित दर से कहीं अधिक कीमत पर बेचे जा रहे हैं। आरोप है कि एक सिलेंडर के लिए उपभोक्ताओं से लगभग 1800 सौ रुपये तक वसूले जा रहे हैं। जिससे आम जनता में भारी रोष व्याप्त है। लोगों के अनुसार एजेंसी पर कई दिनों से अनियमितताओं की शिकायतें मिल रही है। आरोप है कि एजेंसी पर सिलेंडर का स्टाक है। और अधिक दामों में दिया जा रहा है। अब अधिक कीमत वसूले जाने के आरोप खुलकर सामने आए हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस की किल्लत का बहाना बनाकर अतिरिक्त पैसे लिए जा रहे हैं। सुवह तीन बजे से ही लोग गैस के लिए एजेंसी पर पहुंच रहे है। उसके वावजूद उनको गैस सिलेंडर नही मिल रहे है। जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। उपभोक्ताओं ने जांच कर कार्रवाई की मांग की है। इसको लेकर लोगों में नाराजगी देखी जा रही है।

## राज्य महिला आयोग की सदस्य करेंगी जनसुनवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पाण्डेय की अध्यक्षता में 7 मई को कलेक्ट्रेट स्थित गोमती सभागार में महिला जनसुनवाई आयोजित होगी। कार्यक्रम के अनुसार, सुबह 9:30 बजे पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पहुंचने के बाद वह 10:30 बजे से जनसुनवाई करेंगी, जिसमें महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों का निस्तारण किया जाएगा।दोपहर 12 बजे से वह बालिका छात्रावास, कस्तूरबा गांधी विद्यालय, जिला कारागार और महिला चिकित्सालय का निरीक्षण करेंगी। इस दौरान आयोग की सदस्य पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने और विभागीय स्तर पर महिलाओं की सुरक्षा व सुविधाओं की समीक्षा भी करेंगी।

## आठ ग्राम स्मैक के साथ महिला गिरफ्तार, पति फरार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** वाहन चेकिंग के दौरान हजारा पुलिस ने एक महिला को पकड लिया। जबकि पति फरार हो गया। उसके पास से स्मैक बरामद कर पुलिस ने महिला को जेल भेजा है।

हजारा थाना क्षेत्र में मंगलवार को राघवपुरी के पास पुलिस चेकिंग अभियान चला रही थी। चेकिंग अभियान के दौरान एक महिला अपने पति के साथ वाइक पर आ रही थी। पुलिस को देख कर वाइक सवार दंपति भागने लगे,इसी दौरान पुलिस टीम ने घेराबंदी कर महिला को दवोच लिया। जबकि पति मौका पाकर भाग निकला। महिला की तलाशी लेने पर उसके पास से आठ ग्राम स्मैक बरामद की गई। पूछताछ में पकडी गई महिला ने अपना नाम रिकी कौर बताया। जो लगातार स्मैक की बिक्री का धंधा करती थी। पूछताछ में पकडी गई महिला बताया कि वह अपने पति के साथ मिलकर नशे का कारोबार करती है। पुलिस ने आरोपी महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। फरार आरोपी की तलाश में पुलिस टीम दबिश दे रही है। पुलिस ने महिला को जेल भेजा है। पुलिस ने बताया कि पकडी गई महिला को जेल भेजा गया है। पति की तलाश की जा रही है। क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार पर रोक लगाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# अनाधिकृत और ओवरलोड बसों पर प्रशासन की सख्ती, 3 पर बड़ी कार्रवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** अनाधिकृत बस संचालन की शिकायतों पर परिवहन और पुलिस विभाग ने संयुक्त रूप से सघन चेकिंग अभियान चलाया। एआरटीओ वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में मार्ग से गुजर रही बसों की जांच के दौरान कई अनियमितताएं सामने आईं।

जयपुर से पीलीभीत आ रही दो बसों में निर्धारित क्षमता से अधिक सीटें लगी पाई गईं और ऑल इंडिया परमिट के बावजूद फुटकर सवारी ढोने का मामला सामने आया। नियमों के उल्लंघन पर एक बस को ललौरीखेड़ा पुलिस चौकी और दूसरी को असम चौराहा पुलिस चौकी में निरुद्ध कर दिया गया।




बसों की चेकिंग करते हुए एआरटीओ। -जागरण मोर्चा

इसके अलावा पीलीभीत से दिल्ली जा रही एक अन्य बस में भी क्षमता से अधिक सीटें पाई गईं, जिस पर चालान की कार्रवाई की गई। एआरटीओ ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और ऐसे वाहनों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। निरुद्ध बसों के यात्रियों को सुरक्षित रूप से अन्य वाहनों से गंतव्य तक भेजा गया।

**महोत्सव** भजन-कीर्तन और जयकारों से गूंजा अलीगंज का बालाजी धाम

# बालाजी धाम में उमड़ी श्रद्धा, ध्वज यात्रा और दिव्य दरबार आकर्षण का केंद्र

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** श्री बालाजी धाम अलीगंज में आयोजित चतुर्थ वार्षिकोत्सव का दूसरा दिन मंगलवार को भव्य और श्रद्धामय माहौल में संपन्न हुआ। हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी से धाम परिसर पूरे दिन भजन-कीर्तन और जयकारों से गूंजता रहा।

प्रातःकाल गौहनिया चौराहे स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर से महंत दीपक शर्मा के सान्निध्य में भव्य ध्वज यात्रा निकाली गई। श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए और जयघोष करते हुए धाम पहुंचे। मार्ग में पुष्प वर्षा और जलपान की व्यवस्था की गई, वहीं सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम रहे। धाम पहुंचने के बाद विशाल



बालाजी धाम पर श्रद्धालुओं की जुटी भीड़। -जागरण मोर्चा



ध्वज यात्रा निकालते श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

सीताराम रसोई में हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। दोपहर में प्रेतराज बाबा को 56 भोग अर्पित किए गए, जिसमें वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना संपन्न हुई। शाम को सजे भव्य दिव्य दरबार में भजन-कीर्तन और संकीर्तन ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। पूरे आयोजन में स्वयंसेवकों ने व्यवस्था संभाली और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराईं। इस तरह वार्षिकोत्सव का दूसरा दिन आस्था, भक्ति और सामाजिक समरसता का संदेश देकर संपन्न हुआ।

## अतिक्रमण पर चलेगा नगर पालिका का डंडा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** नगर की प्रमुख सड़कों पर रोजाना लगने वाले जाम से मुक्ति के लिए नगर पालिका प्रशासन सख्त हो गया है। पालिका की ओर से 7 मई (गुरुवार) से पूरे नगर में पुलिस बल के साथ सघन अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। स्टेशन रोड, सीमेंट रोड, कोतवाली रोड और आसाम हाईवे सहित प्रमुख चौराहों पर दुकानदारों द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण और सड़क पर खड़ी गाड़ियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।ईओ एजाज अहमद ने बताया कि अभियान के दौरान सड़क पर रखा सामान जब्त किया जाएगा और अतिक्रमणकारियों से जुर्माना वसूला जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की है कि अभियान शुरू होने से पहले स्वयं ही अपना अतिक्रमण हटा लें।

# धनाराघाट पैंटूल पुल मार्ग पर कीचड़ से फंस रहे वाहन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** धनाराघाट क्षेत्र में पैंटूल पुल मार्ग इन दिनों कीचड़ से पूरी तरह खराब हो गया है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

तीन दिन पहले मूसलाधार हुई बारिश हुई थी। जिसके चलते सड़क पर जलभराव और कीचड़ की स्थिति बन गई है। जिसके कारण कई वाहन बीच रास्ते में ही फंस जा रहे हैं। लोगों के अनुसार, यह मार्ग लंबे समय से जर्जर हालत में है,लेकिन बारिश के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। स्कूली बच्चों, मरीजों और दैनिक आवागमन करने वाले लोगों को खासा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार दोपहिया

### बारिश के चलते मार्ग पर कीचड़, आवागमन बाधित

और चारपहिया वाहन चालकों को अपने वाहन धक्का लगाकर निकालने पड़ रहे हैं। मंगलवार को मार्ग से गुजर रहे कई वाहन कीचड में फंस गए। जिनको वमुश्किल निकाला गया। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या की शिकायत कई बार संबंधित विभाग से की जा चुकी है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कराई जाए और जल निकासी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आवागमन सुचारू रूप से चल सके। आए दिन वाहन कीचड में फंस कर पलट रहे है।

# गंगा एक्सप्रेसवे पर बस और ट्रक की टक्कर, 26 घायल


## इस्लामनगर क्षेत्र में मंगलवार सुबह बड़ा हादसा, हादसे में घायल अधिकांश लोग लखनऊ व हरदोई के रहने वाले

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** पंजाब से हरदोई जा रही एक डबल डेकर बस मंगलवार सुबह इस्लामनगर थाना क्षेत्र में अनियंत्रित होकर गंगा एक्सप्रेस वे पर खराब खड़े ट्रक से जा टकराई। इस दर्दनाक हादसे में करीब 26 यात्री घायल हो गए, जिनमें कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की मदद से घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया।

जानकारी के अनुसार, यह हादसा मंगलवार सुबह करीब नौ बजे इस्लामनगर थाना क्षेत्र के गांव सिठोली के पास हुआ। तेज रफ्तार में आ रही डबल डेकर बस अचानक चालक के नियंत्रण से बाहर हो गई और सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। हादसे के समय बस में बड़ी संख्या में यात्री सवार थे, जिनमें अधिकांश लोग लखनऊ और हरदोई के निवासी बताए जा रहे हैं। टक्कर लगते ही कई यात्री सीटों से उछलकर घायल हो गए, जबकि कुछ बस के अंदर ही फंस गए। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए राहत कार्य शुरू किया और बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। घटना की सूचना मिलते ही इस्लामनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायलों को एंबुलेंस की मदद से नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। गंभीर रूप से घायल कुछ यात्रियों को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल और अन्य बड़े अस्पतालों में रेफर किया गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात को सुचारू कराया और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस की रफ्तार काफी तेज थी और चालक नियंत्रण नहीं रख सका, जिसके चलते यह हादसा हुआ। हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है और यह भी पता लगाया जा रहा है कि कहीं चालक को झपकी आने या तकनीकी खराबी की वजह से तो दुर्घटना नहीं हुई। हादसे के बाद बस में सवार यात्रियों और उनके परिजनों में दहशत का माहौल है। कई यात्री अपने गंतव्य तक पहुंचने से पहले ही हादसे का शिकार हो गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर अक्सर तेज रफ्तार और लापरवाही के चलते हादसे होते रहते हैं, लेकिन इसके बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं की जाती। पुलिस ने बताया कि सभी घायलों का इलाज कराया जा रहा है और किसी की मौत की सूचना नहीं है। मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। वहीं प्रशासन ने भी घटना का संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए हैं।


दुर्घटना के बाद बस। -जागरण मोर्चा


दुर्घटनाग्रस्त ट्रक। -जागरण मोर्चा


दुर्घटनाग्रस्त बस व मौजूद पुलिसकर्मी।

> हादसा खड़े वाहन से बस टकराने की वजह से हुआ है। ट्रक क्यों खड़ा किया गया था इसकी जांच की जा रही है। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।लगातार निगरानी की जा रही है। जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। -अंकिता शर्मा, एसएसपी बदायूं

### यह लोग हुए घायल

सहवान हरदोई, संजना लखनऊ, पवन, दानिश, रहमान, अवि, काव्या, श्यामा, मधु, अन्नू, भईया लाल, आकांक्षा, श्यामा कुमारी, आशीष कुमार, सुमित, कमलेश, कमला, नितिन, नितेश, रमेश,कमलेश, विमला रानी, राहुल, शिवानंद, सिमरन घायल हुए हैं।

### गंगा एक्सप्रेस वे पर कैसे खड़ा कर दिया ट्रक

गंगा एक्सप्रेस पेपर ट्रक खड़े करने की गलती ने बड़े हादसे को दावत दे दी। गनीमत रही कि किसी कि जान नहीं गई लेकिन दस से अधिक लोग गंभीर घायल हो गए जबकि 16 लोगों को हल्की चोट आई है।

### गंभीर घायलों को जिला अस्पताल किया रेफर

हादसे में गंभीर घायलों को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही बहजोई सीएमओ अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों का हाल जाना। पूरे मामले की थाना पुलिस जांच कर रही है।

## दावत में गए युवक पर ईंट से हमला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** क्षेत्र के गांव रामपुर ता.महाराजपुर में दावत के दौरान हुए विवाद में दो भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित कपिल के अनुसार, उसका भाई केशव गांव में ही एक युवक के घर दावत में शामिल होने गया था।

वहां बैंड बजने के दौरान मौजूद कुछ लोगों ने केशव के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी ।विरोध करने पर आरोपियों ने अभद्र व्यवहार करते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया और केशव पर ईंटों से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे भाई कपिल को भी दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। इस घटना से कार्यक्रम में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने बमुश्किल झगड़ा शांत कराया। घायलों ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी है। पुलिस ने दोनों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ शिक्षामित्र सम्मान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय लखनऊ के आदेशों के क्रम में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में शिक्षा मित्र सम्मान एवं बढ़े हुए मानदेय वितरण के अवसर पर मंगलवार को मुख्यमंत्री ने प्रेक्षागृह गोरखपुर से पूर्वाहन 11:00 बजे आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में देखा गया। कार्यक्रम में जनपद के शिक्षा मित्र मौजूद रहे।कार्यक्रम के बाद उन्हें बढ़े हुए मानदेय का चेक एवं प्रतीक चिन्ह देकर समानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ शहर विधायक महेश गुप्ता,बिल्सी विधायक हरीश शाक्य, एम एलसी बागीश पाठक के प्रतिनिधि शारदेन्दु पाठक, जिलाधिकारी अवनीश राय, मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला द्वारा दीप प्रज्ववलित कर किया गया। इसके बाद कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय, उसावॉ की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। अतिथियों के स्वागत में कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय, जगत की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि विधायक सदर महेश चन्द्र गुप्ता ने कहा कि उत्तर प्रदेश सराकर ने शिक्षामित्रों का मानदेय दस हजार से बढ़ाकर 18 हजार किया गया है। यह सम्मान समारोह प्रदेश में शिक्षा की नीव को मजबूत करने में शिक्षामित्रों की भूमिका को मान्यता देने के लिए आयोजित किया गया है। यह शिक्षामित्रों के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। विधायक बिल्सी हरीश शाक्य ने शिक्षामित्रों से आवाहन किया कि आप शिक्षक हैं अभिभावक जिस अटूट विश्वास के साथ अपने बच्चों को आपके पास भेजते है, उन बच्चों के भविष्य को संवारने और उन्हें एक आदर्श नागरिक बनाने की जिम्मेदारी आपके ऊपर है। जिलाधिकारी अवनीश राय ने कहा कि शिक्षामित्रों को बढ़ा हुआ मानदेय उनका मनोवल बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला ने कहा कि शिक्षामित्र बेसिक शिक्षा रीड़ है, वह अपने कर्त्वयों एवं दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वाहन करें, ताकि बच्चों का भविष्य उज्ज्वल हो सके। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वीरेन्द्र कुमार सिंह द्वारा सभी अतिथिगणों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक पी0सी0 श्रीवास्तव, जितेन्द्र सिंह, कृष्ण कुमार प्रजापति, कमलेश कुमार, रोहित कुमार व ज्योति सक्सैना जिला व्यायाम शिक्षिका आदि उपस्थित रहे।


शिक्षा मित्रों को चेक वितरण करते विधायक महेश गुप्ता व डीएम अवनीश राय व अन्य।

## 5 दिन पहले खरीदी बाइक खेत से चोरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं के बीच एक दुस्साहसिक वारदात सामने आई है। गांव सिमरिया ता.अजीतपुर बिल्हा निवासी सुखदेव ने पांच दिन पहले ही बड़े अरमानों से नई बाइक खरीदी थी, जिसे अज्ञात चोरों ने दिन-दहाड़े पार कर दिया।सोमवार को सुखदेव अपनी बाइक से नरायनपुर स्थित खेत पर गया था। उसने बाइक चकरोड पर खड़ी की और खेत के अंदर काम करने चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटा, तो बाइक गायब देख उसके होश उड़ गए। शोर मचने पर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का पता नहीं चला। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने पुलिस गश्त बढ़ाने की पुरजोर मांग की है।

# जनगणना को लेकर डीएम की कार्यशाला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में जनगणना के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के तहत स्व-गणना की प्रक्रिया की जानकारी प्रदान करने के लिए कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में बैठक व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने बताया कि जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 22 मई से 20 जून तक होगी। जिसके लिए प्रगणक घर-घर जाकर जनगणना के 33 प्रश्नों को पूछेंगे। जनगणना के शुरू होने से 15 दिन पूर्व यानि कि सात मई से 21 मई तक स्व गणना करने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। लोग स्वयं अपने मोबाईल, कंप्यूटर अथवा लैपटाप से घर बैठे जनगणना की पूरी जानकारी भर सकेंगे। स्व गणना देश में पहली बार हो रहा है जिससे प्रक्रिया अधिक आसान, तेज एवं पारदर्शी रहेगी। जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि स्व गणना करने वाले लोग ऑनलाइन पोर्टल http://se.census.gov.in पर जाकर अपने परिवार से जुडी समस्त जानकारी खुद भर सकेंगे। जनगणना हेतु पूछे जाने वाले सभी 33 प्रश्नों की सही जानकारी भरनी होगी। सुरक्षित करने पर 11 अंकों की एक स्व गणना पहचान संख्या एसईआईडी जारी होगी जिसे सुरक्षित नोट कर रख लेंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला, अपर जिलाधिकारी वित्त वैभव शर्मा, उप जिलाधिकारी, सहायक निदेशक सूचना आशुतोष चंदोला सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।


कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में बैठक करते डीएम व अन्य।

# 'मेहनत और लगन से मिलेगी मंजिल'

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** सैदपुर नगर पंचायत स्थित के के कॉन्वेंट स्कूल में मंगलवार को हाई स्कूल तथा इंटरमीडिएट पास मेधावी छात्र-छात्राओ के सम्मान समारोह में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।

मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह के मुख्य अतिथिसमाज सेवी अनवर अली खान ने कहा कि मेहनत लग्न और अनुशासन से पढने वाले छात्र हमेशा अपनी मंजिल को पाते हैं। सम्मान समारोह में विशिष्ट अतिथि वेदपाल सिंह कठेरिया ने कहा कि मेधावी छात्रा-छात्रओं को सम्मानित करने से उनके अंदर आगे बढ़ने का जज्वा मिलता है और हौसला बढ़ता है। अतिथि मोहम्मद सरवर भाई ने कहा कि प्रतिभाओ की कोई कमी नही है। जरूरत केवल उन्हें सही मंच और प्रोत्साहन देने की है। प्राचार्य दाउद अली खान ने मेधावी छात्र छात्राओ की सराहना करते कहा कि अनुशासित पढाई और दृढ संकल्प ही सफलता की कुंजी है। जीजीआईसी सैदपुर की प्राचार्य सानिया उबैस ने मेधावी छात्र छात्राओ के उज्जवल भविष्य की कामना कर शुभकामनाए दी। कार्यक्रम को जनाव अतर अली खान जनाव सय्यद अतिफ अली ने भी सम्बोधित कर मेधावी छात्र छात्राओ का उत्साह वर्धन कर उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन ज़ीशान सिद्दीकी ने किया। सम्मान समारोह के दौरान डॉ.एमआर खान, डॉ. मेराज हुसैन, मोहम्मद अफज़ल खान, जहीरुल हसन, दिलशाद खान, राहुल पाराशरी आदि रहे।


सम्मान समारोह में उपस्थित मेधावी छात्र-छात्राएं। -जागरण मोर्चा

## गाली गलौज के विरोध पर महिला को पीटा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** थाना क्षेत्र के गांव गदिहर में गाली-गलौज का विरोध करने पर एक महिला को लाठी-डंडों से पीटकर लहूलुहान कर दिया गया। पीड़िता नीलम के अनुसार, 25 अप्रैल की रात गांव के ही कुछ लोग उसे अपशब्द कह रहे थे। विरोध करने पर आरोपियों ने एक राय होकर हमला कर दिया, जिससे उसके चेहरे और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। शोर मचाने पर हमलावर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़िता को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने आरोपी विक्रम, रेश्मा देवी, शिव शंकर और रामगुनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# लेंस के नाम पर 2600 ठगे, मरीज ने खोई आँख

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जिला अस्पताल के नेत्र विभाग में मरीजों से अवैध वसूली का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि आंख के ऑपरेशन के दौरान लेंस लगाने के नाम पर मरीजों से रुपये वसूले जा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद मरीजों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल रहा। ताजा मामला अलापुर थाना क्षेत्र के गांव बसियानी निवासी राय सिंह का है, जिन्होंने पूरे प्रकरण की शिकायत जिलाधिकारी को लिखित रूप में देकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित राय सिंह के अनुसार, उन्हें आंखों में दिक्कत होने पर जिला अस्पताल के नेत्र विभाग में दिखाया गया था। डॉक्टर पियूष मोहन अग्रवाल ने जांच के बाद मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराने की सलाह दी। ऑपरेशन के दौरान उन्हें बताया गया कि बेहतर लेंस लगाने के लिए 2600 रुपये का खर्च आएगा। आरोप है कि अस्पताल स्टाफ द्वारा उनसे यह रकम ली गई, जबकि सरकारी अस्पतालों में कई सुविधाएं निःशुल्क या नाममात्र शुल्क पर उपलब्ध होती हैं। राय सिंह का कहना है कि रुपये देने के बावजूद ऑपरेशन के बाद उनकी आंखों की रोशनी में कोई खास सुधार नहीं हुआ। उन्होंने जब इस संबंध में अस्पताल कर्मियों से शिकायत की, तो उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने पूरे मामले की शिकायत जिलाधिकारी को पत्र लिखकर की है। शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया है कि अस्पताल में लेंस के नाम पर लगातार मरीजों से उगाही की जा रही है। स्थानीय लोगों का भी कहना है कि यह कोई पहला मामला नहीं है। कई मरीजों ने पहले भी नेत्र विभाग में पैसे लिए जाने की बात कही है, लेकिन शिकायत के बावजूद ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों का आरोप है कि अस्पताल में कुछ कर्मचारी और दलाल मिलकर यह खेल चला रहे हैं, जिससे गरीब मरीजों का शोषण हो रहा है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से अभी तक इस मामले में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, लेकिन जिलाधिकारी को शिकायत मिलने के बाद जांच की संभावना जताई जा रही है। यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो संबंधित कर्मचारियों और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो सकती है। गौरतलब है कि सरकार द्वारा जिला अस्पतालों में गरीब और जरूरतमंद मरीजों को बेहतर इलाज देने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। इसके बावजूद इस तरह के मामलों का सामने आना व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। मरीजों का कहना है कि यदि सरकारी अस्पतालों में भी इस तरह की उगाही होगी, तो गरीब आदमी इलाज के लिए कहां जाएगा।


जानकरी देते पीड़ित राय सिंह।

> इस तरह की शिकायत मेरे कार्यालय में नहीं आई है। अगर शिकायत आती है तो जांच कराई जाएगी। जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई कराई जाएगी। -अमित वार्ष्णेय, सीएमएस जिला अस्पताल

विजयोत्सव

**अनुज माहेश्वरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मनाया भव्य उत्सव, मिठाई खिलाकर दी बधाई**

# तीन राज्यों में भाजपा की ऐतिहासिक विजय पर मनाया जश्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत के उपलक्ष्य में भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनुज माहेश्वरी के कैम्प कार्यालय/आवास सहसवान पर भव्य विजय उत्सव का आयोजन किया गया। ढोल-नगाड़ों की गूंज, आतिशबाज़ी की चमक और मिठाइयों की मिठास के बीच कार्यकर्ताओं ने इस ऐतिहासिक पल को पूरे जोश और उल्लास के साथ मनाया।

कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं पर पुष्प वर्षा की गई, वहीं सभी ने पारंपरिक स्वाद 'झालमुड़ी' का आनंद लेते हुए जीत की खुशी साझा की। पूरे वातावरण में उत्साह, ऊर्जा और विजय का जज्बा स्पष्ट रूप से देखने को मिला। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अनुज माहेश्वरी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज भारत के लगभग 80 प्रतिशत भूभाग पर भाजपा की सरकारें "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" के मंत्र के साथ जनसेवा, सुरक्षा और गरीब कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। उन्होंने दृढ़ विश्वास जताया कि आगामी चुनावों में भाजपा उत्तर प्रदेश में जीत की हैट्रिक लगाकर एक नया इतिहास रचेगी। उन्होंने कहा कि बंगाल और असम में मिली इस प्रचंड जीत ने विपक्ष की नींव हिला दी है और विरोधियों में स्पष्ट रूप से घबराहट देखी जा रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि इस उत्साह को संकल्प और ऊर्जा में परिवर्तित कर आगामी चुनावी लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए पूरी ताकत से जुट जाएं। विजय उत्सव में भाजपा नगर अध्यक्ष पीयूष माहेश्वरी, पूर्व विधानसभा संयोजक अवधर शर्मा, नगर पालिका नामित सभासद मैदान लाल शाक्य, अनुसूचित मोर्चा जिला मंत्री बॉबी कोली एवं आकाश वाल्मीकि, नगर महामंत्री दीपक बॉस, देवेंद्र प्रजापति, उपाध्यक्ष जयंत शर्मा, हिमांशु माहेश्वरी, आदर्श सक्सेना, मसर्रत, राजेन्द्र कश्यप आदि रहे।


भाजपा की जीत पर जश्न मनाते भाजपा नेता व कार्यकर्ता।


एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाते भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

# ड्यूटी से नदारद, घर बैठे मिल रही पगार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को ठेंगा दिखाते हुए सैदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में उपस्थिति के नाम पर बड़ा खेल चल रहा है।यहां तैनात चार कर्मचारी महीनों से ड्यूटी से नदारद हैं, लेकिन रजिस्टर में उनकी हाजिरी नियमित दर्ज हो रही है। मिलीभगत और विभागीय लापरवाही के कारण सरकारी धन का सरेआम दुरुपयोग किया जा रहा है, जिससे स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

यह फर्जीवाड़ा चिकित्साधिकारी की नाक के नीचे लंबे समय से चल रहा है। आरोप है कि इन चार कर्मचारियों की उपस्थिति प्रतिदिन किसी एक ही व्यक्ति द्वारा दर्ज की जाती है। आश्चर्य की बात यह है कि संबंधित जिम्मेदार अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी मौन साधे हुए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में जहाँ मरीजों को पहले ही डॉक्टरों और स्टाफ की कमी से जूझना पड़ता है, वहीं इन कर्मचारियों की अनुपस्थिति ने सेवाओं को पूरी तरह पटरी से उतार दिया है। बिना काम किए वेतन लेना न केवल वित्तीय अनियमितता है, बल्कि उन मरीजों के साथ विश्वासघात भी है जो इलाज की उम्मीद में केंद्र तक आते हैं। मामला उच्चाधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद विभाग में खलबली मच गई है। विभाग ने आंतरिक जांच के आदेश दिए हैं। अधिकारियों का कहना है कि हाजिरी रजिस्टर के हस्ताक्षरों का मिलान किया जाएगा और यदि किसी एक कर्मचारी द्वारा दूसरों की हाजिरी लगाने की पुष्टि होती है, तो दोषियों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई के साथ-साथ वेतन रिकवरी की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी।

### जांच के घेरे में जिम्मेदार

सिर्फ कर्मचारी ही नहीं, बल्कि उनकी हाजिरी की पुष्टि करने वाले अधिकारी भी अब रडार पर हैं। उच्चाधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यदि पर्यवेक्षण में लापरवाही पाई गई, तो संबंधित प्रभारियों पर भी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी ताकि भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति न हो।

> इस तरह की कोई शिकायत नहीं मिली है। लगातार सीएचसी पर छापेमारी की जा रही है। अगर कर्मचारी नदारद मिलते है तो कार्रवाई की जाएगी। इस मामले की जांच कराई जाएगी, अगर दोषी पाए जाते है तो विभागीय कार्रवाई होगी। -डॉ .मोहन झा, सीएमओ

# आईपीएल में 'गर्लफ्रेंड कल्चर' से बीसीसीआई नाखुश

## कड़े नियम लाने पर कर रहा विचार



**मुंबई (एजेंसी)।** अब इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के दौरान मैदान से लेकर होटल के गलियारों तक एक बड़ी चर्चा शुरू हो गई है. रिपोर्टों के अनुसार, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) अब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में 'गर्लफ्रेंड कल्चर' पर नकेल कसने के लिए तैयारी कर रहा है। बीसीसीआई का रुख साफ है कि टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों के परिवार के सदस्य और पत्नियां कोई समस्या नहीं हैं, लेकिन गर्लफ्रेंड बड़ी समस्या बन गई है।

### गर्लफ्रेंड से प्रॉब्लम क्यों?

दरअसल आईपीएल 2026 के दौरान, हार्दिक पांड्या, ईशान किशन, अर्शदीप सिंह और यशस्वी जायसवाल जैसे कई स्टार खिलाड़ियों को अपनी गर्लफ्रेंड के साथ देखा गया है. एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई ने इस बात पर नाराजगी जताई है कि टीम के रहने की जगह पर भी खिलाड़ी अपनी गर्लफ्रेंड को अपने साथ रखते हैं। सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात यह है कि टीम बस को अक्सर इन गर्लफ्रेंड का इंतजार करना पड़ता है. हद तो तब हो जाती है जब ये खिलाड़ियों के साथ उनके होटल के कमरों में भी रुक रही हैं।

**बीसीसीआई की चिंता–** बोर्ड की चिंता केवल अनुशासन को लेकर ही नहीं, बल्कि गंभीर सुरक्षा कारणों को लेकर भी है. क्योंकि कई खिलाड़ियों की गर्लफ्रेंड सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं. बोर्ड को डर है कि उनके जरिए टीम की गोपनीय जानकारी लीक हो सकती है। इसके अलावा कुछ रिपोर्टों में ये भी दावा किया गया है कि इन गर्लफ्रेंड में से कुछ पहले सट्टेबाजी ऐप्स का प्रचार भी किया है. जो क्रिकेटरों की प्रतिष्ठा के लिए एक बड़ा खतरा है. जिसके कारण बोर्ड और आईपीएल दोनों की छवि धूमिल हो सकती है।

**आईपीएल 2027 से लागू हो सकते हैं नए नियम–** बीसीसीआई इस मामले पर अपनी अगली बैठक में चर्चा करने वाला है और कड़े दिशा–निर्देश भी जारी करने की तैयारी में है. जिसमें गर्लफ्रेंड को टीम बस में सफर करने या खिलाड़ियों के साथ होटलों में रुकने की इजाजत नहीं होगी. यह नियम नए नियम आईपीएल 2027 से लागू किए जा सकते हैं. बीसीसीआई का मानना ??है कि अगर अभी सख्त नियम नहीं बनाए गए, तो भविष्य में कोई बड़ा विवाद खड़ा हो सकता है।

### मैड्रिड ओपन 2026

## जैनिक सिनर का कमाल, लगातार पांचवां मास्टर्स खिताब जीतकर रचा इतिहास

**मैड्रिड (एजेंसी)।** दुनिया के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने मैड्रिड ओपन में पुरुषों का सिंगल्स खिताब अपने नाम कर लिया. उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6–1, 6–2 से मात दी. इस जीत के साथ, सिनर इतिहास के पहले ऐसे पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने लगातार पांच मास्टर्स खिताब जीते हैं. वह इस सीजन के पहले चार मास्टर्स इवेंट जीतने वाले भी पहले खिलाड़ी हैं।
मैड्रिड का यह खिताब सिनर का 9वां मास्टर्स 1000 खिताब है.



यह उस शानदार दौर की पराकाष्ठा है, जिसकी शुरुआत पिछले साल अक्टूबर में शंघाई में उनके रिटायर होने के बाद हुई थी. तब से, 24 वर्षीय इस खिलाड़ी ने पेरिस, इंडियन वेल्स, मियामी, मोंटे–कार्लो और अब मैड्रिड में खिताब जीते हैं. इस दौरान उन्होंने इन सभी टूर्नामेंट्स में मिलाकर सिर्फ कुछ ही सेट्स गंवाए हैं। इस इतालवी स्टार ने अब मास्टर्स इवेंट्स में लगातार 28 मैच जीते हैं, साथ ही इस स्तर पर खेले गए अपने पिछले 58 सेटों में से 56 सेट भी जीते हैं. सिनर ने अपने पिछले 47 मैचों में से 45 मैच भी जीते हैं, जो उनकी जबरदस्त निरंतरता को दिखाता है। सिनर ने नौ में से आठ मास्टर्स 1000 खिताब पहले ही जीत लिए हैं, और अब तक सिर्फ़ रोम में होने वाला इटैलियन ओपन ही उनकी पहुंच से बाहर रहा है. अब इस 24 वर्षीय खिलाड़ी के पास 2026 में होने वाले टूर्नामेंट के दौरान अपनी घरेलू जमीन पर 'करियर गोल्डन मास्टर्स' पूरा करने का मौका है. यह टूर्नामेंट अगले हफ्ते शुरू हो रहा है. उनका लक्ष्य नोवाक जोकोविच के साथ उस खास क्लब में शामिल होना है, जिसमें सिर्फ वही खिलाड़ी शामिल हैं जिन्होंने 'करियर गोल्डन मास्टर्स' का खिताब हासिल किया है।



# सुनील नरेन की डबल सेंचुरी!

## आईपीएल इतिहास में ऐसा करने वाले बने पहले विदेशी खिलाड़ी

**मुंबई (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज के मिस्ट्री स्पिनर सुनील नरेन को आईपीएल के सबसे सफल गेंदबाजों में से एक माना जाता है. उन्होंने इस टूर्नामेंट में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है. वो आईपीएल में 200 विकेट पूरे करने वाले तीसरे जबकि पहले विदेशी खिलाड़ी बन गए हैं. इसके अलावा किसी एक फ्रेंचाइजी के लिए ये कारनामा करने वाले भी पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

सुनील नरेन ने ये उपलब्धि आईपीएल 2026 के 45वें मैच सनराइजर्स हैदराबाद बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स में हासिल की. नरेन ने मैच में 4 ओवर गेंदबाजी की और 31 रन देकर 2 विकेट लिए।

अब नरेन के नाम 197 आईपीएल मैचों में 201 विकेट हैं. वह आईपीएल में 200 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बन गए हैं. उनसे आगे युजवेंद्र चहल और भुवनेश्वर कुमार हैं. लेकिन एक विदेशी खिलाड़ी के तौर पर 200 विकेट लेने वाले वह पहले गेंदबाज हैं।

सबसे अहम बात यह है कि नरेन ने अपने सभी 201 विकेट कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए ही लिए हैं. वह 2012 से लगातार चयक्र का हिस्सा रहे हैं. आईपीएल के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि किसी खिलाड़ी ने एक ही टीम के लिए 200 विकेट पूरे किए हों। वह पिछले 14 सालों से केकेआर के लिए मैचों में अहम भूमिका निभाते आ रहे हैं और अब इस उपलब्धि ने उनके करियर को और भी यादगार बना दिया है. यह उपलब्धि न सिर्फ सुनील नरेन के लिए, बल्कि पूरी चयक्रफ्रेंचाइजी के लिए भी गर्व का पल है।



### आईपीएल में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज

| | |
|---|---|
| युजवेंद्र चहल | 228 विकेट |
| भुवनेश्वर कुमार | 215 विकेट |
| सुनील नरेन | 201 विकेट |
| पीयूष चावला | 192 विकेट |
| आर अश्विन | 187 विकेट |

### सुनील नरेन का आईपीएल करियर

सुनील नरेन ने 2012 में आईपीएल में डेब्यू किया था. आईपीएल के इस महान स्पिनर ने अब तक 197 मैचों में 25.53 की औसत से 201 विकेट लिए हैं. गेंदबाजी के साथ-साथ, नरेन ने अपनी बल्लेबाजी से भी चयक्रको कई मैच जिताए हैं. बाएं हाथ से आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए, नरेन ने 165.30 के स्ट्राइक रेट से 1820 रन बनाए हैं।

**केकेआर ने एसआरएच को हराया–** मैच की बात करें तो कोलकाता ने हैदराबाद को 7 विकेट से मात दे दी है. 166 रनों के लक्ष्य को केकेआर ने रहाणे के 47 और रघुवंशी के 59 रनों की बदौलत 3 विकेट खोकर 18.2 ओवर में हासिल कर लिया।

### हार के बाद बोले श्रेयस अय्यर -

# 'फिर भी हम पॉइंट्स टेबल में टॉप पर हैं'

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** पंजाब किंग्स को रविवार 3 मई को गुजरात टाइटंस के हाथों रोमांचक मुकाबले में चार विकेट से हार का सामना करना पड़ा. 164 रन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए गुजरात टाइटंस को 19.5 ओवर तक बल्लेबाजी करनी पड़ी. इस दौरान उन्होंने अपने 6 विकेट भी खो दिए। मैच के बाद पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने माना कि उनकी टीम ने पूरी हिम्मत से मुकाबला किया, लेकिन प्लान पर अमल करने में वे पीछे रह गए. हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि लगातार दो हार के बाद भी पॉइंट्स टेबल में टॉप पर बने रहना एक सकारात्मक पहलू है। अय्यर ने अपनी टीम की जुझारू भावना की तारीफ की और पिच की मुश्किल प्रकृति तथा शुरुआती झटकों से उबरने के लिए किए गए प्रयासों को सराहा।

163/9 के स्कोर पर बात करते हुए अय्यर ने कहा, मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि यह एक ऐसी पिच पर बहुत अच्छा स्कोर था, जहां शुरुआत में गेंद थोड़ा हरकत कर रही थी, खासकर नई गेंद। उन्होंने गुजरात के गेंदबाजों को परिस्थितियों का प्रभावी ढंग से फायदा उठाने का श्रेय दिया



और कहा, उनके गेंदबाजों ने पिच का बेहतरीन इस्तेमाल किया - जिस तरह से वे सही लेंथ और डेक पर गेंद डाल रहे थे. गेंद सीधे स्टंप्स की ओर आ रही थी और हमें खुलकर खेलने या रन बनाने के ज्यादा मौके नहीं मिल रहे थे।

**जबरदस्त वापसी की–** एक समय पावरप्ले में पंजाब का स्कोर 35/3 हो गया था और वे और फिसलकर 47/5 पर पहुंच गए थे, लेकिन सूर्यांश शेडगे और मार्कस स्टोइनिस के बीच जवाबी हमला करने वाली साझेदारी ने पारी को फिर से पटरी पर ला दिया। अय्यर ने उस वापसी के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, मुझे लगता है कि हमने पावरप्ले में ही चार विकेट गंवा दिए थे. वहां से 160 के स्कोर तक पहुंचना एक जबरदस्त प्रयास था। हार के बावजूद, अय्यर टीम की दृढ़ता से उत्साहित दिखे और उन्होंने कहा, लेकिन जिस तरह से हमने आखिर तक संघर्ष किया, उसके लिए टीम की कोशिशों की जितनी तारीफ की जाए कम है।

**हम अभी भी टॉप पर हैं–** आगे की सोचते हुए, अय्यर ने उम्मीद भरी बात कही और टीम की अच्छी बातों और टूर्नामेंट में टीम की स्थिति पर जोर दिया. उन्होंने कहा, हम अभी भी पॉइंट्स टेबल में सबसे ऊपर हैं, और यही सबसे जरूरी बात है।

## पंजाब की लगातार दूसरी हार, गुजरात ने रोमांचक मुकाबले में 4 विकेट से हराया

गुजरात टाइटंस ने एक तनावपूर्ण मुकाबले के आखिरी पलों में अपना संयम बनाए रखते हुए पंजाब किंग्स पर चार विकेट से जीत दर्ज की. रविवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए आईपीएल 2026 के एक रोमांचक मैच में, जीटी ने 164 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, सिर्फ एक गेंद शेष रहते हुए जीत हासिल की।
लक्ष्य का पीछा करने का यह सफर पूरे मैच के दौरान उतार–चढ़ाव भरा रहा, लेकिन वॉशिंगटन सुंदर की 23 गेंदों पर खेली गई नाबाद 40 रनों की पारी ने मैच का फैसला नाटकीय अंदाज में जीटी के पक्ष में कर दिया। आखिरी ओवर में जब जीत के लिए 11 रनों की जरूरत थी, तब सुंदर ने अपना संयम बनाए रखा और मार्कस स्टोइनिस की गेंद पर डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग के ऊपर से एक सोची–समझी 'स्कूप' शॉट खेलकर छक्का जड़ा. इस शॉट के साथ ही उन्होंने एक तनावपूर्ण, लेकिन पूरी तरह से नियंत्रित लक्ष्य–प्राप्ति के सफर को जीत के साथ समाप्त किया। गुजरात की पारी की शुरुआत काफी तेज गति से हुई, भले ही कप्तान शुभमन गिल अर्शदीप सिंह की गेंद पर जल्दी ही आउट हो गए थे. इसके बाद साई सुदर्शन ने 41 गेंदों पर संयमित 57 रनों की पारी खेलते हुए पारी को संभाला. उन्होंने जोस बटलर (जिन्होंने 26 रनों का योगदान दिया) के साथ मिलकर 50 रनों की एक महत्वपूर्ण साझेदारी की. इस जोड़ी ने यह सुनिश्चित किया कि पावरप्ले और उसके बाद के मध्य ओवरों में भी टाइटंस जीत की राह पर बने रहें। हालांकि, पंजाब किंग्स ने विजयकुमार वैशाख और मार्कस स्टोइनिस के जरिए मैच में वापसी की और नियमित अंतराल पर महत्वपूर्ण विकेट चटकाए. बटलर के आउट होते ही लक्ष्य की पारी में अचानक थोड़ी लड़खड़ा गई, और जब सुदर्शन भी अपना अर्धशतक पूरा करने के कुछ ही देर बाद आउट हो गए, तो जीत का सारा दबाव पूरी तरह से टाइटंस पर आ गया. 16 ओवरों के बाद 128/4 के स्कोर पर, जीत के लिए जरूरी रन बनाना अभी भी संभव था, लेकिन स्थिति बिल्कुल भी आसान या आरामदायक नहीं थी।

## अनुष्का बनीं इंडिया-ए महिला टी--20 टीम की कप्तान, इंग्लैंड-ए के खिलाफ 3 मैच खेलेंगी

**ग्वालियर (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर की उभरती क्रिकेट प्रतिभा अनुष्का शर्मा को भारतीय महिला क्रिकेट में बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंग्लैंड दौरे के लिए भारत-ए महिला टीम की टी-20 कप्तानी उन्हें दी है। अनुष्का शर्मा की कप्तानी में भारत-ए महिला टीम इंग्लैंड-ए के खिलाफ तीन टी-20 मैच खेलेगी। मुकाबले नॉर्थम्पटन और चेल्सफोर्ड में होंगे। उनके आक्रामक खेल और लगातार शानदार प्रदर्शन को देखते हुए चयनकर्ताओं ने उन पर भरोसा जताया है।



## मजबूत मांग से बैंक लोन में 15.9 फीसदी का उछाल

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत के बैंक ऋण वृद्धि ने मजबूत गति बनाए रखी है। गैर-खाद्य ऋण में पिछले वर्ष के 10.9% की तुलना में 15.9% की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, यह उछाल अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में मजबूत मांग को दशार्ता है। मार्च 2026 तक कुल बकाया ऋण 212.9 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 29.2 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि है।

इस प्रभावशाली वृद्धि के पीछे कम ब्याज दर वाला वातावरण और सरकार द्वारा पूंजीगत व्यय को बढ़ावा देना प्रमुख कारण रहे। संरचनात्मक सुधारों के साथ मिलकर, इन पहलों ने निजी निवेश को आकर्षित करने और कॉरपोरेट व व्यक्तिगत उधारकताओं के बीच ऋण की स्वीकार्यता में सुधार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान ऋण का विस्तार व्यापक रहा, जिसमें सेवा क्षेत्र सबसे आगे रहा। इसके बाद व्यक्तिगत ऋण, कृषि और संबद्ध गतिविधियां, और उद्योग क्षेत्र का स्थान रहा।

कृषि और संबद्ध क्षेत्रः इस क्षेत्र में ऋण वृद्धि 15.7% रही, जो पिछले वित्तीय वर्ष के 10.4% से काफी अधिक है। यह वृद्धि ग्रामीण मांग में निरंतरता और कृषि क्षेत्र में ऋण वितरण के औपचारिकरण में सुधार को दशार्ती है।

औद्योगिक ऋणः औद्योगिक ऋण में भी तेज उछाल देखा गया, जो पिछले वर्ष के 8.2% की तुलना में 15% की दर से बढ़ा। सूक्ष्म और लघु उद्योगों ने 33.1% की मजबूत वृद्धि दर्ज की, जबकि मध्यम उद्योगों में 21.7% की वृद्धि देखी गई। अवसंरचना, आधार धातु, रसायन और पेट्रोलियम-संबंधित उद्योगों ने औद्योगिक ऋण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।




राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
विज्ञापन दर
रू. 500/*- Size 40 Sqcm (Colour)
* नियम एवं शर्तें लागू
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें
7579849555, 9627739857, 9997745413

## पश्चिम एशिया के तनाव से चांदी 2.51 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के पार; सोने पर दबाव जारी

**एजेंसी समाचार**

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक बाजारों के मजबूत रुख के बीच मंगलवार को कमोडिटी बाजार में बड़ा उतार-चढ़ाव देखने को मिला। एक ओर जहां चांदी की कीमतों में भारी उछाल आया है, वहीं सुरक्षित निवेश के बदलते रुझानों के कारण सोने की कीमतों पर दबाव बना हुआ है। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच निवेशकों का ध्यान अब अमेरिकी डॉलर और बॉन्ड यील्ड की तरफ मुड़ गया है।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मंगलवार को चांदी की कीमत 1,500 रुपये उछलकर 2.51 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 2,49,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। दूसरी ओर, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 300 रुपये गिरकर 1,52,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया (सभी करों सहित)। अंतरराष्ट्रीय बाजार की बात करें तो, हाजिर चांदी 1.08 प्रतिशत की बढ़त के साथ 73.51 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई, जबकि हाजिर सोना मामूली बढ़त के साथ 4,549.57 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। सोने की कीमतों में गिरावट के पीछे मुख्य रूप से व्यापक आर्थिक दृष्टिकोण और मध्य पूर्व का तनाव है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटी) सौमिल गांधी के अनुसार, होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास की नाजुक सुरक्षा स्थिति और मिसाइल हमलों की खबरों ने ऊर्जा-आधारित मुद्रास्फीति की चिंताओं को बढ़ा दिया है। इसके कारण केंद्रीय बैंकों द्वारा लंबे समय तक सख्त मौद्रिक नीति अपनाए जाने की आशंका प्रबल हुई है।

जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/ 4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र० ) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र० ) से प्रकाशित । सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।

CMYK